WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2|देश विदेश 4|अभिव्यक्ति 10|छत्तीसगढ़ 11|कारोबार

बिलासपुर, शनिवार, 25 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 283 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण: मौत के बाद दफन के लिए जद्दोजहद, कई मामले हैं लटके

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के आदिवासी क्षेत्रों में इन दिनों धर्मांतरण का मुद्दा काफी सुर्खियों में चल रहा है। इस मामले को लेकर कई मामले कोर्ट में चल रहे है। तो कइयों ऐसे भी मामले हैं, जहां धर्मांतरित लोग अपनों के शवों को दफनाने के लिये अपने ही जमीन के गज का उपयोग नहीं कर पा रहे है। ऐसा ही एक मामला फिर से सुर्खियों में देखने को मिला है। जहां लोहंडीगुड़ा के दाबपाल में रहने वाली एक महिला की मौत के बाद वहां के निवासरत आदिवासी समाज के द्वारा धर्मांतरित महिला के शव को दफनाने नहीं दे रहे थे। जिसके बाद गांव और परिवार के लोगों ने महिला के शव को बेलर गांव के जमीन में दफना दिया। जहां इस बात से नाराज आदिवासी समाज और धर्मांतरित लोगों में विवाद के बाद झूमाझटकी भी हुई। लेकिन पुलिस ने पूरे मामले में दोनों पक्षों को शांत भी कराया। लेकिन स्थिति तनावपूर्ण देखी गई।

बताया जा रहा है कि लोहंडीगुड़ा से सटे दाबपाल में रहने वाले एक परिवार ने अपने मूल धर्म को छोड़कर विशेष समुदाय में प्रवेश ले लिया था, जिसके बाद अचानक उसी परिवार की एक महिला की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने पहले महिला के शव को दाबपाल में ही दफनाने की बात कही। लेकिन बाद में अचानक से 100 से अधिक विशेष समुदाय के लोगों ने महिला के शव को दाबपाल की जगह बेलर गांव ले आये।

एक गज जमीन को लेकर चल रहा है विवाद

लंबे समय से अपने मूल धर्म को छोड़कर विशेष समुदाय में शामिल होने के बाद जब इनकी मौत हो जाती है, तो इन विशेष समुदाय के लोगों को अपनी ही जमीन में दफनाने के लिए लगने वाले एक गज की जमीन तक उन्हें नसीब नही हो पाती है, ऐसे में आदिवासी समाज का कहना है कि अपने मूल धर्म को छोकर दूसरे समुदाय में जाने के कारण वापस अपने समुदाय में आकर अपने रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करने की बात कही जाती है।

दोनों पक्षों में विवाद

मामले की जानकारी लगते ही आदिवासी समाज के लोग भी मौके पर पहुंच गए। साथ ही पुलिस को भी सूचना दे दिया गया। जहां दोनों पक्षों में मामले को लेकर विवाद हुआ। साथ ही झूमाझटकी भी हुआ। एक ओर जहां विवाद बढ़ रहा था। वहीं दूसरी ओर विशेष समुदाय के लोगों ने मृत महिला के शव को दफना दिए। मौके पर पहुंचे पुलिस और तहसीलदार ने घंटों की मशक्कत के बाद भीड़ को शांत कराया गया। 15 दिन से एक शव है मेकाज के पीएम घर में

बताया जा रहा है कि दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदबहर में रहने वाले एक विशेष समुदाय के एक व्यक्ति की मौत हो गई। गांव वालों के विरोध के चलते शव को मेकाज के पीएम घर मे सुरक्षित रखा गया है। जहां 15 दिन गुजरने के बाद भी शव को दफनाने को लेकर किसी भी तरह से हाईकोर्ट से अनुमति नहीं मिलने के कारण शव अभी भी मेकाज के पीएम घर में रखा हुआ है।

ऐसा ही एक मामला कुछ माह पहले देखने को मिला था, जहाँ मेकाज में पिता की मौत होने के कारण वह अपने गाँव मे दफनाना चाहता था, लेकिन गाँव वालों के विरोध के चलते शव को 2 दिनों तक मेकाज में ही रखा गया था, जिसके बाद मृतक के बेटे ने मामले को लेकर बिलासपुर के हाई कोर्ट में अर्जी दी, जहां रातों रात हाई कोर्ट ने मृतक के बेटे के पक्ष में फैसला देते हुए शव को उसकी ही जमीन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

दिल्ली विधानसभा के चुनावी दंगल में ताल ठोक रही आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच मजेदार अंताक्षरी चल रही है। इससे दिल्ली के बाशिंदों का बढिया करमुक्त मनोरंजन हो रहा है। आप, दोनों ही दलों को ललकारते हुए गा रहे हैं - आ देखे जरा किसमें कितना हैं दम...। वहीं कांग्रेसी गा रहे हैं-वो झूठा है वोट न उसको देना, नोट भी दे तो भी वोट न उसको देना...। वहीं भाजपाई गुनगुना रहे हैं- सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलो से कि खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से, झूठा है तेरा वादा, वादा तेरा वादा...।

सभी विभागीय परीक्षाएं स्थगित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित की जाने वाली विभागीय परीक्षा नगरपालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन 2025 के कारणवश स्थगित की गई है। परीक्षा का आयोजन सोमवार 27 जनवरी, 2025 से सोमवार 03 फरवरी 2025 तक आयोजित होना था। विभागीय परीक्षा का आयोजन नगरपालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन 2025 के समाप्त होने के पश्चात् किया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सत्र की बैठक 24 फरवरी से शुरू होगी और 21 मार्च तक चलेगी। इस दौरान सदन की 17 बैठक होगी।

कलेक्टर ने श्री सीमेंट को भेजा नोटिस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के खपराडीह स्कूल में बच्चों की तबीयत बिगडऩे के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए श्री सीमेंट प्लांट के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर दीपक सोनी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कंपनी प्रबंधन को नोटिस जारी किया है और तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए हैं। बता दें, हाल ही में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के खपराडीह स्कूल में अचानक कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। इस मामले में श्री सिमेंट प्लांट पर आरोप लगे कि प्लांट के स्नक्र से निकलने वाली बदबूदार गैस की वजह से बच्चों की तबीयत बिगड़ी। घटना के दिन कलेक्टर-एसपी तत्काल अस्पताल में बच्चों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने घटना के बाद तत्काल जांच टीम बनाकर जांच करवाई, जिसमें सीमेंट कंपनी की लापरवाही सामने आई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए श्री सीमेंट को नोटिस जारी कर दिया है।

केंद्र सरकार बालिकाओं के साथ भेदभाव समाप्त करने दृढ़ प्रतिज्ञ : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत को सभी क्षेत्रों में बालिकाओं की उपलब्धियों पर गर्व है। उनके कारनामे हम सभी को प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य देखभाल आदि क्षेत्रों पर

वक्फ संशोधन बिल पर हंगामा

10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए जेपीसी समिति की सदस्यता से निलंबित

नई दिल्ली (ए.)। वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी।

सभी 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए निलंबित

बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।

मीरवाइज को बुलाने से पहले चर्चा में हंगामा

मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की और इसी दौरान विपक्षी नेताओं के साथ बैठक में हंगामा हो गया। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने पर जोर दे रही है। बैठक के दौरान तीखी बहस के कारण कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। मीरवाइज के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल समिति की बैठक फिर से शुरू होने के बाद उसके सामने पेश हुआ।

बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल: बनर्जी

कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल चल रहा है। सभापति इस बैठक को आगे बढ़ा रहे हैं और वह किसी की नहीं सुन रहे हैं। हमें बताया गया था कि 24 और 25 जनवरी को बैठक होगी। अब आज की बैठक के लिए एजेंडे को खंड दर खंड चर्चा से बदल दिया गया है।

निशिकांत दुबे ने ओवैसी को घेरा

निशिकांत दुबे ने कहा कि विपक्ष के लोगों खासकर ओवैसी साहब की सोच है कि हमने जम्मू-कश्मीर का पूरा प्रतिनिधित्व नहीं सुना और मीरवाइज उमर फारूक को बुलाया। उन्हें सुनने के लिए ही जेपीसी अध्यक्ष ने बैठक स्थगित कर दी और खंडवार चर्चा की। आज विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया है। उन्होने मीरवाइज के सामने हंगामा किया और बदसलूकी की। यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है।

निशिकांत दुबे ने पेश किया निलंबन प्रस्ताव

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इसे समिति ने स्वीकार कर लिया। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था, क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे।

आरोप-प्रत्यारोप का दौर

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन बैठक से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि समिति की कार्यवाही तमाशा बन गई है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों पर खंडवार विचार करने के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक के लिए टाल दिया जाए। निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि उनका आचरण संसदीय परंपरा के खिलाफ है और वे बहुमत की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। समिति के समक्ष पेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासपुर के अभिनंदन सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

नियुक्त किए गए राज्य स्तरीय दिशा समिति के सदस्य

रायपुर /नवप्रदेश। भारत सरकार ने राज्य विकास समन्वय व निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा समिति) में बिलासपुर निवासी अभिनंदन सिंह को सदस्य नियुक्त किया है। इस समिति के अध्यक्ष राज्य के मुख्यमंत्री होते हैं। राज्य स्तरीय दिशा समिति के पास केंद्र की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के समन्वय और निगरानी का अधिकार होता है. इस उच्च स्तरीय समिति के राज्य के मुख्यमंत्री अध्यक्ष तो चीफ सेक्रेटरी मेंबर सेक्रेटरी होते हैं। इनके साथ समिति में पक्ष-विपक्ष के चुने हुए सांसद, विधायक और सचिव स्तर के चयनित अधिकारी सदस्य होते हैं।

विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत खर्च की जाने वाली सार्वजनिक निधियों के अधिकतम उपयोग के संदर्भ में व्यय की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने राज्य स्तरीय दिशा समितियों की परिकल्पना की है, जो केंद्र और राज्य के बीच में समन्वय और निगरानी करके योजनाओं का सुचारू रूप से पालन कर सकें। अभिनन्दन सिंह के पिता एसडी सिंह रिटायर्ड कर्मचारी और माता सीके सिंह रिटायर्ड प्रधान पाठिका हैं, और दो बहनें बंगलौर में मल्टीनेशनल कंपनीज में कार्यरत हैं।

देवेन्द्र यादव के मामले में सुको का सरकार को नोटिस

रायपुर /नवप्रदेश। बलौदाबाजार प्रकरण में विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसी बलौदा बाजार मामले में नारायण मिरी नामक आरोपी को शीर्ष अदालत ने जमानत दे दी है।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार प्रकरण में केंद्रीय जेल में निरुद्ध भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की ओर से जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए है। विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

एक आरोपी को सुको से जमानत

बलौदाबाजार प्रकरण में ही जेल में बंद आरोपी नारायण मिरी को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। नारायण मिरी और विधायक देवेंद्र यादव दोनों के ही जमानत आवेदन पर सुनवाई जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस विनोद के चंद्रन की पीठ ने की है।

बलौदाबाजार कांड

बलौदाबाजार में सतनामी समाज सम्मेलन के दौरान शामिल हुए लोग बलवाइयों में तब्दील हो गए। इस भीड़ ने सरकारी अमले पर जानलेवा हमला किया और संपत्ति को जलाया था।इस मामले में सैकड़ों को गिरफ्तार किया गया है जबकि कुछ अब भी फरार बताए गए हैं। जो गिरफ्तार हुए हैं उनमें से नारायण मिरी पहले आरोपी हैं, जिन्हें जमानत मिली है।

5 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे मोदी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी लगाएंगे डुबकी

लखनऊ (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाली 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे। उनका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसी दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी भी स्नान करेंगे।

बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर महाकुंभ में अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। कहा कि महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान से पहले सरकार सभी तैयारी पूरी करे। तीन फरवरी के बाद कांग्रेस नेता महाकुंभ में डुबकी लगाने जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि महाकुंभ में आग लगने के बाद सांसद उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मौके पर गया था। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों को बदइंतजामी का सामना करना पड़ रहा है।

क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर ट्रंप का कार्यकारी आदेश

सीबीडीसी के निर्माण और इसे जारी करने पर प्रतिबंध

नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही एक बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। एआई से जुड़े स्टारगेट पर 500 अरब डॉलर खर्च करने के फैसले के बाद अब ट्रंप ने अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर भी बड़ा आदेश दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े एक कार्यकारी आदेश (ईओ) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका शीर्षक है डिजिटल वित्तीय प्रौद्योगिकी में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करना ।

ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में एक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के निर्माण और इसे जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया। इस कार्यकारी आदेश में सीबीडीसी को 'डिजिटल धन या मौद्रिक मूल्य का एक ऐसा रूप बताया गया है, जो केंद्रीय बैंक के लिए प्रत्यक्ष रूप से एक देनदारी है। कानून की ओर से अपेक्षित सीमा को छोड़कर, एजेंसियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्रिप्टोकरेंसी का भंडार बनाने बनेगा समूह

नए कार्यकारी आदेश के अनुसार, डिजिटल परिसंपत्तियों (स्टेबलकॉइन सहित) को नियंत्रित करने वाला संघीय नियामक ढांचा बनाने के लिए एक समूह का गठन होगा। यह समूह राष्ट्रीय डिजिटल परिसंपत्ति भंडार के निर्माण की संभावनाओं पर विचार करेगा। आदेश में कहा गया है, 'कार्य समूह की रिपोर्ट में बाजार संरचना, निरीक्षण, उपभोक्ता संरक्षण और जोखिम प्रबंधन पर विचार किया जाएगा। यह समूह डिजिटल परिसंपत्ति भंडार के संभावित निर्माण और रखरखाव का मूल्यांकन करेगा और ऐसे भंडार की स्थापना के लिए मानदंड का प्रस्ताव देगा। यह क्रिप्टो भंडार वैध रूप से जब्त की गई क्रिप्टोकरेंसी से तैयार होगा।

गरमा-गरम

बजट परंपरा

बजट तैयार करने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में होता है आयोजन

क्यों होती है केन्द्रीय बजट से पहले हलवा सेरेमनी

नई दिल्ली (ए.)। वित्त मंत्रालय की ओर से केंद्रीय बजट पेश होने से ठीक पहले एक हलवा समारोह का आयोजन किया जाता है। हलवा समारोह के जरिए यह संकेत दिया जाता है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसके छपने का काम शुरू गया है। केंद्रीय बजट 2025 से पहले हलवा सेरेमनी का आयोजन आज हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

बजट से पहले हलवा समारोह (हलवा सेरेमनी) का आयोजन केंद्रीय वित्त मंत्री उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक में होता है। बजट तैयार करने की 'लॉक-इन' प्रक्रिया शुरू होने से पहले इसे आयोजित करने की परंपरा है। केंद्रीय बजट के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में नॉर्थ ब्लॉक में हलवा सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। पिछले साल भी हलवा समारोह का आयोजन केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक में किया गया था।

कैसे मनाई जाती है हलवा सेरेमनी?: हलवा सेरेमनी एक परंपरागत कार्यक्रम है जिसे बजट की छपाई से पहले मनाया जाता रहा है। कहा जाता है लंबे समय तक चलने वाली बजट बनाने की प्रक्रिया की समाप्ति के बाद मीठा खाकर बजट की छपाई को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई जाती है। वित्त मंत्री जिस कड़ाही में हलवा तैयार किया जाता है उसे छूकर व अधिकारियों को हलवा परोसकर बजट की छपाई के लिए हरी झंडी दिखाती हैं। यह समारोह वित्त मंत्रालय के नॉर्थ ब्लॉक के बेसमेंट में होता है। यहां बजट की छपाई के लिए एक विशेष प्रिंटिंग प्रेस मौजूद है।

बजट बरती जाती है पूरी गोपनीयता?: संसद में बजट पेश होने से पहले कुछ दिनों तक बजट से जुड़े वित्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हलवा समारोह बजट छपाई का संकेत

वित्त मंत्रालय की ओर से केंद्रीय बजट पेश होने से ठीक पहले एक हलवा समारोह का आयोजन किया जाता है। हलवा समारोह के जरिए यह संकेत दिया जाता है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसके छपने का काम शुरू गया है। इस समारोह में बड़ी संख्या में बजट तैयार करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। दरअसल, वित्त मंत्रालय के बजट विभाग के जितने भी अधिकारी बजट बनाने के कार्य में जुटे होते हैं, उन्हें संसद में बजट पेश होने तक अपने परिवारों से संपर्क नहीं करने दिया जाता। ऐसे में सरकार उनकी मेहनत को देखते हुए उनके प्रति आभार प्रकट के लिए हलवा समारोह का आयोजन करती है।

श्रद्धालुओं का जोश नहीं ठंडा पड़ा, महाकुंभ के 12वें दिन भी लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

महाकुंभ 2025 की शुरुआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा से हुई और यह 26 फरवरी तक चलेगा

प्रयागराज/ए.। 13 जनवरी को शुरू हुए 'महाकुंभ 2025' को अब 12 दिन हो चुके हैं। लेकिन अभी भी श्रद्धालुओं का जोश ठंडा नहीं पड़ा है, उनका आना जारी है। शुक्रवार को भी लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य हो चुकी सरस्वती के त्रिवेणी तट पर ब्रह्म मुहूर्त से ही आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ में नेपाल से भी लोग संगम स्नान करने आ रहे हैं।

उन्होंने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की सुव्यवस्था देखकर शासन-प्रशासन की तारीफ की और मुख्यमंत्री योगी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। नेपाल से आए पारस ने बताया कि ÷महाकुंभ में आकर बहुत खुशी हो रही है, जिसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैंने सोचा नहीं था कि इतनी अच्छी व्यवस्था होगी। वहीं, सुरक्षा के भी इंतजाम पुख्ता हैं। पीएम मोदी को इसके लिए बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा।

अनूप भी भीड़ नियंत्रण को लेकर तत्पर टीम की प्रशंसा करते नहीं थके। उन्होंने कहा, इस बार महाकुंभ की बहुत अच्छी व्यवस्था है। नहाने के लिए विशेष ख्याल रखा गया है। भीड़ को नियंत्रित करने का विशेष ख्याल रखा गया है। स्टेशन से लेकर घाट तक सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा गया है। कोई परेशानी नहीं हो रही है।

आयोजन किसी चमत्कार से कम नहीं

बुजुर्ग नवरत्न के लिए भी यह आयोजन किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि ÷कुंभ मेले में हमारा परिवार बहुत दूर से आया है। यहां पर बहुत अच्छी व्यवस्था है। सुरक्षा का भी विशेष ख्याल रखा गया है। इतनी अधिक भीड़ होने के कारण उन्हें संभालने का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। कविता तिवारी प्रयागराज से ही हैं। उन्हें मेला क्षेत्र की स्वच्छता पसंद आ रही है। उन्होंने कहा, ÷इस बार कुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी की गई है। साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा गया है, जहां भी हल्की गंदगी हो रही है, सफाईकर्मी उसे साफ कर दे रहे हैं।

अब कब हैं अमृत स्नान

पौष पूर्णिमा पर आरंभ हुआ महाकुंभ 144 वर्ष बाद आने वाला महापर्व है। 14 जनवरी को पहला अमृत स्नान हुआ था। वहीं अमृत स्नान की अन्य तिथियां 29 जनवरी (मौनी अमावस्या), 3 फरवरी (बसंत पंचमी) हैं। इसके अलावा मुख्य स्नान 12 फरवरी (माघ पूर्णिमा) और 26 जनवरी (महाशिवरात्रि) को है।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने मोदी-योगी से दक्षिणा में मांगा सनातन बोर्ड, धर्म संसद में उठेगा मुद्दा

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग तेज कर दी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि वह महाकुंभ में दक्षिणा के रूप में पीएम मोदी और सीएम योगी से सनातन बोर्ड लेंगे। पुरी ने प्रयागराज धर्म संसद को लेकर भी अपनी बात रखी। इसके आयोजन की पूरी रूपरेखा उन्होने मीडिया के सामने साझा की। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म की आस्था का केंद्र है, जिससे सभी की आस्था जुड़ी है, इसलिए इस महाकुंभ मे एक और सनातन का महाकुंभ होगा जो निर्णायक भूमिका में जाने का, धर्म की स्वतंत्रता का दिन होगा उस दिन सनातन बोर्ड का गठन किया जायेगा और सनातन का परचम लहराएगा। आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि ने कहा कि सनातन का अस्तित्व सृष्टि के प्रारंभ से है। बाकि सब इसके बाद की उपज है। उन्होंने कहा आज जिस तरह से हमारे मंदिर, मठ और धार्मिक स्थलों पर कब्जा किया हुआ है उन सब को मुक्त कराने का काम सनातन बोर्ड करेगा। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड मैं हर उस बात का ध्यान रखा जाएगा जो सनातन की रक्षा और सनातन के हित में हो। उन्होंने कहा कि पहले हर मठ के अपने आचार्य कुलम होते थे जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ शास्त्र का भी ज्ञान और बौद्ध कराया जाता था।

किम जोंग उन के साथ वार्ता करेंगे ट्रंप

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से दोबारा बातचीत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह फिर से श्री किम से संपर्क करने की योजना बना रहे हैं, श्री ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से कहा, ''मैं बातचीत करूंगा... मैं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा नहीं हूं... मैं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन नहीं हूं।''

जापान में ट्रेन दुर्घटना में हांगकांग की एक महिला पर्यटक की मौत

टोक्यो,(वार्ता)। चीन के हांगकांग की एक महिला पर्यटक की जापान के होक्काइडो द्वीप के ओटारू शहर में गुरुवार को ट्रेन की टक्कर लगने से मौत हो गई। जापानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे जेआर हाकोडेट लाइन पर एक रेलवे क्रॉसिंग के पास तब हुई, जब पर्यटक पटरियों पर अपने स्मार्टफोन से समुद्र की तस्वीरें ले रही थी, तभी वह ओटारू से न्यू चिटोस हवाईअड्डे की ओर जा रही तेज रफ्तार एयरपोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सीरिया में कार बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत, पांच घायल

दमिश्क(वार्ता)। उत्तरी सीरिया में अलेप्पो प्रांत के मनबिज शहर में गुरुवार को एक कार बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मानवाधिकार संगठन 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के अनुसार, कार बम विस्फोट मनबिज में जिदान हनीज़ल स्कूल के पास हुआ। यह घटना, एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में तीसरी बड़ी बमबारी है। इससे पहले, मंगलवार को मनबिज में तुर्की समर्थित सीरियाई राष्ट्रीय सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक ठिकाने के पास बम विस्फोट से आसपास का क्षेत्र दहल गया था।

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में गोलीबारी में दो किशोर गंभीर रूप से घायल

सिडनी(वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में मेलबर्न के उपनगरों में शुक्रवार सुबह हुई गोलीबारी में दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। विक्टोरियन पुलिस ने शुक्रवार सुबह एक बयान में कहा कि शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न एक बजे मेलबर्न के केंद्रीय व्यापार जिले से लगभग तीन किलोमीटर उत्तर पूर्व में कॉलिंगवुड में गोलियां चलाई गईं। कुछ देर बाद 15 और 17 साल की उम्र के दो किशोर बंदूक की गोली से घायल पाए गए।

अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को ऑस्ट्रेलियाई हवाई अड्डों पर व्यवधान की चेतावनी

सिडनी, (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को ग्राउंड कर्मचारियों की हड़ताल के कारण ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख हवाई अड्डों पर व्यवधान की आशंका की चेतावनी दी गई है। ऑस्ट्रेलिया के 9न्यूज़ नेटवर्क के अनुसार, सिडनी, मेलबर्न और ब्रिस्बेन हवाई अड्डों पर विमानन सेवा कंपनी डिनाडा के एक हजार से अधिक ग्राउंड कर्मचारियों ने चल रहे वेतन विवाद के बीच शुक्रवार को चार घंटे के लिए काम बंद कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के ध्वजवाहक कंतास ने कहा है कि उसकी घरेलू सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी लेकिन उसने सिडनी से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है। ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए ग्राउंड हैंडलिंग के लिए 20 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वाहक डिनाटा को अनुबंधित करते हैं।

जॉन रैटक्लिफबने सीआईए निदेशक

वाशिंगटन, (वार्ता)। पूर्व राष्ट्रीय खुफिया निदेशक जॉन रैटक्लिफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अगले केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) निदेशक होंगे। अमेरिकी सीनेट ने गुरुवार को श्री रैटक्लिफ की निदेशक के रूप में पुष्टि करने के लिए मतदान किया। ऊपरी सदन ने श्री रैटक्लिफके नामांकन को मंजूरी देने के लिए 74-25 वोट दिए। उन्होंने श्री ट्रम्प के पहले कार्यकाल के आखिरी आठ महीनों के लिए राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में कार्य किया था। उन्होंने पहले 2015-2020 तक टेक्सास के चौथे कांग्रेस जिले के लिए अमेरिकी सदन के प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया था।

योजना के तहत लगभग 60 करोड़ लोग 5 लाख तक का मुफ्त इलाज पाने के पात्र

आयुष्मान योजना को गृह मंत्री अमित शाह ने बताया सर्वश्रेष्ठ

सूरत/ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सर्वश्रेष्ठ है।

अमित शाह ने यहां डुमस रोड पर एक ट्रस्ट द्वारा संचालित कैंसर अस्पताल एवं एक स्वास्थ्य भवन का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने ''केवल एक जीवनकाल में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं।''

सरकार की इस योजना को बताया सबसे अच्छी

शाह ने कहा, ''लेकिन अगर आप मुझसे इन सभी योजनाओं में से सर्वश्रेष्ठ योजना बताने के लिए कहेंगे, तो मैं आयुष्मान भारत योजना कहूंगा। इस योजना के तहत, लगभग 60 करोड़ नागरिक अब पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज पाने के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि 250 करोड़ रुपये की लागत से एक न्यास द्वारा निर्मित कैंसर अस्पताल का यहां उद्घाटन किया गया है जिसमें आयुष्मान भारत कार्ड धारक मरीज इलाज करा सकते हैं।

मोदी सरकार में भारत का हेल्थ बजट बढ़ा

शाह ने कहा, ''मोदी सरकार ने देश में स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत का स्वास्थ्य सेवा बजट 2013-14 में 37,000 करोड़ रुपये से बढ़कर मोदी सरकार के तहत 98,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो आवंटन में तीन गुना वृद्धि दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया है।''

मेडिकल कॉलेज की संख्या में भी बढ़ोतरी

उन्होंने रेखांकित किया कि 2014 में 387 चिकित्सा महाविद्यालय थे जिनमें हर साल 51,000 एमबीबीएस चिकित्सक तैयार होते थे लेकिन अब चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या बढ़कर 766 हो गई, जिनसे 1।15 लाख एमबीबीएस चिकित्सक तैयार होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अन्य पहलों में आयुष क्षेत्र को बढ़ावा देना, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना और नागरिकों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खेलों को बढ़ावा देना शामिल है।

उत्तर प्रदेश दिवस पर मुर्मू, मोदी,योगी ने दी बधाई

लखनऊ (वार्ता)। जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के लोगों को शुभकामनायें प्रेषित की हैं। राष्ट्रपति ने अपने बधाई संदेश में लिखा यूपी के सभी निवासियों को मेरी शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश की देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। यह राज्य आध्यात्मिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है। यह प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। श्री मोदी ने एक्स पर लिखा उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के अपने सभी भाई-बहनों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित-नए अध्याय रचने में जुटी है।

मोदी सरकार में सबसे ज्यादा गिरे रुपए में सुधार के नहीं हो रहे प्रयास: कांग्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि देश में जितने प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें श्री नरेन्द्र मोदी के शासन में रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन सरकार इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है जिससे विदेशी निवेशक भाग रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले 87 रुपए पर पहुंच गया है और दक्षिण एशिया के देशों में भारतीय मुद्रा का सबसे खराब प्रदर्शन है। विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है, निवेश घट रहा है, आयात बढ़ रहा है जिससे महंगाई आसमान छू रही है और देश की अर्थव्यवस्था इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में रुपए में गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं और अब तक जितने प्रधानमंत्री हुए हैं उनमें सबसे ज्यादा गिरावट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हुई है। उनका कहना था कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार जिस तरह से रुपए को नहीं संभाल पा रही है और हालात सुधारने के प्रयास भी नहीं हो रहे है, यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो रुपया जल्द ही गिरावट का शतक बनाएगा।

उन्होंने कहा कि रुपए में गिरावट का मतलब है कि आयत बढ़ रहा है और देश में महंगाई उतनी ही तेजी से बढ़ेगी और आवश्यक वस्तुओं के दाम आम आदमी की पहुंच से और दूर हो जाएंगे। रिजर्व बैंक भी ब्याज दर बढ़ाएगा और इससे ईएमआई तथा अन्य स्तरों पर दबाव बढ़ेगा तथा आम आदमी के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि क्या उसने रुपए के गिरते स्तर को बचाने के लिए कोई रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार रुपए की गिरावट रोकने में असफल रहती है तो आवश्यक वस्तुओं के दाम और बढ़ेंगे और लोगों के घरों का बजट बिगड़ जाएगा।

टीडीएस प्रणाली रद्द करने वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने टीडीएस प्रणाली को रद्द किए जाने की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर कहा है कि वो इस मुद्दे पर सुनवाई करने को इच्छुक नहीं है। कोर्ट साथ ही कहा है कि याचिकाकर्ता इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेशक टैक्स प्रणाली को आसान बनाना एक मुद्दा है। हालांकि, अदालत ने कई फैसलों मे इस प्रावधान को अदालतों ने सही माना है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर टीडीएस प्रणाली को रद्द करने की मांग की गई थी। इस याचिका में इसे मनमाना और तर्कहीन बताया गया था। साथ ही समानता सहित विभिन्न मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। इस जनहित याचिका में आयकर अधिनियम के तहत स्रोत पर कर कटौती या ञ्जष्ठस्न ढांचे को चुनौती दी गई है जिसके तहत करदाता द्वारा भुगतान के समय कर की कटौती और आयकर विभाग में जमा करना अनिवार्य है। कटौती की गई राशि को भुगतानकर्ता की कर देयता के विरुद्ध समायोजित किया जाता है। बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय द्वारा अश्विनी दुबे के माध्यम से दायर याचिका में केंद्र, विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधि आयोग और नीति आयोग को पक्षकार बनाया गया है। इसके अलावा याचिका में सुप्रीम कोर्ट को यह निर्देश देने की मांग की गई है की नीति आयोग याचिका में दिए गए तथ्यों पर विचार कर इस टैक्स सिस्टम में परिवर्तन करने का सुझाव सरकार को दे।

स्वस्थ होते ही राहुल दिल्ली में शुरू करेंगे प्रचार: कांग्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तबीयत नासाज है, जिसके कारण वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार नहीं कर पा रहे हैं लेकिन जैसे ही स्वस्थ होंगे, वह तेजी से चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि श्री गांधी की तबीयत नासाज है और वह जैसे ही स्वस्थ होंगे दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार आरंभ कर देंगे। उनका कहना था कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह रणछोड़ नहीं हैं, वह राणबाँकुरे हैं और स्वस्थ होते ही दिल्ली के चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे।

महाराष्ट्रः फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट, 5 लोगों के मारे जाने की आशंका

मुंबई/ए.। नागपुर के पास भंडारा जिले की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में आज सुबह हुए भीषण विस्फोट में 5 लोगों के मारे जाने की आशंका है। जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित कारखाने में सुबह करीब 10।30 बजे विस्फोट हुआ। बचाव और मेडिकल टीम लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि फायर फाइटर्स स्थिति को नियंत्रित करने में लगे हुए हैं।

छत के नीचे दबे लोग: अधिकारियों ने एक बयान में कहा, फैक्ट्री में आज सुबह विस्फोट हुआ, लोगों की तलाश के लिए बचाव और मेडिकल टीम तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है।÷ कोल्टे ने बताया कि विस्फोट के दौरान छत ढह गई और कम से कम 12 लोग उसके नीचे दब गए। उन्होंने बताया कि उनमें से दो को बचा लिया गया और मलबा हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। दूर से लिए गए वीडियो में फैक्ट्री से घना धुआं उठता हुआ देखा गया।

महाराष्ट्र सीएम ने क्या कहा: महाराष्ट्र सीएम फडणवीस ने विस्फोट पर कहा, भंडारा जिले में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 मजदूरों के फंसे होने की खबर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्भाग्य से एक मजदूर की मौत हो गई है। 5 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर हैं और हर तरह की मदद की जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव कार्य में लगा हुआ है।

कैडमियम | *राजौरी के बड़हाल गांव में रहस्यमय बीमारी का राज खुला!*

राजौरी के गांव में फैली बीमारी, अभी तक 17 लोगों की हो चुकी है मौत

नई दिल्ली/ए.। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बीते कुछ दिनों से एक रहस्यमयी बीमारी का प्रकोप बढ़ता दिखा रहा है। बताया जा रहा है कि इस बीमारी से अभी तक 17 की मौत हो चुकी है। इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या में हर बीतते दिन के साथ इजाफा हो रहा है। क्या बच्चे क्या बुजुर्ग और क्या ही महिलाएं, हर कोई इससे संक्रमित हो रहा है। आप स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि हालात को बिगड़ता देख राजौरी के बडाल गांव में कंटेनमेंट जोन बनाने की नौबत तक आ गई है।

प्रशासन इस बीमारी पर काबू पाने की हर संभव कोशिश कर रहा है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का एक बड़ा बयान आया है। राजौरी के बडाल गांव में रहस्मय हालात में हुई मौतों का कारण संक्रमण या वायरस नहीं बल्कि टाक्सिन कैडमियम है।

राजौरी के बडाल गांव में अब तक क्या हुआ?: जम्मू के राजौरी में रहस्यमयी बीमारी से 17 मौतें, डेढ़ महीने में 13 बच्चों समेत 17 लोगों की मौतबड़हाल गांव में बने तीन कंटेनमेंट जोनबीमारों के संपर्क में आए 60 से ज्यादा लोग नर्सिंग होम में रखे गएपूरा बड़हाल गांव हुआ क्वारंटाइनअब भी लगातार लोग पड़ रहे बीमारवायु सेना के हेलीकॉप्टर से 3 बच्चे जम्मू रेफर, एक गंभीरसीएम उमर अब्दुल्ला ने किया गांव का दौर एडीजीपी और मंडलायुक्त ने गांव का दौरा कर जाने हालात।

परिवार से जुड़े 38 अन्य भी टाक्सिन से ग्रसित

पिछले साल सितंबर से लेकर अब तक राजौरी के बडाल गांव में 13 बच्चों समेत 17 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि मरने वाले सभी लोग तीन परिवारों से ही ताल्लुक रखते थे। इन परिवारों से जुड़े 38 अन्य लोग भी टाक्सिन से प्रभावित हुए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमों का कहना है कि इन मौतों को लेकर हेल्थ इमरजेंसी घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है।

कैडमियम होती क्या है

जानकार बताते हैं कि कैडमियम एक अधिक जहरीली धातु होती है, जो शरीर में घुसते ही कई रोगों का कारण बन सकती है। कहा जा रहा है कि दूषित भोजन करने, गंदा पानी पीने, प्रदूषित वातावरण में सांस लेने से लोग कैडमियम के संपर्क में आ सकते हैं। कैडमियम युक्त इलेक्ट्रानिकसस खिलौने, आभूषण व प्लास्टिक की रिसाइकलिंग से भी प्वाइजनिंग हो सकती है।

उत्तरकाशी में भूकंप के झटके घरों से बाहर निकले लोग

उत्तरकाशी/ए.। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक सुबह उत्तरकाशी में दो बार भूकंप के झटके आए। भूकंप का पहला झटका सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर आया। इसके बाद भूकंप का दूसरा झटका 8 बजकर19 मिनट पर। भूकंप के पहले झटके की तीव्रता 2।7 थी, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर बताई जा रही है। भूकंप के दूसरे झटके की तीव्रता 3।5 रिक्टर रही। जैसे ही भूकंप के झटके महसूस किए गए, वैसे ही लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। लोगों को 1991 के भूकंप की याद आ गई, जिस वजह से लोग डर गए। 1991 में उत्तरकाशी में भूकंप ने काफी तबाही मचाई थी। शुरुआती जानकारी के अनुसार फिलहाल नुकसान की कोई खबर नही है। उत्तराखंड भूकंप के लिहाज से काफी अति संवेदनशील माना जाता है। जिससे यहां हमेशा भूकंप का खतरा बना रहता है। इससे पहले नॉर्थईस्ट में मेघालय की दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4।1 मापी गई है।

अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी, छात्र की पिटाई मामले ने पकड़ा तूल

लोयला स्कूल में हंगामा, छात्र व स्टॉफ दहशत में, प्रबंधन ने बुलाई पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा स्थित लोयला स्कूल में शिक्षक के द्वारा 8वीं कक्षा के छात्र को बेरहमी से पिटने वाले मामले ने तूल पकड़ लिया है। आज स्कूल में अभाविप के छात्रों ने शिक्षक के खिलाफ निलंबन व एफआईआर की मांग की और जमकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इससे स्कूल प्रबंधन ने सरकंडा पुलिस को मौके पर बुला लिया इससे गहमागहमी का माहौल बना रहा और स्कूली छात्र व स्टाफ दहशत में रहे।

स्कूल प्रबंधन का कहना है कि इस मामले को जबरदस्ती तूल दिया जा रहा है। शिक्षक को तत्काल हटा दिया गया है। वहीं छात्र स्कूल आ रहा है और उसके परिजनों ने शिक्षक सचिन को स्कूल से नहीं हटाने की मांग लिखित में की है। हालांकि ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए इसके लिए स्कूल के समस्त स्टाफ को सख्त हिदायत दी गई है कि ऐसी घटनाएं दुबारा न हो और बच्चों से किसी भी तरह की मारपीट नहीं होनी चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार यह आरोप लगाया जा रहा है कि छात्र के परिजन को स्कूल प्रबंधन द्वारा मामले को रफा-दफा करने व थाने में शिकायत नहीं करने का दबाव बनाया गया है, जिसके चलते परिजन इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। गौरतलब है कि बीते दिनों लोयला स्कूल में शिक्षक सचिन द्वारा कक्षा 8वीं के छात्र को पढ़ाई के दौरान पीछे मुड़कर देखने और बात करने पर तैश में आकर शिक्षक ने छात्र का कान को मरोड़ दिया था जिससे उसके कान से खून निकलने लगा उसके बाद बच्चे को स्कूल प्रबंधन ने इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया और इस मामले का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद यह घटना चारों ओर फैल गई और स्कूल प्रबंधन सकते में आ गया। फिर आनन-फानन में स्कूल प्रबंधन ने छात्र के परिजनों से मामले को दबाने की बात कही।

शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो: अभाविप

अभाविप के छत्तीसगढ़ प्रदेश सह मंत्री हेमांशु कौशिक ने कहा है कि लोयला स्कूल में 8वीं कक्षा के छात्र को एक शिक्षक द्वारा उसके कान को बेरहमी से मोड़ा गया है, जिससे कान में खून आने लगा उसके बाद आनन-फानन में बिना किसी सूचना के छात्र को अस्पताल ले जाया गया। यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इस मामले में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर शिक्षक को निलंबित करने व एफआईआर की मांग की गई है। कार्रवाई नहीं होने पर अभाविप उग्र आंदोलन करेगी।

मामले को जबरदस्ती तूल दिया जा रहा: प्राचार्य

लोयला स्कूल के प्राचार्य फेब्यानिस मिंज ने कहा कि इस मामले को जबरदस्ती तूल दिया जा रहा है। स्कूल की छवि को धूमिल किया जा रहा है। स्कूल में जो घटना हुई है उसके बाद तत्काल शिक्षक को हटा दिया गया है। बच्चा स्कूल आ रहा है और उसके अभिभावकों ने लिखित में आवेदन दिया है कि स्कूल से शिक्षक को न हटाया जाए और जो घटना हुई है उस घटना के लिए स्कूल स्टाफ को हिदायत दी गई है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

■ न्यूज गैलरी

धारदार चाकू के साथ आरोपी पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी - नितेश डोडवानी उर्फ नीतू पिता नंदलाल डोडवानी उम्र 32 वर्ष निवासी महारानी स्कूल के पीछे दयालबंद थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर छ.ग. को पकडा गया। जिसके पास एक धारदार लोहे का चाकू मिला जिसके संबंध में धारा 94 बी. एन. एस. एस के नोटिस दस्तावेज पेश करने हेतु दिया गया जो नोटिस पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताये जाने पर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. - 47 / 25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है।

आगे भी जारी रहेगी संयुक्त टीम की कार्रवाई

सत्यापन टीम की कार्रवाई, 93 लाख की 2997 क्विंटल धान का रकबा समर्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर संयुक्त सत्यापन टीम ने आज फिर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने टोकन प्राप्त करने वाले किसानों और विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में सत्यापन कर लगभग 93 लाख रुपए मूल्य के 2997 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया। कलेक्टर ने बच्चे पांच खरीदी दिनों के दौरान भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रखने की निर्देश दिए।

खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया ने बताया कि तहसील पचपेडी स्थित धान उपार्जन केन्द्र जोंधरा का निरीक्षण नायब तहसीलदार द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित कृषकों के पास उपलब्ध धान के भौतिक सत्यापन उपरांत 06 कृषकों से 356 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति चिल्हाटी में 4 किसानों से 2.758 हेक्टेयर का 143 क्विटल धान का रकबा समर्पण कराया गया। उपार्जन केन्द्र ओखर में 3 किसानों से 90 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया। तहसील कोटा स्थित धान उपार्जन केन्द्र धूमा का निरीक्षण नायब तहसीलदार द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित कृषकों के पास उपलब्ध धान के भौतिक सत्यापन उपरांत रकबा 1.720 हेक्टेयर का रकबा समर्पण कराया गया। धान उपार्जन केन्द्र करगीकला में आज 11 किसानो से 482 क्विंटल धान का क्रय किया गया तथा 38 क्विंटल धान के रकबे का रकबा समर्पण कराया गया। धान उपार्जन केन्द्र करगीखुर्द में किसानों की सहमति से 5.101 हेक्टेयर रकबे का रकबा समर्पण कराया गया। धान उपार्जन केन्द्र कर्रा की जाँच के दौरान मौके पर किसान से 21 क्विंटल धान के रकबे का रकबा समर्पण कराया गया। धान मण्डी कोटा के निरीक्षण में 29 किसानों का टोकन कटा पाया गया एवं 6 हेक्टर रकबे का समर्पण कराया गया। तहसील सीपत्त स्थित धान उपार्जन केन्द्र देवरी का निरीक्षण नायब तहसीलदार द्वारा किया गया एवं मौके पर 547 क्विंटल के एवज में केवल 78 क्विंटल धान भौतिक सत्यापन में पाये जाने पर शेष धान का रकबा समर्पण कराया गया।

भौतिक सत्यापन में धान उपलब्ध नहीं

तहसील मस्तूरी स्थित धान उपार्जन केन्द्र गोडाडीह का निरीक्षण नायब तहसीलदार द्वारा किया गया तथा 19 किसानों का 28.633 क्विंटल धान का टोकन काटा गया था। भौतिक सत्यापन में धान उपलब्ध नहीं होने पर उपरोक्त धान के रकबे का रकबा समर्पण किये जाने के निर्देश दिये गये। धान उपार्जन केन्द्र भरारी में 4 किसानो से 116 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया। धान उपार्जन केन्द्र मल्हार में 375 क्विंटल एवं धान उपार्जन केन्द्र किरारी में 181 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया।

नामांकन पत्र जमा करने के तीसरे दिन भी एक फार्म जमा नहीं

■ महापौर के लिए कांग्रेस से त्रिलोक और पार्षद के लिए 68 लोगों ने खरीदा फार्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। नाम निर्देशन पत्र जमा करने के तीसरे दिन आज किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किया गया। नाम निर्देशन पत्र 28 जनवरी तक जमा किए जा सकेंगे। वहीं पार्षद पद के चुनाव लड़ने के इच्छुक 68 लोगों ने निक्षेप राशि जमाकर निर्देशन पत्र इश्यू कराए हैं। महापौर पद के लिए एक व्यक्ति द्वारा निक्षेप राशि जमाकर नाम निर्देशन पत्र लिया गया है। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में त्रिलोकचंद्र श्रीवास शामिल हैं। कल शनिवार 25 तारीख अवकाश के दिन भी जिला कार्यालय में नामांकन पत्र जमा होंगे। महापौर चुनाव लड़ने हेतु कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास, राष्ट्रीय समन्वयक-अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, प्रभारी -प्रदेश कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश तथा गुजरात ने आज अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र प्राप्त किया।

विधायक देवेंद्र को हाईकोर्ट ने 10 दिन की दी मोहलत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने भिलाई चुनाव को लेकर एक चुनाव याचिका लगाई है। जिस पर लगातार सुनवाई चल रही है। न्यायाधीश राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच में बुधवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील से कोर्ट ने एप्लीकेशन पेश करने जवाब मांगा। वहीं विधायक देवेंद्र यादव के अधिवक्ता बीपी शर्मा ने कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में बेल एप्लिकेशन पेंडिंग होने को लेकर अगली सुनवाई के लिए समय मांगा। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की बैंच ने दोनों पक्षों की अपील को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 4 फरवरी 2025 तय की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए वही विधायक देवेंद्र यादव के वकील को अंतिम मौका दिया था, जिसमें अधिवक्ता बीपी शर्मा ने उनके जेल में होने को जानकारी दी थी। वहीं उनसे मुलाकात का समय नहीं मिल पा रहा है। इसलिए जवाब पेश करने में विलंब हो रहा है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि विधायक के अधिवक्ता जेल जाकर विधायक से एक दो नहीं तकरीबन आठ बार मिल चुके हैं। इतना कहने के साथ ही याचिकाकर्ता के अधिवक्ता एन के शुक्ला ने तारीखें भी गिनाई जिन तिथियों में वकील ने विधायक से मुलाकात की थी। झूठ पकड़े जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई और जवाब पेश करने अंतिम अवसर दिया। इसके लिए विधायक यादव को कोर्ट ने 10 दिन की मोहलत दी।

याचिकाकर्ता ने हलफनामे में सही तथ्यों का खुलासा नहीं किया

दरअसल विधायक देवेंद्र यादव के खिलाफ याचिका में याचिकाकर्ता ने हलफनामे में सही तथ्यों का खुलासा नही करने से चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने और भ्रष्ट आचरण के संबंध में चुनाव याचिकाकर्ता ने चुनाव याचिका के पैरा 21 से 24 तक विभिन्न प्रासंगिक तथ्यों का तर्क दिया था। वहीं याचिका में देवेंद्र यादव पर अचल संपत्ति के संबंध में सही तथ्यों को नहीं रखने की जानकारी दी थी। 22 दिसंबर 2024 की सुनवाई में प्रतिवादी के अधिवक्ता बीपी सिंह और मलयनाथ ठाकुर ने मामले में निर्देश प्राप्त करने और लंबित आवेदनों पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर समय दिया है। अगली सुनवाई 4 फरवरी 2025 को तय की गई है।

शुष्क हवाओं का आगमन होने की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन होने की संभावना है, जिसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है। प्रदेश के उत्तर और मध्य में 26 जनवरी तक और बस्तर संभाग के जिलों में 27 जनवरी तक गिरावट होने की संभावना है। इस अवधि में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। इस अवधि में मौसम से उसके रहने की संभावना है।

लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने किया प्रेरित

■ थाना बिल्हा में मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा थाना में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया। 300 से अधिक व्यक्तियो को हेलमेट वितरण किया गया। पुलिस के अनुसार एसपी रजनेश सिंह के तत्वावधान मे यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 का माह जनवरी मे आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे 23 जनवरी को थाना बिल्हा परिसर मे नोवा आयरल स्टील प्लांट दगौरी के जीएम अमित कुमार, डीजीएम कमल शर्मा की उपस्थिति मे रजनेश सिंह बिलासपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनुज कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा डी. आर. टण्डन, थाना प्रभारी बिल्हा व जनमान्य नागरिको की उपस्थिति मे सभा आयोजित करते हुये लोगो को यातायात नियमो का पालन कराते हुये वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से हेल्मेट पहने पहल करते हुये 300 से अधिक लोगो को निःशुल्क हेल्मेट वितरण कर जागरूक किया गया।

तालाब में मिली युवक की लाश, 4 दिन से था लापता

ज्वेलरी दुकान का गार्ड, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में सराफा दुकान में काम करने वाले युवक की लाश तालाब में मिली है। वो चार दिन पहले अपने घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं आया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना मुंगेली जिले के सरगांव थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, सरगांव के वार्ड क्रमांक-15 निवासी प्रशांत पाठक उर्फ निक्कू (32) बिलासपुर में ज्वेलरी दुकान में गार्ड का काम करता था। वो रोज गांव से आना जाना करता था। 20 जनवरी को प्रशांत ज्वेलरी दुकान जाने के लिए निकला था, जिसके बाद घर वापस नहीं आया। युवक के घर नहीं आने से परिजन परेशान थे। उन्होंने पहले उसकी तलाश की। इस दौरान परिचितों और दोस्तों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले में गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच कर रही थी। शुक्रवार को गांव के भोइना तालाब में लोगों ने युवक की लाश देखी। शव तालाब में पानी के अंदर था। पहले उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। जब लोगों की भीड़ जुटी तब उसकी पहचान प्रशांत के रूप में की। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। खबर मिलते ही पुलिस भी गांव पहुंच गई। शव का पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। इधर, परिजनों ने उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंकने की आशंका जताई है। फिलहाल, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक प्रशांत की मां सुनिला पाठक नर्सिंग का काम करती है।

गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल पुलिस परेड मैदान में सवेरे संपन्न हुआ। सब कुछ ठीक उसी तरह व उसी क्रम से हुआ जैसे कि 26 जनवरी को इस स्थल पर होना है। कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह की मौजूदगी और निर्देशन में रिहर्सल किया गया। कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप बेहतरीन आयोजन के लिए कलेक्टर ने महत्वपूर्ण टिप्स दिए। जिला स्तरीय समारोह इसी पुलिस परेड मैदान में होगा। राज्य सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह सवेरे 9 बजे से लेकर 11.30 बजे तक विविध कार्यक्रम होंगे। रिहर्सल में अपर कलेक्टर आर ए कुरूवंशी मुख्य अतिथि की भूमिका में थे। स्कूली बच्चों ने इस अवसर पर देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस बार 8 स्कूलों की टीमों को प्रस्तुति के लिए चयन किया गया है।

समीक्षा

कलेक्टर ने की पीएचई, जल संसाधन और विद्युत विभाग के कामकाज की समीक्षा

काम लटकाने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड, बिजली तारों को ठीक करने निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज पीएचई, जल संसाधन और विद्युत विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने काम लटकाने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। कामों की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिन घरों को नल जल योजना के तहत सर्टिफाइड किया गया है उन घरों में पानी अनिवार्य रूप से आना चाहिए। कलेक्टर ने काम की गति बढ़ाकर हर घर नल कनेक्शन देने में प्रगति लाने कहा है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक काम पूर्ण हो चुके गांवों में जल्द शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया जाए, ऐसे गांवों की संख्या 140 है। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए की गांवों में ट्रांसफार्मर की समस्या मिलने पर तत्काल ट्रांसफार्मर की समस्या का निराकरण करें। बैठक में कार्यपालन अभियंता पीएचई, जल संसाधन और विद्युत विभाग सहित सभी मैदानी अमले के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर ने पीएचई के कामों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उच्च स्तरीय जलागार एवं समूह नल जल योजनाओं की जानकारी लेकर गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि चल रहे कार्यो को सही समय में गुणवत्ता के साथ पूरा होना जरूरी है। काम में देरी से काम की लागत बढ़ती है और गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। लोगों को सुविधाएं मिलने में भी विलंब होता है।

गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अधिकारी फिल्ड पर निरीक्षण करें

गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अधिकारी लगातार फिल्ड पर निरीक्षण करें। जल संसाधन विभाग के चल रहे निर्माण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिए कि जहां बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं उन जगहों का सर्वे कराकर ठीक कराया जाए। बिजली से संबंधित लोगों की शिकायत न आए। मेंटेनेन्स का काम अप्रैल-मई महीने में ही करवाना सुनिश्चित करें।

सुविचार

बालिकाएं पूछ रही हैं कब तक जीना होगा शर्तों पर तुम्हारे, उड़ने दो खुले गगन में, कुछ नाजुक से हैं ख्वाब हमारे।

महाकुंभ को लेकर सियासत उचित नहीं

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अब तक दस करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान किया है। इतनी बड़ी संख्या में महाकुंभ में जुटे श्रद्धालुओं ने व्यवस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की है। किन्तु महाकुंभ की सफलता कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है जो व्यवस्था को लेकर योगी सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। ऐसे लोग जिनके घर पर यदि दो मेहमान भी आ जाएं तो उनके घर की व्यवस्था डगमगा जाती है। वे भी महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। खासतौर पर उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव महाकुंभ को लेकर लगातार विवादास्पद बयानबाजी कर रहे हैं। यहां तक कि वे खुद ही विरोधाभाषी बयान भी दे रहे हैं। उन्होंने पहले महाकुंभ में जुटने भीड़ के आंकड़ों को फर्जी करार दिया था और यह कहा था कि उत्तरप्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ा चढ़ाकर बता रही है। अखिलेश यादव के अनुसार प्रयागराज जाने वाली ट्रेने खाली जा रही है। जबकि हकीकत यह है कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए बड़ी संख्या में अतिरिक्त ट्रेनें चलाये जाने के बावजूद लाखों श्रद्धालुओं को ट्रेनों में रिजर्वेशन नहीं मिल पा रहा है। यही हाल हवाई जहाज का भी है उसमें भी बड़ी मुश्किल से टिकट मिल पा रही है। कुंभी की भीड़ पर सवालिया निशान लगाने वाले अखिलेश यादव ने बाद में यह विरोधाभाषी बयान दिया कि महाकुंभ में वीआईपी लोगों की ज्यादा पूछ परख हो रही है जिसकी वजह से श्रद्धालुओं को संगम में स्नान करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण प्रयागराज की सड़कों और चौक चौराहों पर जाम लगना आम बात हो गई है लेकिन शासन-प्रशासन श्रद्धालुओं की भीड़ को सुगमता पूर्वक त्रिवेणी संगम तक पहुंचाने में विफल सिद्ध हो रहा है। अखिलेश यादव का यह बयान हास्यास्पद है क्योंकि एक ओर तो वे यह कह रहे हैं कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बताई जा रही है वहीं दूसरी ओर वे यह कह रहे हैं कि श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण चक्काजाम हो रहा है ऐसे में समझा जा सकता है कि अखिलेश यादव महाकुंभ की सिर्फ आलोचना ही करना चाहते है। यह ठीक है कि वे विपक्ष के नेता हैं और उन्हें सरकार की आलोचना करने का अधिकार है लेकिन महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर वे जिस तरह के बयान दे रहे हैं और महाकुंभ पर सियासत कर रहे हैं यह कतई उचित नहीं है महाकुंभ के दौरान ही उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में केबिनेट की बैठक की और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिऐ इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया इस पर भी अखिलेश यादव ने आपत्ति दर्ज कराई और यह बयान दिया कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान इस तरह की राजनीतिक गतिविधि नहीं होनी थी। जबकि प्रयागराज में केबिनेट की बैठक होना किसी भी दृष्टि से गलत नहीं है। यह वही अखिलेश यादव है जिन्होंने महाकुंभ को लेकर यह बयान भी दिया था कि वहां कुछ लोग अपने पाप धाने जाते हैं और फोटो खिंचवाते हैं उनका कहना है कि वे भी गंगा स्नान करते है लेकिन उसकी फोटो वायरल नहीं करते जबकि महाकुंभ के दौरान ही अखिलेश यादव की गंगा स्नान वाली फोटो वायरल हुई थी। यह बात अलग है कि उन्होंने प्रयागराज में नहीं बल्कि हरिद्वार में गंगा में डुबकी लगाई थी। बहरहाल महाकुंभ को लेकर इस तरह की ओछी सियासत नहीं करना चाहिए। कुछ लोग महाकुंभ पर उत्तरप्रदेश सरकार के द्वारा 7 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जाने पर भी आपत्ति उठा रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि इस महाकुंभ से उत्तरप्रदेश सरकार को दो लाख करोड़ रूपये की आय होने का अनुमान है। बेहतर होगा कि हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक प्रयागराज महाकुंभ को लेकर इस तरह की सियासत न की जाये।

अब केजरीवाल की सुरक्षा के सवाल पर बवाल

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के आदेश पर नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में लगे पंजाब पुलिस के दस्ते को हटा दिया गया है। इसे लेकर अब आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा का सवाल उठाते हुए इस पर बवाल काट रहे है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने केजरीवाल की सुरक्षा में लगे पंजाब पुलिस के जवानों को हटाये जाने के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि केन्द्र सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग अरविंद केजरीवाल की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल को पहले ही जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है और उनके साथ 50 सुरक्षाकर्मियों का घेरा रहता है। इसके बाद भी उन्होंने अपने साथ पंजाब पुलिस का दस्ता रखा हुआ था। किसी भी राज्य के किसी भी नेता को दूसरे राज्य की पुलिस को अपनी सुरक्षा में तैनात करना अवैधानिक है। इसी वजह से चुनाव आयोग ने पंजाब पुलिस को उनकी सुरक्षा से हटाने का फैसला किया है और चुनाव आयोग के निर्देश पर पंजाब पुलिस के डीजीपी ने अपने पुलिस दस्ते को वापस बुला लिया है चुनाव आयोग के इस फैसले में कुछ भी गलत नहीं है लेकिन आम आदमी पार्टी अब इसे भी मुद्दा बना रही है वह चुनाव आयोग के इस फैसले का भी राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है जो उचित नहीं है।

रोचक मोड़ पर दिल्ली के चुनाव

नीरज मनजीत

जहाँ तक कांग्रेस की बात है, वह अभी तक इस दुविधा से नहीं निकल पाई है कि वह पूरी ताक़त से चुनाव लड़कर दिल्ली में अपनी खोई हुई ज़मीन हासिल करने की कोशिश करे अथवा मैदान में अपनी कमज़ोर मौजूदगी से आम आदमी पार्टी के वोटों को विभाजित करने से रोके। वैसे तो कांग्रेस ने भी अपना मजबूत घोषणापत्र जारी किया है और संदीप दीक्षित, अजय माकन, देवेन्द्र यादव, अलका लांबा पूरी तरह से आम आदमी पार्टी पर हमलावर हैं। मगर गाँधी परिवार ने एक दीर्घकालिक रणनीति के तहत अभी तक खुद को चुनाव अभियान से दूर ही रखा है। दिल्ली के इन सब हालात पर गौर करें, तो नतीजों का ऊँट किस करवट बैठेगा, यह कहा नहीं जा सकता। इतना जरूर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मेहनत और बेहतर रणनीति के तहत थोड़ी सी बढ़त हासिल कर ली है। इस बार आम आदमी पार्टी को ध्वस्त करके भाजपा दिल्ली का किला जीत ले तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

टी20 क्रिकेट एक अद्भुत फॉर्मेट है, जिसमें एक ओवर का खेल मैच का रुख बदल देता है। 15 ओवरों के बाद तो एक या दो गेंदें ही मैच को अर्श से फ़र्श तक या फ़र्श से अर्श तक ले जाने के लिए काफी होती हैं। दिल्ली का चुनाव भी ऐसे ही रोचक मोड़ पर आ खड़ा हुआ है। कहने को कांग्रेस और ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में है, मगर असली मुक़ाबला भारतीय जनता पार्टी और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के बीच ही है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो ये दोनों पार्टियां अपने-अपने चुनाव अभियान के 15-15 ओवर खेल चुकी हैं। अब सारा दारोमदार आख़िरी के पाँच ओवरों पर टिका हुआ है। दिल्ली चुनाव में दिन-प्रतिदिन हालात कुछ इस क़दर बदल रहे हैं कि नतीजों का पूर्वानुमान लगाना असंभव की हद तक कठिन है। अरविंद केजरीवाल और उनके साथी पिछले दो महीनों से चुनाव की तैयारियों में लगे हुए हैं। केजरीवाल तक़रीबन रोज एक नया ऐलान कर रहे हैं।

एक महीने पहले दिल्ली में चारों तरफ़ अरविंद केजरीवाल ही दिखाई पड़ रहे थे। राजनीति के अधिकांश विश्लेषक एकमत थे कि आम आदमी पार्टी ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है और भारतीय जनता पार्टी पिछड़ती जा रही है। कांग्रेस तो मैदान में कहीं नज़र ही नहीं आ रही थी। अब तस्वीर बदल चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के दो सशक्त और लुभावने संकल्पपत्र जारी हो चुके हैं, जिनमें दिल्ली की जनता के लिए आकर्षक पैकेज डाले गए हैं। सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए यह भी कहा गया है कि सरकार बदलने के बावजूद जनकल्याण के पूर्ववर्ती कामों को जारी रखा जाएगा। अगले दिनों में भाजपा की ओर से और भी कई ऐलान किए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी बूथ के कार्यकर्ताओं को उपयोगी टिप्स देकर चार्ज कर चुके हैं। आने वाले दिनों में पीएम मोदी की रैलियां भी होने वाली हैं। योगी आदित्यनाथ मैदान में उतर चुके हैं और वोटिंग से पहले और तीन-चार जनसभाएं करने वाले हैं। ज़ाहिर है कि अगले आठ दस दिनों में भाजपा चुनावी अभियान में कोई भी कोर-कसर बाक़ी नहीं रखना चाहेगी।

सभी जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी आख़िरी दिनों में बाज़ी पलटने में माहिर है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में हमने देखा है कि भाजपा की सटीक रणनीति ने किस तरह अभेद्य नज़र आ रही कांग्रेस सरकार को धराशायी कर दिया था। ऐसा दिल्ली में भी हो सकता है। एक महीना पहले भले ही भाजपा मैदान में दिखाई नहीं पड़ रही थी, मगर आरएसएस आधारित उनका अदृश्य कैडर ज़मीनी स्तर पर अच्छी खासी पकड़ बना चुका है। भाजपा की हालिया कामयाबियों का राज यही है। बड़ी ही ख़ामोशी और योजनाबद्ध तरीके से बूथ मैनेजमेंट के जरिए भाजपा ने छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में सारे पूर्वानुमानों को धराशायी करते हुए आश्चर्यजनक जीत हासिल की है।

इधर अरविंद केजरीवाल दिल्ली के चुनाव में पहली बार कड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। पिछले तीन चुनावों में उनके पास कट्टर ईमानदार की छवि थी। जनता की

सहानुभूति भी उनके साथ थी। वे बड़े ही मासूम और भोले भाले दिखते थे। इस बार मासूमियत से भरी उनकी भोली-भाली कट्टर ईमानदार वाली छवि मिट्टी में मिल चुकी है। ऊपरी तौर पर तो यही लग रहा है कि जनता की सहानुभूति भी उनके साथ नहीं है। लोकसभा के चुनाव में अंतरिम जमानत पर छूटने के बाद उन्होंने सहानुभूति अर्जित करने के लिए दिल्ली की जनता से कहा था कि अगर वह लोकसभा की सीटें इंडी गठबंधन की झोली में डाल देती है, तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। इस अपील का जनता पर कोई असर नहीं हुआ था। केजरीवाल और उनके साथियों ने शराब घोटाले के आरोपों को भाजपा की साज़िश बताते हुए पीएम मोदी को कटघरे में खड़ा करने की जी तोड़ कोशिश की है। मगर दिल्ली की जनता काफी समझदार है। लगता नहीं कि वह केजरीवाल के झाँसे में आने वाली है।

इन आरोपों पर पर्दा डालने के लिए केजरीवाल ताबड़तोड़ ऐलान करते जा रहे हैं। कुछ इस तरह कि वे दिल्ली की जनता को सोचने-समझने का मौका ही नहीं देना चाहते। दो दिन पहले उन्होंने नया ऐलान किया कि वे आते ही अगले पाँच वर्षों में दिल्ली की बेरोजगारी ख़त्म कर देंगे। यह वादा केजरीवाल का नया असत्य शिगूफा है। पिछले दस वर्षों में उनके सारे बड़े वादे दम तोड़ चुके हैं। यमुना पहले से ज़्यादा गंदी हो चुकी है। सड़कों की बदहाली बता रही है कि दिल्ली को पेरिस बना देने का वादा गर्त में जा चुका है। प्रदूषण और कूड़े के ढेर का मसला विकराल रूप धारण कर चुका है। केजरीवाल आख़िर कब तक स्कूलों और मोहल्ला अस्पतालों को लेकर अपनी पीठ थपथपाते रहेंगे। इन स्कूलों और मोहल्ला अस्पतालों में भी कई तरह के घोटालों की खबरें आ रही हैं। इन सब के मद्देनज़र दिल्ली की जनता केजरीवाल के वादों पर कितना भरोसा करती है, 8 फरवरी को नतीजे आने के बाद ही इसका पता चलेगा।

अरविंद केजरीवाल ने इस बार अपने अभियान का पैंतरा भी बदला है और वे पूरी तरह हिंदुत्व की पिच पर खेलने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ महीने पहले तक उनकी छवि तुष्टीकरण की नीति पर चलने वाले राजनेता की रही है। अब वे हार्डकोर हिंदुत्व का कार्ड लेकर मैदान में हैं। उनके हालिया ऐलानों और उपक्रमों में यह बात साफ़ तौर पर दिखाई पड़ रही है। पुजारी-ग्रन्थी वेतन योजना के बाद सनातन सेवा समिति के जरिए वे बहुसंख्यक समुदाय को साधने का भरपूर प्रयत्न कर रहे हैं। कुछ इस तरह कि अपने मंचों को भगवा रंग देने से भी उन्हें कोई परहेज नहीं है। चूंकि आम आदमी पार्टी की कोई ऐलानिया विचारधारा नहीं है, इसलिए कोई वैचारिक दुविधा उन्हें ऐसा करने से नहीं रोकती। इस उपक्रम के पीछे केजरीवाल की एक विशेष रणनीति काम कर रही है। साफ़ तौर पर वे भाजपा के कोर वोटर्स को अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। किंतु केजरीवाल के लिए यह आसान क़तई नहीं है। गुरुवार को जब योगी आदित्यनाथ ने हिंदुत्व की पिच पर केजरीवाल पर हमला किया, तो उनसे जवाब देते नहीं बना और वे बातों को उत्तर प्रदेश के स्कूलों और पॉवर कट की ओर ले गए।

जहाँ तक कांग्रेस की बात है, वह अभी तक इस दुविधा से नहीं निकल पाई है कि वह पूरी ताक़त से चुनाव लड़कर दिल्ली में अपनी खोई हुई ज़मीन हासिल करने की कोशिश करे अथवा मैदान में अपनी कमज़ोर मौजूदगी से आम आदमी पार्टी के वोटों को विभाजित करने से रोके। वैसे तो कांग्रेस ने भी अपना मजबूत घोषणापत्र जारी किया है और संदीप दीक्षित, अजय माकन, देवेन्द्र यादव, अलका लांबा पूरी तरह से आम आदमी पार्टी पर हमलावर हैं। मगर गाँधी परिवार ने एक दीर्घकालिक रणनीति के तहत अभी तक खुद को चुनाव अभियान से दूर ही रखा है। दिल्ली के इन सब हालात पर गौर करें, तो नतीजों का ऊँट किस करवट बैठेगा, यह कहा नहीं जा सकता। इतना जरूर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मेहनत और बेहतर रणनीति के तहत थोड़ी सी बढ़त हासिल कर ली है। इस बार आम आदमी पार्टी को ध्वस्त करके भाजपा दिल्ली का किला जीत ले तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1831 में 25 जनवरी के दिन ही पौलैंड की संसद ने स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1880 में आज ही के दिन भारतीय ब्रह्म समाज की शुरूआत प्रसिद्ध समाज सुधारक केशव चंद्र सेन ने की थी। 1881 में 25 जनवरी के दिन ही एलेक्जेंडर ग्राहम बेल और थॉमस अल्वा एडीसन ने ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी बनाई थी। 1924 में आज ही के दिन फ्रांस के शैमॉनिक्स में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन हुआ था। 1955 में 25 जनवरी के दिन ही पनामा और अमेरिका ने नहर संधि पर साइन किए थे। 1959 में आज ही के दिन ब्रिटेन ने पूर्वी जर्मनी से व्यापार समझौता किया था। 1971 में 25 जनवरी के दिन ही हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया था। 1980 में आज ही के दिन प्रसिद्ध समाजसेवी मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 1983 में 25 जनवरी के दिन ही आचार्य विनोबा भावे को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। 1988 में आज ही के दिन रामसेवक शंकर ने सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आई विपदा है

आई विपदा है बड़ी, समझदार बन पूत, चाइनीज मांझा बना, मौत और यमदूत। मौत और यमदूत, छोड़ बेटा नादानी, समझाता परिवार, बहुत चिंतित है नानी। मांझे पर प्रतिबंध, मान जा 'बनिया' भाई, मौत रहा तू बेच, तभी आफत है आई।

–राजकुमार धर द्विवेदी

स्वर्ण भाव

स्वर्ण भाव अर्पण करूँ, निपुण बोस के नाम। हिंद देश का वीर वो, बलिदानी निष्काम॥ आज़ाद हिंद के तले, बनी फ़ौज इक खास। देश हित बलिदान की, मन में उत्तम आस॥ रक्त दान की याचना, मिले हजारों हाथ। तन अर्पण निज देश हित, नेताजी के साथ॥

– डॉ प्रतिभा गर्ग

खास पाती

लोग अपने तरक्की के लिए दिन - रात

लोग अपने तरक्की के लिए दिन - रात मेहनत करते हैं ।कोई सरकारी नौकरी करता है को व्यापार करता है कोई नेता अभिनेता बन जाता है और तरक्की की कहानी लिखता है ।शहर से गांव तक इस तरक्की का अर्थ सिर्फ लोग अपनी तरक्की से तालुक रखते है गरीब अपने बस दो जून की रोटी के लिए पूरा जीवन खपा देता है पर वह तरक्की नहीं कर पाता ।तरक्की का अर्थ सबको लेकर चलना होता है पर सफल व्यक्ति कभी सड़क में भीख मांग रहे व्यक्ति को चिल्हर देकर निकल जाता है शायद यही तरक्की का अर्थ हो – **लक्ष्मी नारायण लहरे**

वो बना रहा है तस्वीर गढ़ रहा मुरत कोई

वो बना रहा है तस्वीर गढ़ रहा मुरत कोई बन जाए मूरत तो खूब सजाएगा उसको करेगा मनोहर श्रृंगार मूरत की फिर उसपर खुद ही मोहित हो जाएगा मुरत हो जाएगा प्रीत उसका वही खुदा बन जाएगा वो उससे बतिआएगा उससे लाड़ लगाएगा तब मूरत को जगना होगा प्रीत उसका बनना होगा खुदा होकर उसका उसकी हर आस पूराना होगा प्रेम से गढ़ा मुरत क्या प्रेम की समझ पाएगा वो मुरत बनाने वाला भी क्या खुद को बनाने वाले का प्रेम समझ पाया था? – **प्रीति श्रीवास्तव**

ना उम्र की सीमा हो न जन्म का हो बंधन

ना उम्र की सीमा हो न जन्म का हो बंधन राजस्थान के एक स्कूल मे दो लोग जो अपने जीवन और नौकरी के अंतिम छोर पर खडे है ने मोहब्बत की दुकान खोली और शोरूम प्रधानाचार्य का आफिस बनाया। सरकार ने जनभावना के दबाव मे दोनो को निलंबित कर दिया। – **ऐडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

खानाबदोश ख्वाहिशों के साथ

खानाबदोश ख्वाहिशों के साथ जिंदगी चलती रहीं , मंजिल भी मिली पर शाम सी ढलती रहीं , मंजिल भी जिंदगी के पड़ाव के साथ बदलती रहीं,बदलती रहीं ख्वाहिशे, सपनें बदलते रहें, लगी कम सी हर ख्वाहिशे, हम ख्वाहिशों के साथ चलते रहें, बदलती रहीं तस्वीरें और बदलती रहीं उनकी रंगतें , रंगत उड़ी सी कभी और कभी होती रही गहरी सी खानाबदोश जिंदगी के खानाबदोश रंग भी मिले ,और हम ढ़लने की कोशिश में अपनें रंग बदलते रहें, अंत का रंग क्या होगा ,इसी सोच में हम आज खोते रहें , और धीरे-धीरे सूरज की रौशनी भी खोते रहें ,और जागते रहें , रातों को तारो के साथ ।।।। – **नमन कुमार मिश्रा**

जिस धरती पे जन्म लिया वहाँ भी

जिस धरती पे जन्म लिया वहाँ भी राम.. जिस मिट्टी पे खेल बड़ा किया वहाँ भी राम पल पल कद यूँ भी बढ़ता गया वहाँ भी राम रोम-रोम में स्वयं उत्साह भरा वो भी राम कर्म के साथ ज़ब भी अड़ा वहाँ पर स्वयं राम है खड़ा मात-पिता हो या कर्म भूमि वहाँ भी राम जन्म से मृत्यु बस साथ चला वहाँ भी राम मृत्यु के बाद मौन कौन चला वहाँ भी राम मन मे मन को सब मौन जिया राम नाम से जग ने प्रेम किया सच लेकर हर पल साथ चला वहाँ भी राम हे राम! बस राम! प्रभु राम! हाँ, मेरे राम! – **नंदिता तनूजा**

आज फिर से उसकी यादों का

आज फिर से उसकी यादों का काला, घना कोहरा गहराया था आज फिर से वो जालिम हमें बेइंतहा याद आया था चारो दिशाओं में फिर उसकी ही आहट थी उसका साया था... बदन में जोरों की थी छटपटाहट, और मन का कोना कुम्हलाया था कि किस तरह उसने उलफ़त की हर रस्म को, बड़ी बेअदबी से मसलकर ठुकराया था हाँ वो जालिम आज फिर याद आया था आज फिर से याद आया था। – **पूनम राजपूत**

प्रेरक प्रसंग

एक संत अपने एक किसान भक्त की प्रार्थना स्वीकार करके उसके गाँव पहुँचे। किसान ने उनके लिए एक प्रवचन का आयोजन किया था। अचानक किसान का बैल बीमार हो गया। किसान जानता था कि यदि बैल को समय पर उपचार न मिला तो वह मर जाएगा, इसलिए वह प्रवचन में न जाकर बैल को चिकित्सक को दिखाने ले गया। गाँव के कुछ लोगों ने संत से उसकी शिकायत की और बोले- महाराज ! यह किसान कितना स्वार्थी है। आपके प्रवचन का आयोजन करके खुद ही यहाँ नहीं आया है। संत बोले- किसान ने प्रवचन में न आकर और एक पीड़ित पशु की सेवा को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि वह मेरी शिक्षाएं ठीक प्रकार से समझ गया है। मेरे सारे प्रवचनों का सार यही है कि दुःखी- पीड़ितों की सहायता की जाए और विवेक का आश्रय लेकर यह समझा जाए कि किन परिस्थितियों में कौन-सा कार्य जरूरी है। यदि आज किसान बीमार बैल को छोड़कर प्रवचन में आ जाता और वह बैल बिना दवा के मर जाता तो मेरा प्रवचन देना व्यर्थ हो जाता। संत का कहा सुनकर सबकी आंखें खुल गईं।

QUIZ TIME

1) 1916 में महात्मा गांधी ने किसे प्रेरित करने के लिए बिहार के चम्पारण की यात्रा की थी?

2) वयस्कों में श्वेत रुधिर कोशिकाओं तथा लाल रुधिर कणिकाओं का औसत अनुपात क्या है?

3) भारत में प्रसंस्कृत भोजन का कारक कौन सा है?

4) बघेली का विकास किस भाषा से हुआ है?

5) नजला बौडने रोमधाने किस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) किसानों (2) 1:600 (3) खान-पान की आदतें, संगठित खाद्य खुदरा और ऑनलाइन्स बढ़ता (4) अर्धमागधी (5) ट्यूनीशिया

आज का पंचांग

बृह (9)	11
10 सूर्य-शुक्र-शनि	बुध-14 (9)
15 राहु	13-15 चन्द्र-केतु (8)
14 मंगल (3)	4
5	6

सूर्योदय : 07:17, सूर्यास्त: ?? 05:49, चन्द्रोदय : 27:32, चन्द्रास्त : 12:52, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : विष्टि (19:25 तक), द्वितीय करण : बव (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : वृश्चिक (22:32 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:50, अमृत काल : 19:52 से 21:36, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:11 से 31:07, विजय मुहूर्त : 14:15 से 14:57, गोधूलि मुहूर्त : 17:44 से 18:11, सायाह्न सन्ध्या : 17:47 से 19:07, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:56, राहुकाल : 09:00 से 10:29, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:08 से 16:27, दुर्मुहूर्त : 09:18 से 10:01, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : पूर्व (31:07 से), अग्निवास : पृथ्वी (19:25 तक), भद्रावास : स्वर्ग (19:25 तक)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप दिन भर पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे जल्दी से किसी की बात सुनने के लिये तैयार नही होंगे। वैसे तो आपकी दिनचार्य व्यवस्थित ही रहेगी।

वृषः आज का दिन आपके धनधान्य में वृद्धि करेगा। पिछले कुछ दिनों से मन मे चल रही किसी खास योजना को साकर रूप दे पाएंगे।

मिथुनः आज आपकी मानसिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी लेकिन दाम्पत्य में छोटी-छोटी बातों को प्रतिष्ठा से जोड़कर झगड़ पड़ेंगे।

कर्कः आज आप राग-द्वेष की भावना से भरे रहेंगे। किसी को आगे बढ़ते हुए देखना पसंद नही आएगा। परिजन आपकी मानसिकता को जानते हुए भी मार्गदर्शन करने की जगह अवहेलना करेंगे।

सिंहः आज के दिन आप विचारों से साहसी नजर आएंगे लेकिन नरम सेहत लगभग सभी कार्यो को अस्त व्यस्त बनायेगी।

कन्याः आज के दिन आपका दिमाग स्थिर नही रहेगा। पल पल में निर्णय बदलने से स्वयं तो परेशान होंगे साथ वालो को भी असमंजस में डालेंगे।

तुलाः आज के दिन आपका व्यक्तित्व भीड़ में अलग ही नजर आएगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। जल्दी से किसी कार्य को करने का मन नही करेगा।

धनुः आज के दिन का आरंभ सुखद रहेगा किसी जटिल समस्या का तुरंत समाधान करने पर प्रशंसा के पात्र बनेंगे।

मकरः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है लेकिन दिन के आरम्भ से ही व्यवहार में मृदुता लाने का प्रयास करें।

कुंभः आज दिन के आरम्भ में आप के ऊपर अकस्मात कार्य भर बढेगा। कुछ समय के लिये दिमाग शून्य जैसा रहेगा।

मीनः आज आपका स्वभाव छोटी छोटी बात पर गरम होगा। सेहत में भी आज कुछ न कुछ विकार लगा रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, स्वरतंत्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल

मतदाता जागरूकता के लिए राज्यपाल डेका ने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं से अपील की है कि लोकतंत्र के प्रति अपने कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों को लेकर सचेत रहें और अपने बहुमूल्य मत का उपयोग लोकतंत्र की मजबूती और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाने के लिए करें। उन्होंने कहा कि एक सफल लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है, कि हर युवा भारतीय नागरिक स्वयं को मतदाता के रूप मे पंजीकृत कराए और समय-समय पर होने वाले निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग भी करें। श्री डेका ने कहा कि आज का दिन मतदाताओं की जागरूकता के लिए समर्पित है। हमारा देश, विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। प्रजातंत्र को सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के लिए हमे धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित होकर मतदान करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ से 7 आदिवासी परिवार गणतंत्र दिवस परेड में होंगे शामिल

रायपुर/खरोरा। वैसे तो 26 जनवरी हर किसी भारतीय के लिए खास होता है लेकिन छत्तीसगढ़ के 07 आदिवासी परिवारों के लिए यह दिन और भी विशेष होगा क्योंकि इस दिन विशेष अतिथि के रूप में इन सात सदस्यों को छत्तीसगढ़ से रिपब्लिक डे में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ के सुदूर जिला जशपुर से तीन आदिवासी हितग्राही, नक्सलग्रस्त जिला कोंडागांव से एक आदिवासी हितग्राही, कोरबा से दो हितग्राही एवं बेमेतरा जिला से एक हितग्राही को रिपब्लिक डे परेड में शामिल होने के लिए दिनांक 22 जनवरी को गोंडवाना एक्सप्रेस से उक्त दल हजरत निजामुद्दीन दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जिन्हें आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, अंत्यावसायी विभाग के प्रबंध संचालक पी एस अल्मा एवं सचिव गायत्री नेताम ने सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया। जिनके साथ लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में आदर्श साव सहायक महाप्रबंधक, प्रवीन लाटा कार्यपालन अधिकारी एवं सुखनाथ नागवंशी क्षेत्र अधिकारी साथ में है। रिपब्लिक डे परेड के 76वें आयोजन के लिए इस बार लगभग 10000 विशेष अतिथियों को कर्तव्य पथ पर आमंत्रित किया गया है इनमें पैरा ओलंपिक दल के सदस्य, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सरपंच, हथकरघा कारीगर समेत, जनजाति परिवारों के ऐसे सदस्य जो केंद्र/ राज्य शासन की योजना के लाभान्वित हितग्राही हो, इन्हें विशेष अतिथि के रूप में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ से सात जनजाति लाभांवित हितग्राहियों जिन्हें अंत्यावसायी वित्त एवं विकास विभाग से विभिन्न योजना अंतर्गत लाभान्वित किया गया है को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किए जाने हेतु नई दिल्ली लाया गया है। गणतंत्र दिवस के दिन कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, डेलीगेट और तीनों सेवा के प्रमुखों के बीच इन विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया जाना निश्चित ही भारत सरकार की एक अच्छी पहल की शुरुआत है। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों से आए इन जनजाति हितग्राहियों द्वारा अब तक दूरदर्शन के माध्यम से टेलीविजन पर बैठकर हजारों किलोमीटर दूर से ही जो गणतंत्र दिवस परेड के दिन ध्वजारोहण, राष्ट्रपति के अभिभाषण एवं जीवंत झांकियां को देखा जाता रहा है, वह इस नए प्रयास से अब कर्तव्य पथ पर भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रत्यक्ष रूप से देश की इस गौरवशाली परंपरा के साक्षी बनने वाले हैं।

न्यूज गैलरी

76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर चेम्बर कार्यालय में ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचन्द गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी कि 76वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में रविवार, 26 जनवरी, 2025 को ठीक प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। चेम्बर पदाधिकारियों ने समस्त व्यापारी उद्योगपति बंधुओं से आग्रह किया है कि वे समय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में अवश्य ही उपस्थित होवें।

कमल कुमार जैन ने किया देहदान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रियदर्शनी नगर निवासी कमल कुमार जैन (90) का कल रात निधन हो गया। वे कुरवाई जिला विदिशा में प्राचार्य और ब्लॉक डेव्हलेपमेंट ऑफिसर थे। वे रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व कार्यपालन अभियंता राजेन्द्र कुमार जैन, कैनेडा निवासी इंजीनियर राकेश कुमार जैन और ज्योति जैन के पिता थे। कमल कुमार जैन की इच्छा के अनुरुप उनके परिवारजनों एवं श्री पार्श्वनाथ दिग्बर जैन मंदिर समिति टैगोर नगर के पदाधिकारियों ने उनके शरीर को आज पं. जवाहरलाल नेहरु स्मृति मेडिकल कालेज के एनाटामी विभाग को शैक्षणिक व अनुसंधान के लिए दान में दिया। इस अवसर पर परिजनों के साथ ही मंदिर समिति के राजेश जैन, पुषपेन्द्र जैन, प्रियंक जैन, नवीन मोदी, रजनीश जैन, शशिम मोदी शामिल थे। मेडिकल कालेज एनाटामी विभाग की प्रमुख डॉक्टर (प्रो) जागृति अग्रवाल, व्याख्याता कुशल चक्रवर्ती और डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने देह दान स्वीकार करते हुए कमल कुमार जैन और उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस : राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजभवन सचिवालय में राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि ''हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।'

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी

रायपुर/नवप्रदेश। महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर जिला के पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित 76वां गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राजवाड़े कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगी और परेड की सलामी लेंगी। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े कार्यक्रम में देश के लिए शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगी। उनके द्वारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी।

गणतंत्र दिवस पर उद्योगमंत्री देवांगन जशपुर में करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जशपुर में ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित होगा।

पटवारियों की हड़ताल खत्म, राजस्व संबंधित कामों में आएगी तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन कामों में आ रही परेशानियों को लेकर जारी पटवारियों की हड़ताल आज समाप्त हो गई है। आदर्श आचार संहिता और लोगों के कामों को देखते हुए पटवारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया है। आज से ऑनलाइन काम फिर शुरू करेंगे। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि पटवारियों से चर्चा जारी थी। आम जनता के हित में उचित निर्णय लिया है. अब प्रदेश में राजस्व संबंधित कामों में तेजी आएगी। बता दें कि शासन से आवश्यक संसाधन की मांग करते हुए पटवारी बीते 9 दिसंबर से काली पट्टी लगाकर काम कर रहे थे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग का बहिष्कार किया था। 6 दिसंबर से प्रदेशभर के पटवारी सभी वाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर बैठे थे।

साय सरकार आने के बाद आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

भाजपा के कमल पर बैठकर आई हैं मां लक्ष्मी: केदारगुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की सरकार में आर्थिक संकट था। कांग्रेस के कार्यकाल में घोटाले, भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ महतारी को लूटा जा रहा था। भाजपा के कमल पर मां लक्ष्मी बैठकर आई है। यह बात भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने आर्थिक और नक्सलवाद के विषय पर आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में कही। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने प्रेस ब्रीफ को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही के दिनों में मुंबई में छत्तीसगढ़ 'इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट' का दूसरा चरण आयोजित किया गया। छत्तसीगढ़ को भारत के मुख्य मार्ग पर प्रशस्त करने हेतु सरकार ने कई कदम उठाये है। यह इन्वेस्टर्स समिट उनमे से एक है। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को प्लास्टिक, कपड़ा, आईटी और खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों से 6,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी और रूस के महावाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव के साथ राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 का मूलतंत्र 'न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन के आदर्श को दुनिया के सामने रख छत्तीसगढ़ को वाणिज्य और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत के एक अभिन्न अंग के रूप में प्रदर्शित किया। राज्य की नई औद्योगिक नीति के लागू होने के बाद से छत्तीसगढ़ को रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन बैठकों के माध्यम से एक लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पिछले साल दिसम्बर 2024 में दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में प्रदेश को ?15,184 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले थे। इसमें प्रमुख रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने इनमें से 75त्न प्रस्तावों पर प्रतिबद्धता जताई थी। गुप्ता ने कहा इसके अतिरिक्त, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार और ईपीएफ प्रतिपूर्ति के साथ-साथ 5 से 12 वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रोत्साहन शुरू किए गए हैं।' बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की योजना है। बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रोत्साहन के साथ-साथ लौह और कोयला रॉयल्टी पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की छूट शुरू की गई है।

छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ाने भाजपा की सरकार ने कई नवीनतम कदम उठाए

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ाने हेतु भाजपा की सरकार ने कई नवीनतम कदम उठाए है। जहां कांग्रेस केवल राज्य और भारत को दशकों पहले के जंजाल में धकेलना चाहती है, वही यह भाजपा ही है जो छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ा रहा है. छत्तीसगढ़ को प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए और साथ ही प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए साय सरकार के कई कदम उठाए है, जैसे -अनापत्ति प्रमाण पत्र' (एनओसी) प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया गया है, और अब मंजूरी एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से दी जाती है, जिससे निवेशकों को काफी राहत मिली है। नया रायपुर में एक नए डेटा सेंटर के शुभारंभ की घोषणा, जिससे शहर को सूचना और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने में और मदद मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए विशेष रियायतें हैं।

नक्सली को भगवान बताने पर डिप्टी सीएम शर्मा की प्रतिक्रिया

जिसने सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी, उसके लिए ऐसी बात समझ से परे

रायपुर/नवप्रदेश । दो दिन पहले मारे गए एक करोड़ के ईनामी नक्सली चलपति को उसके ससुर द्वारा भगवान बताए जाने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने स्कूल बनने नहीं दिया, बिजली-पानी पहुंचने नहीं दी, कई बच्चों को बेघर किया, पुलिस से मिले होने की बात कहते हुए सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी। उसके लिए ऐसी बातें समझ से परे है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संगठन बैठक से पहले मीडिया से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में मनी म्यूल मामले में साइबर रेंज ने कार्रवाई करते हुए 3 नाइजीरियन सहित 62 लोगों को गिरफ्तार किए जाने पर रायपुर रेंज की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आगे भी कार्रवाई होगी। इसमें और बड़ी सफलताएं पुलिस को मिलेगी। एनडीपीएस और साइबर क्राइम के जितने केसेस हैं, उन सभी को मिलाकर देखा जा रहा है। जो भी बाहर से आकर या आस-पास के देशों से आकर यह काम कर रहे हैं, प्रदेश में पूरी योजना के साथ उनकी शिनाख्त कर कार्रवाई की जाएगी।

वीवीपैट पर भूपेश बघेल के सवाल पर कसा तंज

ईवीएम में वीवीपैट नहीं होने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन आयोग से किए गए सवालों पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर भूल जाते है कि ईवीएम से ही चुनाव हुए हैं। ये वही लोग हैं, जो महाराष्ट्र में चुनाव हारने पर धरने पर बैठते हैं, और झारखंड में चुनाव जीतने पर कपड़े बदलकर शपथ लेते हैं।

कांग्रेस की नई मुसीबत! प्रमोद के इलाके से चुनाव लड़ना चाहते है ढेबर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। प्रत्याशियों को लेकर पार्टियों में मंथन का दौर चल रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी नेता लगातार बैठकें कर रहे हैं। इसी बीच अब कांग्रेस के खेमे से एक बड़ी खबर सामने आई है। रायपुर के वर्तमान महापौर एजाज ढेबर अब भगवती चरण शुक्ल वार्ड से चुनाव लड़ेंगे। भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से सिंगल नाम पीसीसी को भेजा गया है। अब तक यहां से प्रमोद दुबे चुनाव लड़ रहे थे। वहीं ढेबर धर्मपत्नी अंजुमन ढेबर का नाम बैजनाथपारा में पैनल में फंस गया है। मेयर प्रत्याशी चयन के लिए भाजपा की बैठक से एक खबर बाहर निकलकर सामने आई है। इसके मुताबिक पार्टी के प्रदेश एक महामंत्री ने पड़ोस के निगम के महापौर के लिए अपना और अपने भाई का नाम पैनल में दिया है।

इससे पहले पार्टी ने क्राइटीरिया तय किया था कि जिला और मंडल अध्यक्ष को निकाय पंचायत चुनाव में टिकिट नहीं देगी। जबकि ये प्रदेश महामंत्री हैं। पहली बार प्रदेश अध्यक्ष की टीम में शामिल किए गए हैं । आज की बैठक लिए राष्ट्रीय। सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रभारी नितिन नवीन की अध्यक्षता में होनी है।

कैट सीजी चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा

रायपुर/नव प्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स सी।जी। चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में 76वॉ गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। मुख्य अथिति कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी रहेगें।

बीजेपी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी

■ **पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा का सपना होगा पूरा**

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर आज बीजेपी के प्रभारी नितिन नबीन छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बड़ा बयान दिया। नितिन नबीन ने कहा कि पंच से पार्लियामेंट तक बीजेपी का सपना पूरा होगा। बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर कहा कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए कई स्तर पर नाम सामने आए हैं, जिनमें राज्य स्तर के नाम भी शामिल हैं। नितिन नबीन ने यह भी कहा कि बीजेपी सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का काम करेगी।

आरोग्य शिविर

कंबल वाले बाबा के झाड़-फूंक का आयोजन, अंधविश्वास फैलाने की शिकायत

रायपुर में अब नहीं लगेगा 'काले कंबल वाले बाबा' का शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित नाकोड़ा जैन भवन में आयोजित होने वाले काले कंबल वाले बाबा के तथाकथित आरोग्य शिविर की अनुमति को कलेक्टर ने निरस्त कर दिया है। हाल ही में रायपुर के नेत्र विशेषज्ञ और अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति रायपुर के अध्यक्ष डॉ। दिनेश मिश्रा ने इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों पर सवाल उठाए थे, जिसके बाद यह आदेश जारी हुआ है। रायपुर कलेक्टोरेट कार्यालय से जारी इस आदेश में कहा गया है कि आवेदक प्रीतम कुमार साहू, के।बी।एफ। आरोग्य केंद्र, रायपुर ने आवेदन प्रस्तुत कर नाकोड़ा भवन भैरव सोसायटी, रायपुर में मंगलवार 21 जनवरी से शनिवार 25 जनवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आरोग्य शिविर का आयोजन करने की अनुमति हेतु अनुरोध किया गया था। उक्त के परिप्रेक्ष्य में आवेदक को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, रायपुर से प्राप्त अभिमत के आधार पर आवेदक को अनुमति दी गई थी, लेकिन आवेदक द्वारा कार्यक्रम का स्वरूप बदलकर कंबल वाले बाबा के झाड़-फूंक के शिविर का आयोजन कर अंधविश्वास फैलाने का कार्य किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायत और अंधविश्वास को बढ़ावा देने को दृष्टिगत रखते हुए आवेदक प्रीतम कुमार साहू को इस कार्यालय द्वारा 10 जनवरी को दी गई अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है।

गौरतलब है कि अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने इससे पहले 2018 में सरगुजा क्षेत्र में इसी कंबल वाले बाबा के आयोजित शिविर को बंद करवाया था। समिति की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया और स्वास्थ्य विभाग ने शिविर को बंद कर दिया था। उस समय इस घटना के कारण काफी विवाद हुआ था। कंबल वाले बाबा के शिविरों पर रोक लगाने डॉ। दिनेश मिश्र ने कलेक्टर को लिखा पत्र, कहा- बीमार मरीजों पर अपना कंबल ढंक कर ठीक करने का दावा करना है संदेहास्पद।

मीडिया सलाहकार का कांग्रेस पर गंभीर आरोप, चुराया भाजपा का स्लोगन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा एक बार फिर कांग्रेस पर हमला किया है। अबकी बार उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस पर दिल्ली के चुनाव में भाजपा का स्लोगन चुराने का आरोप लगाया है। पंकज झा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमने अनेक बार कहा है कि कांग्रेस के पास कुछ भी अपना और मौलिक नहीं है।

इसने भाजपा का नारा भी चुरा लिया। ऐसा नहीं करना चाहिए उन्हें। यह स्लोगन भाजपा ने छत्तीसगढ़, झारखंड आदि चुनावों में उपयोग किया है। पंकज झा ने अपने पोस्ट के साथ फोटो लगाया है, जिसमें एक तरफ भाजपा को पोस्टर है, जिसमें 'तैयारी पूरी है, भाजपा जरूरी है', लिखा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे 'दिल्ली में कांग्रेस है जरूरी' का स्लोगन दिखाया है। ऐसा नहीं करना चाहिए उन्हें।

यह स्लोगन भाजपा ने छत्तीसगढ़, झारखंड आदि चुनावों में उपयोग किया है। – पंकज कुमार झा पंकज झा जिस आक्रामक तेवर के साथ सोशल मीडिया में कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं, उसका जवाब अब तक कांग्रेस की ओर से नहीं आया है। यह कांग्रेस के लिए नया मोर्चा है, क्योंकि पंकज झा राजनीतिज्ञ नहीं है, ऐसे में उन पर सीधा हमला करना मुश्किल होता है।

न्यूज गैलरी

पायल गुप्ता ने घायलों को पहुंचाया जिला अस्पताल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने तीन बच्चों की जान बचाई यह मामला दंतेवाड़ा थाना क्षेत्र का है पायल गुप्ता राजनीतिक कार्यक्रम गीदम से वापस लौट रही थी तभी अचानक रेलवे क्रॉसिंग के पास जबरदस्त एक्सीडेंट हुआ जिसमें तीन लोग घायल हो गए और स्थिति की गंभीर थी पायल गुप्ता ने मानवता का परिचय देते हुए उन्हें अपनी गाड़ी में बैठक जिला अस्पताल पहुंचाया और उनका उपचार कराया। तीनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें उपचार के बाद जगदलपुर रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की ली शपथ

बीजापुर /नवप्रदेश। जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने, लोक तांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए धर्म, जाति, वर्ग , समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

अवकाश के दिन लिए जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

बीजापुर/नवप्रदेश। नगरपालिकाओं / त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एंव उप निर्वाचन 2025 कराये जाने हेतु समय- अनुसूची (कार्यक्रम) 20 जनवरी 2025 को जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025 को अवकाश के दिन भी नाम निर्देशन पत्र लेने की कार्यवाही होगी।

गणतंत्र दिवस : अंतिम रिहर्सल

बीजापुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस का अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम मुख्य समारोह स्थल बीजापुर के मिनी स्टेडियम में कलेक्टर संबित मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित हुआ। अंतिम रिहर्सल कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे सम्पन्न हुआ जिसमें सीआरपीएफ, सशस्त्र बल, नगर सेना, जिला बल, बस्तर फाइटर्स सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काऊट गाईड के कुल 09 टुकड़ियों ने परेड को सलामी दी।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए एक और पार्षद के लिए 13 फार्म बिके

अंतागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सभी जीनिकायों में नामांकन फार्म खरीदने एवं भरने की तारीख 22 जनवरी से शुरू हो चुका है। जहां नामांकन की अंतिम तिथि 28 जनवरी तक का है। वहीं अंतागढ़ नगर पंचायत में भी नामांकन फार्म खरीदने का दौर चालू हो गया है। बता दें कि अंतागढ़ एसडीएम कार्यालय में नामांकन फार्म खरीदने लोग आ रहे है क्योंकि 22 जनवरी को एक भी फार्म की बोहनी नहीं हुआ था। किंतु 23 जनवरी को कुल 10 फार्म बिके जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 01 फार्म और पार्षद के लिए वार्ड क्रमांक 04 में 1 फार्म वार्ड 05 के लिए ज्यादा 03 फार्म खरीदे गए वही वार्ड क्रमांक 06,07,08,

10 व 12 के लिए एक-एक फार्म टोटल 10 फार्म खरीदे गए। वहीं शुक्रवार को केवल चार फार्म पार्षद के लिए वार्ड क्रमांक 13 से 01 फार्म तो 14 से अधिक 03 फार्म लिए गए दो दिनों में टोटल 14 फार्म खरीदे गए है लेकिन वार्ड क्रमांक 01 , 02 , 03 ,09,11और वार्ड क्रमांक 15 से कोई भी बोहनी नहीं हुआ। किंतु अभी चार दिन शेष हैं, नामांकन फार्म लेने के लिए तो कहीं न कहीं निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले भी इस तारीख तक फार्म ले सकते हैं। क्योंकि अभी बात करें तो दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस ने एक भी नामांकन फार्म नहीं खरीदा है। क्योंकि दोनों पार्टियां अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि कल तक दोनों पार्टियों की फाइनल लिस्ट आ सकती है। और कहीं दोनों पार्टी से चुनाव लड़ने इच्छुक हैं, जिन्होंने आवेदन किए है।

अगर टिकट नहीं मिलता तो निर्दलीय के रूप में नामांकन फार्म भर सकते हैं। हालांकि दोनों पार्टियों में टिकट किसी का भी फाइनल हो, वह 26 या 27 तारीख को दोनों राष्ट्रीय पार्टी अपने प्रत्याशियों के साथ नामांकन फार्म भर सकते हैं।

मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का दिया गया प्रशिक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। नगरी निकाय चुनाव के तहत् जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर व नगरपालिका नोडल अधिकारी जयशंकर उरांव ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि सभी मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में ईवीएम के सभी पहलुओं व संपूर्ण प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत हो, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने कहा की नगरीय निकायों में ईवीएम से दो पद के लिए मतदान होना है, इसलिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने सभी अधिकारियों से निर्वाचन के लिए सौंप गए दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता व जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर भगवान दास चांडक ने प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम के कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया।

उन्होंने बताया कि मल्टी पोस्ट एवं मल्टी वोट प्रत्येक मतदाता दो पद के लिए मतदान करेंगे, पहले अध्यक्ष पद के लिए, दूसरा पार्षद पद के लिए उन्होंने दोनों पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर कमलेश सिंह ने पीपीटी के माध्यम से पीठासीन अधिकारी के साथ-साथ मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 के दायित्व के साथ साथ विभिन्न प्रपत्रो के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

एनआरडीए जमीन आवंटन का मामला

आईएएस ने कोर्ट में मांगी माफी, कहा-नहीं समझ पाया था आदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) द्वारा जमीन आवंटन में की गई कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने आदेशों का उल्लंघन करने और लंबित याचिका के बावजूद जमीन आवंटित करने पर अलॉटमेंट कमेटी के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार

सुनवाई के दौरान एनआरडीए के सीईओ और आईएएस अधिकारी सौरभ कुमार व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने पूछा कि जब मामला विचाराधीन था, तब जमीन का आवंटन किस आधार पर किया गया। सौरभ कुमार ने कहा कि उन्हें आदेश समझ नहीं आया, जिस पर कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, क्या हम यह लिख दें कि आईएएस अधिकारी को हाईकोर्ट के आदेश समझ में नहीं आया?सीईओ द्वारा माफी मांगने और गलत शब्दों के इस्तेमाल की बात स्वीकार करने के बावजूद कोर्ट ने कहा कि आदेश की अवहेलना गंभीर मामला है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गलत जानकारी देने पर असिस्टेंट मैनेजर की खिंचाई

कोर्ट ने हलफनामा पेश करने वाले असिस्टेंट मैनेजर को भी तलब किया और हलफनामे में गलत जानकारी देने पर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने पूछा कि हलफनामा तैयार करने में लापरवाही क्यों बरती गई और चेतावनी दी कि उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। कोर्ट ने कहा कि असिस्टेंट मैनेजर इस पद के योग्य नहीं हैं।

लंबित याचिका के बावजूद जमीन आवंटन पर सवाल

कोर्ट ने पूछा कि जब याचिका लंबित थी, तब जमीन का आवंटन क्यों किया गया। सौरव कुमार ने बताया कि यह निर्णय अलॉटमेंट कमेटी की अनुशंसा के आधार पर लिया गया। इस पर कोर्ट ने कमेटी के गठन और इसके सदस्यों के बारे में जानकारी मांगी।

कमेटी के खिलाफ एफआईआर के आदेश

कोर्ट ने आदेश दिया कि जमीन आवंटन प्रक्रिया में शामिल अलॉटमेंट कमेटी के सभी सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। कोर्ट ने कहा कि यदि याचिका पर निर्णय आने का इंतजार कर लिया जाता, तो यह समस्या नहीं होती।

न्यू टैक को किया गया था आवंटन

जानकारी के अनुसार, 27 सितंबर 2021 को कमेटी की अनुशंसा पर न्यू टैक ग्रुप को जमीन आवंटित की गई थी। यह आवंटन वर्ष 2023 में याचिका पर अंतिम निर्णय से पहले ही कर दिया गया, जो कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि आदेशों का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों और संबंधित कमेटी के सदस्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट की इस सख्ती से राज्य में सरकारी कार्यप्रणाली और पारदर्शिता को लेकर एक मजबूत संदेश गया है।

माता मावली मेला

कलेक्टर ने ली बैठक : सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

सभी विभागों को दी गई है अलग-अलग जिम्मेदारियां

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आगामी 19 फरवरी से शुरू होने वाले माता मावली मेला के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए कहा कि नारायणपुर में आयोजित होने वाले माता मावली मेला को एक एतिहासिक मेला माना जाता है। इस माता मावली मेला का आयोजन 19 फरवरी से 23 फरवरी तक किया जाएगा। उन्होने मेले में आने वाले व्यक्तियों हेतु पेयजल, शौचालय, छाया, सुरक्षा, चिकित्सा व्यवस्था सहित संबंधित स्टॉल लगाने तथा कार्यक्रम को गरिमामय रूप से आयोजन कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में उपस्थित अधिकारीयों से आयोजित माता मावली मेला व्यवस्था के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी को मेला प्रारंभ होने के एक सप्ताह पूर्व से लेकर समाप्ति तक मेला व्यवस्था का कार्य देखने के निर्देश दिये गये। मेला के दौरान किराया भण्डार, होर्डिंग, आमंत्रण पत्रों की छपाई, लाईट, साऊण्ड सर्विस, देव समिति, विद्युत सामग्री क्रय, जात्रा कार्यक्रम में आने वाले सिरहा तथा पूजा-पाठ दल के पुजारियों सदस्यों की भोजन व्यवस्था, मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं संपादित कार्यक्रमों की फोटोग्राफी तथा अन्य व्यय से संबंधित देयकों का प्रमाणिकरण उपरोक्त मेला समिति द्वारा किया जावेगा। मेला में व्यवस्था बनाये रखने तथा मेला के दौरान व्यय में पारदर्शिता बनाये रखने हेतु अधिकारियों का मेला समिति गठन किया गया है। देव समिति को मेला के दौरान पूजा-पाठ के लिये किन-किन सामग्रियों की आवश्यकता होती है। यह मेला समिति तय करेगी। पूजा-पाठ के लिये देव समिति को आवश्यकता अनुसार राशि प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीण जन जो मेला पूर्व देवी-देवताओं को लेकर आते हैं एवं मेला आरंभ होने के पूर्व जात्रा कार्यक्रम होता है, उक्त कार्यक्रम के लिये भोजन, जलाऊ लकड़ी, पेयजल शौचालय एवं अन्य व्यवस्था गोंडवाना भवन बखरूपारा में किये जाने का निर्णय लिया गया। देव समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों की सूची प्राप्त करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नारायणपुर को निर्देशित किया गया है। मेला के दौरान सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम सूची तैयार कर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास नारायणपुर द्वारा मेला समिति के समक्ष अनुमोदन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

नोडल अधिकारी-रिटर्निंग अधिकारियों की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने दिए निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने नोडल अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक संपन्न कराने निर्देशित किए। नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को प्रचार, जुलूस रैली एवं सभा कराने के लिए अलग अलग दिन एवं समय पर अनुमति देना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का पालन करते हुए कार्य करने निर्देश दिए।

नगरीय निकाय के लिए 22 से 28 जनवरी तक नाम निर्देशन जमा कर सकेंगे और 29 जनवरी को नामांकन जांच किया जाएगा। उम्मीदवार 31 जनवरी को नाम वापसी कर सकेंगे। 11 फरवरी को नगरीय निकाय में मतदान किया जाएगा तथा 15 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नाम निर्देशन 27 से 3 फरवरी तक जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 04 फरवरी को किया जाएगा। उम्मीदवार 06 फरवरी को नाम वापसी कर सकेंगे। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिले में मतदान पहला चरण में 17 फरवरी और दूसरा चरण 23 फरवरी को होगा, इसके लिए मतगणना 18 और 24 फरवरी को किया जाएगा।

नगरीय निकाय निर्वाचन दलीय आधार पर ईव्हीएम के माध्यम से मतदान संपन्न कराया जाएगा। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन मतदान पत्र के माध्यम से चुनाव कराया जाएगा। नगरपालिका क्षेत्र के मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम, वीवीपैट सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण एवं जमा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कानूनी अधिकार की जानकारी दी

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला व सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान के आदेश अनुसार उच्च प्राथमिक शाला मरकाबेड़ा में विशेष शिविर आयोजित किया गया शिविर में रिटेनर अधिवक्ता नारायणपुर चंद्र प्रकाश कश्यप के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी 2008 से 24 जनवरी 1966 को श्रीमती इंदिरा गांधी प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनने के दिन को मनाने आदेश दिया गया 6 से 14 वर्ष की बालक बालिकाओं को निरूशुल्क अनिवार्य शिक्षा का अधिकार 14 वर्ष के नीचे के बालक बालिकाओं को जोखिम पूर्ण कार्य में नहीं रखा जाएगा बाल विवाह अवरोध अधिनियम बालिकाओं का विवाह का उम्र 18 वर्ष है कम उम्र में विवाह करने वालों के लिए दंड का प्रावधान है। गुड टच एवं बेड टच चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम पुत्र-पुत्री का पैतृक संपत्ति पर बराबर का अधिकार के संबंध में विधिक जानकारी दिया गया घासीराम नेताम पी.एल.वी के द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा डालसा,नालसा,सालसा निःशुल्क अधिवक्ता न्यायालय में पैरवी हेतु प्राप्त होता है। के संबंध में जानकारी दिया गया शिविर में प्रधान पाठक श्रीमान नाग एवं शिक्षक शिक्षक गण छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित रहे।

मुख्य समारोह की अंतिम रिहर्सल का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बालक हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल आज कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने कार्यक्रम अनुसार बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, ध्वजारोहण, मार्च पास्ट, जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शहीदों के परिजनों से मुलाकात व सम्मान एवं पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने कार्यक्रमों के रिहर्सल का अवलोकन करने के बाद संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम को गरिमामय और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। मार्चपाप्ट के परेड कमाण्डर डीएसपी कुलदीप बंजारे और सहायक कमाण्डर उप निरीक्षक संजय टोप्पो हैं, जिनके द्वारा 14 दलों को कमाण्ड करते हुए मार्चपास्ट का रिर्हसल कराया गया। 09 विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की भूमिका पर अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई थे, जिसके साथ कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम गौतम पाटिल, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, रक्षित निरीक्षक मोहसीन खान सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव होंगे

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में गणतंत्र दिवस की गरिमामय आयोजन हेतु तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। 26 जनवरी को मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव द्वारा ध्वज फहराया जाएगा। कलेक्टर संबित मिश्रा ने कार्यक्रम की समस्त तैयारियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुऐ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण: मौत के बाद दफ्न के लिए जद्दोजहद, कई मामले हैं लटके दफ्ना

ने की अनुमति दी।

एक गज जमीन को लेकर चल रहा है विवाद : लंबे समय से अपने मूल धर्म को छोड़कर विशेष समुदाय में शामिल होने के बाद जब इनकी मौत हो जाती है, तो इन विशेष समुदाय के लोगों को अपनी ही जमीन में दफ्नाने के लिए लगने वाले एक गज की जमीन तक उन्हें नसीब नही हो पाती है, ऐसे में आदिवासी समाज का कहना है कि अपने मूल धर्म को छो?कर दूसरे समुदाय में जाने के कारण वापस अपने समुदाय में आकर अपने रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करने की बात कही जाती है।

वक्फ संशोधन बिल पर हंगामा

होने से पहले मीरवाइज ने कहा कि वह वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप नहीं करने का समर्थन करते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे सुझावों को सुना जाएगा और उन पर अमल किया जाएगा। ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाए, जो मुसलमानों को बसहज महसूस कराए। यह पहली बार है, जब लगभग निष्क्रिय हो चुके अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख मीरवाइज ने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी से बाहर कदम रखा है।

विपक्ष बहुमत की आवाज को दबाना चाहता है

उन्होंने कहा कि अगर आज और कल खंडवार चर्चा के लिए बैठक होती भी तो 27 जनवरी या 28 जनवरी को एक और बैठक होती। 27 जनवरी के लिए पहले से ही बैठक तय थी।

विपक्ष बहुमत की आवाज को दबाना चाहता है। ज्यादातर सदस्यों ने 27 जनवरी को बैठक करने का सुझाव दिया है। 29 जनवरी को हम अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेंगे। जब भी मैंने जेपीसी में बोलने के लिए माइक लिया है, विपक्ष ने हमेशा मेरी आवाज को दबाने की कोशिश की है।

क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर ट्रंप का कार्यकारी आदेश

को अमेरिका या विदेशों में अपने अधिकार क्षेत्र में सीबीडीसी की स्थापना, जारी करने या बढ़ावा देने के लिए कोई भी कार्रवाई करने से प्रतिबंधित किया जाता है।÷ आदेश में कहा गया है कि अमेरिका के अधिकार क्षेत्र में सीबीडीसी के निर्माण से संबंधित किसी भी एजेंसी की चल रही योजना या पहल को तुरंत समाप्त कर दिया जाएगा। ऐसी योजनाओं या पहलों को विकसित करने या लागू करने के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

क्रिप्टोकरेंसी पर अपना रुख पहले ही जाहिर कर चुके हैं डोनाल्ड ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप के नए कार्यकारी में डिजिटल परिसंपत्ति शब्द को भी परिभाषित किया गया है। आदेश के अनुसार डिजिटल परिसंपत्ति में बिटकॉइन, डिजिटल टोकन और स्टेबलकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी शामिल होंगी। उम्मीद है कि इस भंडार में बिटकॉइन शामिल होगा या इसमें सिर्फ बिटकॉइन ही होगा। पिछली गर्मियों में नैशविले में बिटकॉइन 2024 सम्मेलन में, डोनाल्ड ट्रम्प ने हैक और जब्ती से प्राप्त सरकार के पास पहले से रखे गए बिटकॉइन का उपयोग करके एक राष्ट्रीय रणनीतिक बिटकॉइन भंडार बनाने का संकल्प लिया था। अरखाम इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, अमेरिका में वर्तमान में 198,109 बिटकॉइन हैं जिनकी कीमत 20.1 अरब डॉलर से अधिक है।

सीनेटर भी बिटकॉइन रिजर्व बनाने की कर चुके हैं वकालत

सम्मेलन में ट्रम्प के भाषण के बाद, अमेरिकी सीनेटर सिंथिया लुमिस ने एक रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने के लिए भी कानून पेश किया था।

उनके बिल में अमेरिकी सरकार को 5 साल तक हर साल 200,000 बिटकॉइन खरीदने की बात कही गई थी, जब तक कि वह कुल 1,000,000 बिटकॉइन नहीं खरीद लेती। हालांकि, इस कानून को अंतिम मंजूरी के लिए राष्ट्रपति की मेज पर जाने से पहले प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों से गुजरना होगा।

क्रिप्टो के मामले में चुनावी अभियान के दौरान किए गए वादे निभा रहे ट्रंप

अब तक, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने चुनाव अभियान के दौरान किए गए बिटकॉइन से जुड़े विवादों पर अपना दा निभाया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने बिटकॉइन के समर्थक और सिल्क रोड के संस्थापक रॉस उलब्रिच को पूर्ण और बिना शर्त माफी दे दी थी। इसके साथ ही, ट्रम्प रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने, सीबीडीसी पर प्रतिबंध लगाने, एक कार्य समूह या सलाहकार परिषद बनाने और क्रिप्टोकरेंसी की दिशा में बहुत कुछ करने के अपने वादे पर आगे बढ़े।

क्यों होती है केन्द्रीय बजट से पहले हलवा सेरेमनी

मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारी नॉर्थ ब्लॉक के बेसमेंट में ही रहते हैं। जहां पूरी गोपनीयता रखी जाती है। दावों के मुताबिक मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों पर इंटेलिजेंस ब्यूरो की चौबीसों घंटे निगरानी रहती है, उन्हें प्रियजनों से संपर्क करने की भी अनुमति नहीं होती। यहां तक की उन्हें फोन करने की भी इजाजत नहीं होती है। सीसीटीवी के एक मजबूत नेटवर्क और जैमर के जरिए उन्हें बाहरी संपर्क से काट कर रखा जाता है।

बताया जाता है 1950 तक बजट दस्तावेज की छपाई राष्ट्रपति भवन में होती रही लेकिन उसी वर्ष बजट के लीक हो जाने के बाद इसे मिंटो रोड और बाद में नॉर्थ ब्लॉक के बेसमेंट में स्थानांतरित कर दिया गया। उसके बाद बजट की छपाई स्थायी रूप से इसी प्रिंटिंग प्रेस में होने लगी।

न्यूज गैलरी

नगरीय निकायों में 25 को भी जमा होंगे नामांकन पत्र

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जिले में शनिवार 25 जनवरी 2025 को सभी नगरीय निकायों में नाम-निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रहेगी। निर्देश हैं कि 25 जनवरी को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए आम चुनाव की प्रक्रिया के तहत नामांकन जमा करने की शुरुआत 22 जनवरी से हो चुकी है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, शनिवार 25 जनवरी को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा नामांकन पत्र लिए जाएंगे। चूंकि इस दिन सार्वजनिक अवकाश नहीं है, इसलिए नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सामान्य रूप से जारी रहेगी।

गणतंत्र दिवस पर बस्तर सांसद फहराएंगे राष्ट्रध्वज

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार 26 जनवरी को जिला स्तर पर समारोहर आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेश कश्यप के द्वारा नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा। सांसद श्री कश्यप सम्पूर्ण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन करेंगे। इसके अलावा मार्चपास्ट में सम्मिलित जवानों के द्वारा परेड की सलामी, पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभागीय झांकियों के पश्चात् उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को उनके द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

मतदाता दिवस पर अपर कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई शपथ

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आज संयुक्त जिला कार्यालय

भवन के तृतीय सभागार में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से संबंधित है, जहां अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता शपथ दिलाई। इस शपथ में नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने, तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर श्री पात्रे ने लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

महापौर के लिए 3 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में 22 जनवरी से नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। जिसके तहत आज दूसरे दिन 23 जनवरी को महापौर पद के लिए 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम रायगढ़ के महापौर पद हेतु वार्ड क्रमांक-3 से श्री जेठूराम मनहर, वार्ड क्रमांक 38 से श्री मुरारीलाल भट्ट तथा वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर रायगढ़ से श्रीमती जानकी बाई काटजू ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न वार्डो से 30 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए। नगर पालिका परिषद खरसिया में अध्यक्ष पद हेतु 2 तथा पार्षद पद हेतु 10 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह नगर पंचायत धरमजयगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद के लिए 9, नगर पंचायत घरघोड़ा में पार्षद पद हेतु 8, नगर पंचायत पुसौर में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं पार्षद पद के लिए 1 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिए गए।

गणतंत्र दिवस का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ, जवानों ने दी राष्ट्रध्वज को सलामी

■ स्कूली विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों मनमोहक प्रस्तुति

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह रविवार 26 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर आज सुबह नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और एसएसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला की उपस्थिति में अंतिम पूर्वाभ्यास सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बने एसडीएम कांकेर ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराकर सलामी दी।

आज सुबह ठीक 9.00 बजे राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि बने एसडीएम कांकेर श्री अरूण कुमार वर्मा का मुख्य समारोह स्थल पर आगमन हुआ, जहां पर कलेक्टर और एसएसपी श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला ने स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य मंच पर पहुंचकर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रध्वज तिरंगा को फहराकर सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा परेड ग्राउंड का निरीक्षण जिप्सी में सवार होकर किया गया। इस दौरान कलेक्टर और एसएसपी श्री पटेल भी उनके साथ मौजूद थे। तत्पश्चात् जिला पुलिस बल, जिला सेनानी, बस्तर फाइटर्स, फॉरेस्ट गॉर्ड्स 135 जवान और एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स की टोलियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया तथा मुख्य अतिथि बने एसडीएम श्री वर्मा ने दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें विद्यार्थियों ने लगभग एक हजार पीटी सहित देशभक्ति गीतों और थीम पर आधारित नृत्य उमंग और जोश के साथ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस अहिरवार, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री महेश कश्यप के द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा, जिसके सभी प्रायोजित कार्यक्रमों का आज मिनट टू मिनट अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का आमजनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न नक्सल मोर्चों में शहीद हुए जिले के 92 पुलिस जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दलों को भी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा।

निर्वाचन के दौरान गलती की गुजाइंश न रहे- कलेक्टर

प्रशिक्षण में निर्वाचन की प्रक्रियाओं को गंभीरता से सीखे : कलेक्टर

कलेक्टर ने प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने आज नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रशिक्षण स्थल विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक एवं एनसीडीसी मुड़ापार का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को ईवीएम संचालन सहित अन्य प्रक्रियाओं का बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करने प्रेरित किया।

कलेक्टर वसंत ने सभी को जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हम पहले भी निर्वाचन कार्य कर चुके हैं, ऐसा मानकर प्रशिक्षण को नजर अंदाज न करें। मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान करें और अपनी जानकारी को बढ़ाते हुए प्रशिक्षण के बिन्दुओं को नोट भी करें। उन्होंने प्रशिक्षण देने वाले अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन का कार्य चरणबद्ध तरीकों पर आधारित वह प्रक्रिया है, जो कि प्रशिक्षण पर टिका है। मास्टर ट्रेनर जितने अच्छे से प्रशिक्षण देंगे और मतदान दल के अधिकारी जितने गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उनके लिए निर्वाचन कराना उतना ही आसान हो जाएगा।

कलेक्टर ने पूर्व में निर्वाचन कार्य का दायित्व सम्हाल चुकी महिलाओं को इस बार भी आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्वाचन के कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में गलती की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। निर्वाचन का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता से जुड़ा होता है। कुछ लोग पहले भी निर्वाचन कार्य में जिम्मेदारी सम्हाल चुके हैं। ऐसे लोग प्रशिक्षण के दौरान यह मानकर चलें कि यह ट्रेनिंग उनकी पहली ट्रेनिंग है। उन्होंने किसी को भी अति आत्मविश्वास में रहकर निर्वाचन कार्य नहीं करने की बात कही, ताकि गलतियां न हो। उन्होंने विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों को अच्छे से समझें और ईवीएम से मतदान कराने के अलावा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के विषय में जानकारी हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या व शंका को दूर करने प्रशासन की टीम आपके साथ रहेगी।

कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में महिलाओं की सुरक्षा तथा सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की जानकारी दी। एनसीडीसी स्कूल में 645 और विद्युत गृह उच्च माध्यमिक विद्यालय में 800 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस परेड का फाइनल रिहर्सल

बलरामपुर। जिले में 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। जिसके तैयारी के लिए कार्यक्रम के रूपरेखा के अनुसार पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल किया गया। कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विश्व दीपक त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय स्थित आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नयन तारा सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। परेड कमांडर द्वारा मुख्य अतिथि को परेड निरीक्षण हेतु रिपोर्ट किया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के पश्चात् मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री के संदेश का प्रतीकात्मक वाचन किया। इस दौरान पुलिस के जवानों द्वारा राष्ट्रगान के धुन पर तीन बार हर्ष फायर किया गया। पुलिस के जवानों एवं स्कूली बच्चों ने पूर्ण गणवेश में मार्च पास्ट किया। परेड के मार्च पास्ट के पश्चात् मुख्य अतिथि के साथ परेड कमांडर का परिचय एवं ग्रुप फोटो का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारियों को समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर अपर कलेक्टर आर .एस. लाल, अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर अमित श्रीवास्तव सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली खेलकूद सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। शुक्रवार को ग्राम पंचायत हाटकर्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला कन्या आश्रम के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अनुसूईया साहू पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग नीरज भू आर्य सुखदेव सर्पे प्रधान पाठक, उमेश साहू नरेश निर्मलकर शिक्षक एवं राजेश्वरी कांगे, भावना साहू ,सुशीला देहारी शिक्षिका एवं इंद्रा सोनवानी बसंत पुजारी साधना आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सेक्टर पर्यवेक्षक अनुसूईया साहू द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस मानने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया ।बालिका आज हर क्षेत्र में आगे हैं चाहे वह सांस्कृतिक ,राजनीतिक विज्ञान के क्षेत्र में हो शिक्षा के क्षेत्र में हो, खेलकूद में हो। बिना बेटी के संसार कि कल्पना नहीं की जा सकती। बेटी बेटा को समान समान शिक्षा पोषण मिले क्योंकि बेटी ही आगे चलकर भाभी मां बनेगी और एक स्वस्थ बच्चे को जन्म देगी जो एक समाज का राष्ट्र का निर्माण में सहायक होगा। बेटी का जन्म अभिशाप नहीं वरदान है। इन्हीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,,कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहा है योजना जैसे नोनी सुरक्षा योजना सुकन्या समृद्धि योजना आदि कार्यक्रम की जानकारी दिया गया । कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं द्वारा कबड्डी ,खो-खो, क्रिकेट, रस्साकसी, दौड़ आदि खेलकूद कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया ।कार्यक्रम में विजेता बालिकाओं को पुरस्कार सम्मानित किया गया है।

25 को भी किया जा सकेगा नामांकन

रायगढ़। नगरपालिकाओं/त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन 2025 के लिए जारी कार्यक्रम के तहत 22 से 28 जनवरी तक नाम निर्देशन पत्र लिए जा रहे हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि 25 जनवरी 2025 दिन शनिवार को भी प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के उप सचिव के द्वारा सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर अवगत कराया गया है कि नगरपालिकाओं/त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन कराये जाने हेतु समय-अनुसूची 20 जनवरी को जारी किया गया है।

सारथी दिवस पर बस ट्रक ऑटो सहित स्कूल बस चालकों का गुलाब फूल देकर सम्मान

कांकेर। 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात जागरूकता एवं सड़क नियमों के प्रवर्तन हेतु जिला कांकेर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को यातायात पुलिस ने सारथी दिवस के अवसर पर वाहन चालक एवं संत माइकल पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल के बस चालकों का गुलाब फूल देकर उनका सम्मान किया गया।इसी तारतम्य मे पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के निर्देशानुसार दीपक सॉव यातायात प्रभारी कांकेर के नेतृत्व मे उनि रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि महावीर मिश्रा, प्र आर. पवन नेताम, अभिषेक दुबे,आर.पूरन मंडावी एवं विवेक पम्मार के द्वारा सारथी दिवस के अवसर पर जिले के स्कूलों मे जाकर सभी स्कूल बस ड्राइवरों को व नेशनल हाईवे पर चलने वाले बस, ट्रक ऑटो एवं अन्य चालकों को भी गुलाब का फूल देकर सारथी दिवस के अवसर पर यातायात पुलिस कांकेर द्वारा सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिलाई गई शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को मतदान में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने तथा निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा से उपर उठकर किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की शपथ सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों व अन्य मतदाताओं को दिलाई। इस अवसर पर एसएसपी श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला, अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी, एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसी तरह जिला कार्यालय परिसर में भी सुबह 11.00 बजे अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार कुर्रे के द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को मताधिकार का अनिवार्यतः प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

प्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या: सीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-126-24-25, दिनांक: 15.01.2025. कार्य: वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ... निविदा मूल्य: ₹ 1,20,66,261.27. अमानत राशि: ₹2,10,300.00. कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।

प्र.संख्या (2) ई-निविदा संख्या: सीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-127-24-25, दिनांक: 15.01.2025. कार्य: वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ... का सुधार कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 1,02,68,393.26. अमानत राशि: ₹ 2,01,400.00. कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।

प्र.संख्या (3) ई-निविदा संख्या: सीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-128-24-25, दिनांक: 15.01.2025. कार्य: वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कॉलोनी की सड़कों का सुधार कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 2,16,15,956.71. अमानत राशि: ₹ 2,58,100.00. कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।

प्र.संख्या (4) ई-निविदा संख्या: सीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-129-24-25, दिनांक: 15.01.2025. कार्य: 30 जून 2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए ... निविदा मूल्य: ₹ 1,19,74,403.58. अमानत राशि: ₹ 2,09,900.00. कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: 27.01.2025 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 10.02.2025 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचनाओं की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
सीपीआर/10/449 द.पू.म.रे., बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

आयोग की अनुशंसा...

रायगढ़ जिला मतदान प्रतिशत के मामले में पूरे प्रदेश में शीर्ष में रहा

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल राज्य स्तर पर होंगे सम्मानित

■ भारत निर्वाचन आयोग की अनुशंसा पर जिले में कुशल निर्वाचन संचालन के लिए मिलेगा सम्मान

रायगढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की अनुशंसा पर रायगढ़ जिले में निर्वाचन के कुशल संचालन के लिए मिलेगा। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय के सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सम्मान समारोह आयोजित है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में संचालित मतदाता जागरूकता और इलेक्शन मैनेजमेंट कार्यक्रमों का परिणाम रहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में रायगढ़ जिले में रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग हुई। रायगढ़ जिला मतदान प्रतिशत के मामले में पूरे प्रदेश में शीर्ष में रहा। जिलों के आंकड़ों को देखें रायगढ़ जिले में 81.60 प्रतिशत मतदान हुआ। जो प्रदेश के सभी जिलों में सबसे अधिक है। पिछले बार से यह 2.14 प्रतिशत अधिक है। वहीं पूरे लोकसभा के लिहाज से देखें तो रायगढ़ लोकसभा में 78.85 प्रतिशत मतदान हुआ जो प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

पूरे छत्तीसगढ़ के टॉप मतदान प्रतिशत वाले विधानसभा की लिस्ट में पहले स्थान पर रायगढ़ का धरमजयगढ़ और दूसरे स्थान पर लैलूंगा विधानसभा रहा। धरमजयगढ़ में 84.61 प्रतिशत वोटिंग हुई और लैलूंगा में 84.26 प्रतिशत मतदान हुआ। खरसिया में 83.56 प्रतिशत वोटिंग हुई, सूची में खरसिया चौथे स्थान पर रहा। पिछले लोकसभा में रायगढ़ जिले में 79.46 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। इस लिहाज से रायगढ़ जिले में इस बार 2.14 फीसदी वोटिंग ज्यादा हुई। सभी विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है।

माइक्रो मैनेजमेंट पर फोकस कर हासिल हुई बड़ी उपलब्धि

बड़ी कार्ययोजना के सफल होने में माइक्रो मैनेजमेंट का बड़ा हाथ होता है। इसी माइक्रो मैनेजमेंट ने रायगढ़ में मतदान को लेकर एक नई इबारत लिखी गई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में पूरे प्रशासनिक अमले ने जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। सीईओ जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए गए। जिसका परिणाम रहा कि जिले में पिछले चुनाव के मुकाबले मतदान प्रतिशत में 2.14 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई।

''सारथी दिवस'' के मोके पर 45 वाहन चालकों का हुआ सम्मान

दंतेवाड़ा। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेल मैदान में आज विभिन्न विभागो में कार्यरत वाहन चालकों का ''सारथी दिवस'' के तहत सम्मान कर प्रशस्ति पत्र दिया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/ 2058/तक.शा./नि./2025 — बड़े बचेली, दिनांक 22/01/2025

// मैनुअल निविदा स्थगन सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा आमंत्रित निविदा क्रमांक 1007 दिनांक 15.01.2025 को आदर्श आधार संहिता लागू होने के फलस्वरूप स्थगित किया जाता है। आगामी निविदा तिथि निर्धारण उपरांत पृथक से संक्षिप्त सूचना प्रकाशन किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बड़े बचेली
जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

बिलासपुर स्टेशन में पुनर्विकास कार्य तीव्रता से जारी, एजीएम विजय कुमार साहू, डीआरएम राजमल खोईवाल ने किया निरीक्षण

‘पुनर्विकास कार्य के दौरान यात्रियों की सुविधाओं को विशेष प्राथमिकता’

■ मौजूदा कुछ यात्री सुविधाए अस्थायी रूप से हो रही प्रभावित

■ यात्रियों को असुविधा से बचाने सभी आवश्यक कदम उठा रहा रेलवे

बिलासपुर/नवप्रदेश। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिलासपुर स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पुनर्विकास कार्य के दौरान यात्रियों की सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। निर्माण कार्य के कारण स्टेशन पर अस्थायी रूप से कुछ सेवाएं और सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं।

रेलवे प्रशासन यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। इसी संदर्भ में आज एजीएम विजय कुमार साहू एवं डीआरएम राजमल खोईवाल ने बिलासपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किये और कार्य की प्रगति का जायजा भी लिये। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन,वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, मंडल, मुख्यालय व गति शक्ति यूनिट के अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि रेलवे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि पुनर्विकास कार्य के चलते कुछ मौजूदा यात्री सुविधाएं अस्थायी रूप से प्रभावित हो रही है, लेकिन रेलवे यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में सुचारु यातायात व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

बिलासपुर स्टेशन में यात्रियों के लिए किए गए हैं विशेष व्यवस्थाएं

नये भवन निर्माण हेतु बेरिकेटिंग के साथ यात्री सुविधाओं में विभिन्न बदलाव किये गए हैं। स्टेशन आवागमन हेतु सड़क मार्ग में परिवर्तन किया गया है। नये स्टेशन भवन के निर्माण कार्य हेतु गेट नं 03 को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। यात्रियों के आवागमन हेतु गेट नं 01 व 02 पूरी तरह से खुला रहेगा साथ ही यहाँ पर ड्रॉप एंड गो की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। गेट नं 04 से भी यात्रियों का आवागमन सुचारु रहेगा लेकिन गेट नं 04 पहुँचने के मार्ग में आंशिक रूप से परिवर्तन किया गया है। सड़क यातायात व्यवस्था को सुचारु करने हेतु कहीं पर वनवे और कहीं पर टूवे का प्रावधान किया गया है। यातायात व्यवस्था प्रदर्शित करने वाले साइनेज बोर्ड आदि भी लगाए गए हैं।

निर्माण कार्य में सहयोग करें

उपरोक्त बदलाव यात्रियों की सुविधा हेतु निर्माण कार्य के प्रगति के आधार पर किया गया है। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा समय को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर पर्याप्त समय पहले पहुंचें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। साथ ही निर्माण कार्य की पूर्णता तक सहयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।

■ न्यूज गैलरी

लायंस क्लब वसुंधरा ने किया कपड़े की थैलियों का वितरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए वसुंधरा ने कपड़े की थैलियां का वितरण किया जिसमें अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी जी सचिव अर्चना तिवारी , हंसा सेलारका उपस्थिति रही बृहस्पति बाजार की सब्जी मंडी में एवं फल व्यापारियों को यह संदेश दिया की प्लास्टिक पन्नी का उपयोग हमारे लिए हानिकारक है जिसका कि यूस करके हम जो सड़कों में फेंकते हैं उस प्रदूषण तो बढ़ता ही है साथ ही जानवरों के लिए भी हानिकारक है क्योंकि हम कुछ खाने की चीज प्लास्टिक पन्नी में भरकर जब फेंकते हैं तो जानवर इन्हें खाने के साथ-साथ निगल जाते हैं जो कि उनकी असमय मृत्यु का कारण बनता है इसलिए वसुंधरा क्लब ने लायंस क्लब वसुंधरा का टैग लगाकर कपड़े की थैलियां का वितरण किया।

तेजी से कार्य पूर्ण करने एजेंसियों को दी चेतावनी, कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा

अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं के निर्माण में विलंब पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेक्टर की मजबूती के लिए गत 1 वर्ष में डीएमएफ सहित अन्य मद से 30 करोड़ के लगभग कार्य मंजूर किए गए हैं। लेकिन इन कार्यों की प्रगति अत्यंत धीमा है। मरीजों और जनहित के कामों में ढिलाई और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कार्य एजेंसियों को तेज गति से काम करने की चेतावनी दी है। बैठक में निगम आयुक्त अमितकुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सीएमएचओ डॉक्टर प्रमोद तिवारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अवनीश शरण ने आज अपने कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की कार्य एजेंसी अफसरों, पीएचई, पीडब्ल्यूडी और निर्माण एजेंसियों की बैठक ली। उन्होंने डीएमएफ के तहत स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन के लिए स्वीकृत किए गए कार्यों की सिलसिलेवार समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में नलकूप खनन और पेयजल आपूर्ति के विषय में पीएचई के जिम्मेदार अधिकारी से जानकारी ली, स्पष्ट जवाब न मिलने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराज़गी जाहिर की और अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल और सिम्स के लिए स्वीकृत कार्यों की जानकारी ली और अधूरे कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अनुमोदित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने अफसरों की लापरवाही और लेटलतीफी पर कड़ी आपत्ति जताई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में सोलर पैनल के विषय में क्रेडा प्रभारी से जानकारी ली, डीएमएफ के तहत 15 स्वास्थ्य केंद्रों में सौर संयंत्र की स्थापना की जा रही है,जिनमें से 10 केंद्रों में सोलर पैनल की स्थापना की जा चुकी है, जिस पर कलेक्टर ने संतोष जाहिर किया।

अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें

कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं जिसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए ये जरूरी है कि जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें। उल्लेखनीय है कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए डीएमएफ के तहत बिल्हा, बेलगहना, आमागोहन, कुरदर, सीपत, खोनंदरा, पिपरतराई, सिम्स, जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में अधोसंरचना विकास के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

चुनाव में भागीदारी लेकर समाज की पहचान बनाएं

■ राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी संजय ने निषाद समाज के भवन का किया उद्घाटन

बिलासपुर/नवप्रदेश। निषाद मछुआ समाज की लड़ाई छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक लड़ने भगवान श्री रामचंद्र के वंशज संजय सिंह राजपूत व सुरज निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद पार्टी और निषाद पार्टी के पदाधिकारी, ग्राम मचगांव, कवर्धा में जाकर निषाद समाज के भवन का उद्घाटन किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया और समाज को एकता और संगठन की ताकत के बारे में एक जुट होने के बारे में जानकारी दी और आने वाले पंचायती चुनाव में निषाद समाज को अधिक से अधिक भागीदारी लेकर समाज की एक पहचान और ताकत की बात की। जिसमें निषाद समाज के ग्रामवासी व निषाद पार्टी की ओर से सूरज निषाद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, राजकुमार निषाद प्रदेश संगठन अध्यक्ष ,भानु प्रताप निषाद कवर्धा, विजय कैवर्त तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष, नीलू कुमार धीवर लोरमी ब्लाक अध्यक्ष और सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

जमीन आवंटन मामले में आईएएस सौरभ ने कोर्ट में आईएएस किरण का लिया नाम

■ हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जमीन आवंटन में की गई कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने आदेशों का उल्लंघन करने और लंबित याचिका के बावजूद जमीन आवंटित करने पर अलॉटमेंट कमेटी के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।जमीन आबंटन के मामले में आईएएस सौरभ कुमार उच्च न्यायालय में उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान एनआरडीए के सीईओ और आईएएस सौरव कुमार व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने पूछा कि जब मामला विचाराधीन था, तब जमीन का आवंटन किस आधार पर किया गया। सौरव कुमार ने कहा कि उन्हें आदेश समझ नहीं आया, जिस पर कोर्ट ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, क्या हम यह लिख दें कि आईएएस अधिकारी को हाईकोर्ट के आदेश समझ में नहीं आया? सीईओ द्वारा माफी मांगने और गलत शब्दों के इस्तेमाल की बात स्वीकार करने के बावजूद कोर्ट ने कहा कि आदेश की अवहेलना गंभीर मामला है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

कमेटी के खिलाफ कोर्ट ने दिए एफआईआर के आदेश

कोर्ट ने आदेश दिया कि जमीन आवंटन प्रक्रिया में शामिल अलॉटमेंट कमेटी के सभी सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। कोर्ट ने कहा कि यदि याचिका पर निर्णय आने का इंतजार कर लिया जाता, तो यह समस्या नहीं होती।जानकारी के अनुसार, 27 सितंबर 2021 को कमेटी की अनुशंसा पर न्यू टैक ग्रुप को जमीन आवंटित की गई थी। यह आवंटन वर्ष 2023 में याचिका पर अंतिम निर्णय से पहले ही कर दिया गया, जो कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि आदेशों का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों और संबंधित कमेटी के सदस्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट की इस सख्ती से राज्य में सरकारी कार्यप्रणाली और पारदर्शिता को लेकर एक मजबूत संदेश गया है।

2 साउंड बाक्स व एक एम्पलीफायर जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोलाहल अधिनियम के विरूद्ध सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 नग साउंड बाक्स, 1 नग एम्पली फायर जब्त किया है। 23 जनवरी को रैली के दौरान बिलासा चौक शनिचरी रोड में अपने डी. जे. में साउण्ड बाक्स सिस्टम 2 नग साउंड बाक्स, 1 नग एम्प्लीफायर लगाकर अत्याधिक तेज आवाज में बजाना पाये जाने जिससे आस-पास रहने वाले लोगों को आवाज से परेशानी होना ध्वनि प्रदुषण होना पाये जाने पर साउंड सिस्टम एवं एम्प्लीफायर को जब्त किया गया।

स्वस्थ जीवनशैली के लिए रोज करें योगः यशपाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयुष ग्राम सिंघरी विकासखंड बिल्हा में आयोजित पांच दिवसीय योगाभ्यास शिविर आज सम्पन्न हुआ। सुदूर ग्रामीण अंचल में आयोजित योग शिविर का 855 लोगों ने लाभ उठाया। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में यह 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयुष ग्राम सिंघरी के माध्यमिक शाला प्रांगण में 20 से 24 जनवरी तक रोजाना प्रातः 6 बजे 8 बजे तक रखा गया था। योग प्रशिक्षक रामेश्वर प्रसाद बरगाह द्वारा सूर्य नमस्कार, नौकासन, वृक्षासन, पवन मुक्तासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी सहित बहुत से योगासनों का अभ्यास कराया गया। योगासन पश्चात अंकुरित चना, मूंग, मूंगफली, किशमिश एवं रोग प्रतिरोधक काढ़ा का वितरण किया गया। 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में 855 हितग्राहियों ने योगाभ्यास का लाभ उठाया। योग प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ कुमुदिनी पटेल ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए अपील की योगाभ्यास को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, ताकि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। योग प्रशिक्षण शिविर में लक्ष्मी कुमार साहू (फार्मासिस्ट), कुशल प्रसाद यादव, श्री आकाश यादव, श्री शानू यादव एवं जन प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

संभागायुक्त व कलेक्टर ने मतदाता दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे एवं कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारियों-कर्मचारियों को एक मतदाता के रूप में सजगता एवं निष्पक्षता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को अवकाश की वजह से चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ का कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। कमिश्नर महादेव कावरे ने अपने कार्यालय में तथा कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला कार्यालय परिसर में सवेरे 11 बजे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को थपथ दिलाई। सभी ने यह शपथ ली कि लोकतंत्र में हम अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर बिना किसी भेद-भाव अथवा प्रलोभन में आये अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी ने बताया कि 25 जनवरी को कोनी स्थित कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में सवेरे 10 बजे मतदाता दिवस समारोह मनाया जायेगा। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियो को प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा। इसी तरह जिले के सभी कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।

सजगता व निष्पक्षता के साथ मताधिकार का प्रयोग करें

हटरी चौक जूना बिलासपुर में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम 26 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एक ÷शाम शहीदों के नाम कराओके कार्यक्रम 26 जनवरी 2025, रविवार को किया जा रहा है जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इसमें किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, आशा भोंसले एवं अन्य गायक के गाए देशभक्ति गीत का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। गायक सूरदास कुमारी पूजा एव मास्टर पृथ्वीराज और राजेश कुमार गुप्ता के द्वारद्य देश भक्ति से भरा गीतों को अपने मुखारविंद से देशभक्तों को सुनाएंगे, समय प्रातः 8 बजे से स्थान हटरी चौक, जूना बिलासपुर मैं होगा, उक्त कार्यक्रम में बिलासपुर नगर के छुपी हुई प्रतिभा जो कराओके में गीत गाना चाहते हैं उन्हें भी इसमें अद्यमंत्रित किया गया है इच्छुक कराओके में गीत गद्यने वाले पुरुष एव महिलाएं, बालक बालिकाएं सभी के लिए फ्री एंट्री रखी गई है, जूना बिलासपुर के सभी व्यापारी पदाधिकारी एव सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

कार्रवाई

गिरफ्तार तीनों वारंटियों को न्यायालय में पेश किया गया

पंचायत चुनाव के मद्देनजर पचपेड़ी पुलिस ने किया तीन वारंटियों को गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना पचपेड़ी के 2 स्थायी वारंटी व 1 गिरफ्तार वारंटी सहित तीन वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर आगामी नगरीय निकायो व ग्राम पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामील करने का आदेश दिये हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर (ग्रामीण) उदयन बेहार तथा नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा सिद्धार्थ बघेल द्वारा निर्देश दिया गया है। थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार टंडन द्वारा वारंट तामील हेतु विशेष टीम बनाकर रवाना किया गया था। अभियान अंतर्गत 2 स्थाई वारंटी तथा 1 गिरफ्तारी वारंटी कुल 03 वारंटी को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पचपेड़ी श्रवण कुमार टंडन ,आरक्षक छत्रपाल डहरिया, आरक्षक प्रशांत महिलांगे, महिला आरक्षक नीता का विशेष योगदान रहा।

10 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित महिला गिरफ्तार

अवैध शराब बेचने वाली आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 1आरोपीयां के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार बिलासपुर पुलिस लगातार नशे के खिलाफ़ कार्यवाही कर रही है इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर के शहरी तथा सभी ग्रामीण थानो में लगातार शराब/गांजा/नशीली पदार्थ बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 23 जनवरी को थाना प्रभारी कोनी नवीन कुमार देवांगन को सूचना मिली की घुटकू महामाई पारा में अवैध शराब बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर कोनी थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम भेजकर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपीयां दुर्गा वर्मा पति अश्वनी वर्मा उम्र 31 साल साकिन महामाईपारा घुटकू थाना कोनी से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपीयां के विरुद्ध वजह सबूत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर आबकारी अधिनियम 34(2) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

न्यूज गैलरी

जिला कलेक्टोरेट में कमाण्ड सेंटर स्थापित किया

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निराकरण किए जाने हेतु जिला कलेक्टोरेट में कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर 9406275513, 9406275514 तथा 8641002203 है। इन नम्बरों पर कॉल कर निर्वाचन संबंधी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

टिंगीपुर में मुरलीधर कौशिक से 6.3 लीटर मदिरा जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त राजेश जायसवाल ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम टिंगीपुर में मुरलीधर कौशिक से 6.3 लीटर देशी मदिरा प्लेन जब्त किया गया। इसी तरह पथरिया विकासखण्ड के ग्राम डिघोरा में बहादुर जांगड़े से 6.2 लीटर कच्ची महुआ शराब और 20 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी विभाग के निरीक्षक बिसेन चंद्रवंशी सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

आईएमए ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष जगन्नाथ शिंदे के 75वें जन्म दिवस व ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त भारत देश के संपूर्ण जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन संगठन द्वारा किया जा रहा है। इस आयोजन का नाम गिनीज के में लिखा जाएगा। सभी दवा विक्रेताओं द्वारा अपना योगदान देकर औषधि विक्रेता संघ का नाम गिनीज बुक के में लिखा कर अपने संगठन की एकता का परिचय हेतु संकल्प लिया गया है। अपना एवं परिवार के सदस्य तथा इस मित्रों द्वारा रक्तदान करने का निर्णय लिया गया है। इस कड़ी में मुंगेली जिले में रक्तदान करने हेतु 24 जनवरी दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सायं 4 तक जिला चिकित्सालय मुंगेली में जिले के दवा संगठन के अलावा जिले के अन्य व्यापारी संगठन सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं से इस आयोजन के सफल बनाने हेतु अपील की गई है, रक्तदान जीवनदान है आपका एक यूनिट रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है।

नगर में यातायात की व्यवस्था दिनों-दिन बद से बदतर होते जा रही हैं

दाऊपारा एवं पड़ाव चौक में ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में यातायात की व्यवस्था दिनों-दिन बद से बदतर होते जा रही हैं। अघोषित रूप से सड़को को ही पार्किंग स्थल बना दिया जाता हैं। बस, मोटर सायकल, गाड़ियों, सायकलो को कही पर खड़ी कर देने से यह समस्या और विकराल रूप लेते जा रही हैं। स्कूल के लगने एवं छूटने समय मनचले युवको की आवाजाही से यातायात व्यवस्था कुछ समय के लिए चौपट हो जाती हैं।

शहर में इन दिनों यातायात अव्यवस्थित नजर आ रहा है। गोलबाजार में सड़को पर बेतरतीब खड़े वाहन दोपहिया एवं चार पहिया वाहन के साथ-साथ दुकानदारों के द्वारा सड़को तक अपने सामान फैलाने के चलते लोगो को

आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। दाऊपारा एवं पड़ाव चौक में ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल होते जा रही हैं। पड़ाव चौक से लेकर, पण्डरिया रोड, नया बस स्टैण्ड रोड दोपहिया, चार पहिया सहित बड़ी गाड़ियों को सड़क पर ही खड़े कर देने से नवनिर्मित सड़क पर आवागमन में लोगों को परेशानी होती हैं। अघोषित रूप से बनाए गए इस पार्किंग के कारण कभी-कभी जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती हैं। सड़को के किनारे खड़े करने वाले गाड़ियों पर यातायात पुलिस एवं पुलिस बल कोई ठोस पहल नहीं कर पा रही हैं। यही कारण हैं कि शहर की जिले का दर्जा प्राप्त कर लिया किंतु यातायात की बदहाली के दंश को दूर नहीं कर पा रहा हैं।

पड़ाव चौक से लेकर पानी टंकी तक तकरीबन 10 से 15 स्कूल संचालित होते हैं। इन स्कूलो के लगने एवं छूटने के समय यातायात व्यवस्था बड़ी विकट हो जाती हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से पालको का ध्यान इस ओर लगा रहता हैं। बड़ा बाजार स्थित नगर का एक मात्र कन्या शाला स्कूल का भी कमोबेश यही स्थिति हैं। लड़कियां जब स्कूल जाती हैं या छुट्टी के समय जब वापस लौटती हैं तो इन सड़को पर यातायात की व्यवस्था लचर साबित होती हैं। सड़को में मोटर सायकल से फर्राटे भरते नौसिखिए मनचले युवको को देखा जाता हैं। स्कूल के समय अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आने-जाने के समय सड़को पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती हैं। कुछ दिनों के लिए इन जगहो पर पुलिस की व्यवस्था की गई थीं कितु पुनरू स्थिति ज्यो की त्यो बनी हुई है। लोरमी रोड तिराहे से पड़ाव चौक पर आने वाली बाईपास मार्ग में आये दिन ट्रेफिक्र जाम की स्थिति बनी रहती है। दिन में सैकड़ो बार जाम के चलते इस मार्ग पर आवाजाही करने वाले नागरिक एवं वाहन चालक परेशान होते रहते है।

बिना भेद-भाव अथवा प्रलोभन में आये अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे

कलेक्टर ने मतदाता दिवस पर कर्मचारियों को दिलाई शपथ

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में अधिकारियों-कर्मचारियों को एक मतदाता के रूप में सजगता एवं निष्पक्षता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को अवकाश की वजह से चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शपथ का कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। सभी ने यह शपथ ली कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हैं। हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर बिना

किसी भेद-भाव अथवा प्रलोभन में आये अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, निर्वाचन कार्यालय के राधेश्याम साहू, श्रवण गभेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

फर्जी हस्ताक्षर के खिलाफ किया एफआईआर दर्ज

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर फर्जी हस्ताक्षर व दस्तावेज तैयार करने वाले के विरुद्ध बाराद्वार थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। जिला खनिज अधिकारी द्वारा कलेक्टर जिला सक्ती के पदनाम से तथा खनिज अधिकारी के पदनाम से फर्जी हस्ताक्षर अनुमति व फर्जी हस्ताक्षर आदेश व ग्राम पंचायत डूमरपारा के कार्यवाही बैठक का नकल फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाभ प्राप्त किए जाने की जानकारी कलेक्टर सक्ती को दी गई।

जिस पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला खनिज अधिकारी को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। जिसके तहत विगत दिवस शाम में बाराद्वार थाने में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। जिला खनिज अधिकारी किशोर कुमार बंजारे से प्राप्त जानकारी अनुसार अनावेदक राजकुमार कुर्रे के नाम से फर्जी तरीके से लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला सक्ती का फर्जी हस्ताक्षर अनुमति व खनिज अधिकारी का फर्जी हस्ताक्षरआदेश एवं ग्राम पंचायत डूमरपारा का कार्यवाही बैठक का नकल फर्जी दस्तावेज तैयार कर फ्लाई एस पाटने का अनुमति राजकुमार कुर्रे के नाम से जारी किया गया है। जिसके लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला खनिज अधिकारी श्री किशोर कुमार बंजारे द्वारा बाराद्वार थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

पोषण पुनर्वास केन्द्र का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में पोषण पुर्नवास केन्द्र 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजूला शर्मा एवं सिविल सर्जन डॉ. एमके राय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य मिशन गिरीश कुर्रे, परियोजना अधिकारी गजेन्द्र गेंदले व अस्पताल प्रबंधक सूरभि केशरवानी के द्वारा पोषण पूर्नवास केन्द्र का निरीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 09 बच्चे व 09 माता उपस्थित मिली मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा भोजन मेनु चार्ट व डॉक्टर ड्यूटी रोस्टर लगवाने के निर्देश दिये गये। साथ ही खाद्य सामाग्रियों का निरीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा चिकित्सकीय आहार को स्वंय चखकर देखा गया और बेहतर कार्य के लिए निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान आर.एम.ओ. डॉ. संदीप कुमार पाटिल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप जायसवाल प्रभारी, प्रभारी मेट्रन दिव्या मसीह मधुलिका सिंह व फीडींग डीमोस्ट्रेटर डायटीशियन श्रेयसी सिंह, स्टॉफ नर्स ज्योति मरावी, कुक प्रकाश यादव, अटेंडर पवन निर्मलकर उपस्थित थे।

शिशु संरक्षण माह विटामिन-ए अनुपूरक कार्यक्रम जिले में 21 फरवरी तक

मुंगेली/नवप्रदेश। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत शिशु संरक्षण माह विटामिन-ए अनुपूरक कार्यक्रम जिले में 21 फरवरी तक चलाया जाना है। पोषण पुर्नवास केन्द्र मुंगेली में इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. एमके राय सिविल सर्जन के द्वारा बच्चों को विटामिन-ए/आयरन सिरप पिलाकर किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विटामिन-ए बच्चों को देने से बाल मृत्यु में लगभग 12 प्रतिशत तक कमी लाने में सहायक होता है। विटामिन ए पिलाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है जिससे निमोनिया एवं डायरिया से होने वाली मौतों में भी कमी लाता है। विटामिन-ए बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में सहायक होता है तथा रतौंधी रोग से बचाव होता है। पालको से अपील है अपने 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को स्वास्थ्य केन्द्र/ऑगनबाड़ी केन्द्र अथवा टीकाकरण सत्र स्थल में लाकर विटामिन ए आयरन सिरप अवश्य पिलायें। सिविल सर्जन डॉ. एमके राय ने इस संबंध में बताया कि विटामिन ए सिरप निर्धारित 9 माह से 5 साल के आयु के बच्चे को निश्चित अंतराल पिलाया जाना है। आईएफए सिरप का 6 माह से 5 साल के आयु के बच्चे को एक बोतल दिया जाना है।

बच्चो को वजन लेकर ग्रोथ मानिटरिंग चार्ट पर लिया जाना है। पोषण आहार के विषय में बच्चो की आयु के अनुरूप आहार की जानकारी देना है। आंगनबाडी स्थित सत्रों में संपूरक पोषण आहार की सेवाओं को हितग्राहियो की पात्रता व पोषण तत्वों की आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध जिन सत्रो का आयोजन आंगनबाडी केन्द्रो में हो, कराना तथा अतिगंभीर कुपोषित बच्चे जो एसएमएम की श्रेणी में है, उन्हें चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रो में पोषण आहार की प्रदायगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि अभियान के दौरान जिले में 9 माह से 5 साल के आयु के 77817 बच्चों को विटामिन-ए सिरप हर 6 माह पिलाया जाना है एवं 6 माह से 5 साल के आयु के 82392 बच्चों को आयरन सिरप एक बोतल निःशुल्क दिया जायेगा। अभियान के दौरान जिले में 1458 टीकाकरण सत्र होगें।

लक्ष्मी राजवाड़े ध्वजारोहण कर लेंगी परेड की सलामी

बलरामपुर। जिले में 76वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाईन ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि लक्ष्मी राजवाड़े मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगी तथा देश के लिए शहीद हुए परिवारों को सम्मानित करेंगी। इसके साथ ही मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति होगी।

मतदाता दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

बलरामपुर/नवप्रदेश। पुलिस ग्राउंड बलरामपुर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा ने मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रभारी पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों एवं नवीन मतदाताओं को मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रख निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने

मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.एस.लाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर अमित श्रीवास्तव, सहित जिला स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व नवीन मतदाता उपस्थिति रहे। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप उक्त कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी व नवीन मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। मतदाता दिवस पर संयुक्त जिला कार्यालय सहित सभी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

अध्यक्ष व पार्षद के लिए 1 प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन गुरुवार को नगर पालिक निगम अम्बिकापुर हेतु महापौर के लिए 01 और वार्ड पार्षदों के लिए 14 नामांकन पत्र का क्रय किया गया। इस तरह अब तक महापौर के लिए कुल 02 और वार्ड पार्षदों के लिए 29 नामांकन पत्र क्रय किए गए हैं। आज दिनांक में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है। वहीं नगर पंचायत लखनपुर में आज 01 अध्यक्ष एवं 1 पार्षद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया गया है तथा आज 05 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए। अर्थात अब तक कुल 01 अध्यक्ष एवं 14 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए है। आज दिनांक तक नगर पंचायत लखनपुर में 1 अध्यक्ष एवं 2 पार्षद हेतु नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत सीतापुर में आज 5 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए, यहां अब तक कुल 07 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए हैं। नगर पंचायत सीतापुर हेतु आज दिनांक तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

प्रशिक्षण

कोई भी शंका उत्पन्न होती है, तो उसका समाधान प्रशिक्षण सत्र में ही कर लें

जनदर्शन कक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्था के साथ-साथ वहां पर नियुक्त कर्मचारियों के निष्पक्षता, सजगता और कार्यकुशलता पर ही निर्भर करता है। मतदान केंद्र के प्रमुख अधिकारी के रूप में पीठासीन अधिकारी को निर्वाचन की विधि, प्रावधान एवं मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका का गहन अध्ययन करने और पीठासीन अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान कोई भी शंका उत्पन्न होती है, तो उसका समाधान प्रशिक्षण सत्र में ही कर लें। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया को बारीकी समझें।

प्रशिक्षण में जिला स्तरीय

मास्टर ट्रेनर द्वारा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को पीठासीन अधिकारी के समस्त कर्तव्य एवं अधिकार, मतदान सामग्री की प्राप्ति, मतदान केंद्र में व्यवस्था, मतपेटी, मतदान का समय, मतगणना, मतदान दल का प्रशिक्षण, मतदान दल की नियुक्ति, मतदान केंद्र में प्रवेश, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं का प्रवेश, मतदान केंद्र के पास प्रचार पर रोक, अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव कैंप लगाया जाने पर प्रतिबंध, भारतीय दंड संहिता, आदर्श आचरण संहिता, मतदान स्थगित करने पर तत्काल की जाने वाले कार्यवाही, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतों की पुनर्गणना, मतगणना के बाद की कार्यवाहियां, मतदान उपरांत सामाग्री वापसी इत्यादि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सारिका मित्तल सहित संबंधित अधिकारी और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर राघवेन्द्र सोनी, चन्द्रशेखर उपाध्याय, संजय सोनी, मोहन उपाध्याय और के. अहमद मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस से पहले मुंगेली हुआ तिरंगामय

मुंगेली/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस में अब केवल दो दिन शेष है और बाजारों में देशभक्ति का जोश देखने लायक है। चारों ओर तिरंगा रंग में सजे कपडे, झंडे और अन्य सामान नजर आ रहे है। इस बार मुंगेली के बाजारो मे तिरंगा दुपट्टा, चुन्नी, गमछा और शर्ट जैसी चीजें लोगो को खास आकर्षित कर रही है। इस बार बाजार में तिरंगा झंडे के अलावा कई नए और फैशनेबल उत्पाद उपलब्ध है। खासकर लडकियों के लिए तिरंगा रंग में लहंगा और चुन्नी मुख्य रूप से आकर्षण बने हुए है। वहीं लडको के लिए तिरंगा शर्ट और गमछा खास लोकप्रिय हो रहा है। स्कूलो में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये छात्र-छात्राएं हेयर बैंड, बैज और अन्य तिरंगा सामानो की खरीदारी कर रहे है।युवक-युवतियां भी इस बार देशभक्ति के साथ फैशन का तडका लगा रहे है। तिरंगा शर्ट और डिजाइनर कपडों की ओर उनका रूझान बढा है। दुकानदारो ने पिछले साल स्टॉक खत्म होने की परेशानी से सबक लेते हुए इस बार पहले से ही पर्याप्त माल का इंतेजाम कर लिया है। शहरवासियों की देशभक्ति के जज्बे को और भी ऊँचा कर रहा है।

न्यूज गैलरी

बैनर पोस्टर हटाते नगर पालिका कर्मी

मुंगेली। जिले में आचार संहिता प्रभावशील होने से शासकीय-अशासकीय भवनों पर पोस्टर एवं बैनर हटाने तथा चुनावी नारे मिटाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है। यह दस्ता पोस्टर एवं बैनर हटाने तथा चुनावी नारे मिटाने का काम करेगा। जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पंचायत सरगांव, जरहागांव एवं बरेला सहित अन्य नगरीय निकायों में चुनावी नारे मिटाने के साथ ही बैनर, बिजली के खम्भों पर लगे पोस्टरों को निकालने के साथ-साथ राजनीतिक दलों के पोस्टर, बैनर तथा पार्टियों के झंडों को निकालने की कार्यवाही की गई। बता दें कि सार्वजनिक स्थल जैसे-बस स्टॉप, सड़क, पुल के किनारे सरकारी खर्च पर लगाए गए होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों के चित्र, संदेश वाले विज्ञापन, बिजली के खंभों एवं वृक्षों पर लगाए गए बैनर, पोस्टरों को आदर्श आचार संहिता लगने के 24 घंटों के भीतर शासकीय कार्यालयों, 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक कार्यालयों और 72 घंटे के भीतर निजी घरों में किये गए दीवार लेखन, राजनैतिक विज्ञापन को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

चौंका सकती है भाजपा, पुराने चेहरे पर कांग्रेस खेल सकती है दांव

मुंगेली। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आर्दश आचार संहिता लगने और चुनाव तारीख तय होने के बाद भाजपा के साथ कांग्रेस की चुनावी दावपेंच शुरू हो गई है खास बात यह है कि इस बार नगर पालिका अध्यक्ष के दावेदार सक्रिय हो गये है। जो अभी से अपनी दावेदारी पेश कर रहे है। दोनो पार्टी की चुनावी समीकरण से यह बात सामने आ गई है कि भाजपा अपने पुराने अंदाज को कायम रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष के लिये किसी नए चेहरे पर दाव खेल सकती है। वही कांग्रेसी खेमा अध्यक्ष पद के लिये के लिये अपने पुराने चेहरे पर ही दाव खेल सकती है। हालांकि चुनाव के लिये अब कम ही दिन बचे हुए हैं, ऐसे में आने वाले दो से तीन दिन के भीतर दोनो ही दिन के भीतर दोनो ही पार्टी अध्यक्ष प्रत्याशी की घोषणा कर स्थिति साफ है। भाजपा विधानसभा हो या फिर लोकसभा चुनाव, नए चेहरे पर दांव भी सही साबित हो रहा है। पार्टी अपने ही दम पर नए चेहरे को सामने लाकर उसे जीतने की हाती भर रही है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

दंतेवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने नगरीय निकाय त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2024-25 के परिप्रेक्ष्य में जिले के ग्राम बालूद, चितालूर, पोन्दुम पंचायत तथा अन्य नगरीय निकायों के मतदान केंद्रों में मतदान केन्द्र का जायजा लेते हुए मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिये मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप, रोशनी और छाया उपलब्धता और सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था की जानकारी ली।

धान खरीदी में अनियमितताओं पर कलेक्टर ने की सख्त कार्रवाई

कोरबा। खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले के 65 धान खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सभी केन्द्रों के सतत निरीक्षण एवं निगरानी के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला स्तरीय निरीक्षण दलों के द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। हाल ही में धान खरीदी केन्द्र उतरदा और कुल्हरिया के निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं। धान खरीदी केंद्र उतरदा में कुल 3684.00 क्विंटल धान (9210 बोरे) सत्यापन में कम पाया गया। 581 नए जूट बारदाने कम और 1195 पुराने बारदाने अधिक मिले। धान के सुरक्षित रखरखाव के लिए डनेज की व्यवस्था भी नहीं की गई थी। धान खरीदी केंद्र कुल्हरिया में 806.80 क्विंटल धान (2017 बोरे) कम पाया गया। इसके साथ ही कुल 8 धान स्टेक में से केवल 3 में ही सिंगल लेयर डनेज की व्यवस्था थी। इन गंभीर अनियमितताओं को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने दोनों केंद्रों के नोडल अधिकारियों और सहकारिता विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही समिति प्रबंधकों और उपार्जन केंद्र प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं कोरबा को दिए हैं। गौरतलब है कि कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि धान उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए हुआ फाइनल रिहर्सल

■ **जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में लिया हिस्सा**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेल मैदान में 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को हुई। जिसमें जवानों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मार्चपास्ट में भाग लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी और पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और वहीं मार्चपास्ट प्रस्तुत करने वाले परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों सहित छत्तीसगढ़ी गीत पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान जिला कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने मुख्य समारोह हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस मौके पर डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, एडिशनल एसपी श्री स्मृतिक राजनाला, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के.बर्मन सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

गौरतलब है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस मुख्य समारोह में वन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में सीआरपीएफ 9 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सैनिक, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन एन.सी.सी.,स्काउट व गाइड के दल आस्था विद्या मंदिर जावंगा की बैंड पार्टी के देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए

बच्चों के सुधार के लिए पहली बार देश में किशोर न्याय अधिनियम लागू

जिला सत्र न्यायालय में बच्चों के लिए लीगल सर्विस यूनिट व मनो न्याय के संबंध में कार्यशाला आयोजित

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में श्री आनंद कुमार ध्रुव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर की उपस्थिति एवं अध्यक्षता में जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर के सभाकक्ष मे बच्चों लिए लीगल सर्विस यूनिट व लीगल सर्विस यूनिट मनो-न्याय के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव, के द्वारा बताया गया कि संसार मे ईश्वर की सबसे महत्वपूर्ण कृति मनुष्य को माना गया है। धर्म शात्रो के अनुसार मनुष्य का निमार्ण उसके बाल्य अवस्था से प्रारंभ हो जाता है। बालक की सहज मुस्कान सबको अपनी ओर आकर्षित करता हैं। हम बच्चो को बोल चाल की भाषा में भगवान की संज्ञा देते है। इसलिए एक बालक की उपेक्षा संपूर्ण समाज के लिए घातक हो सकती हैं। बालक की देखभाल व संरक्षण हेतु परिवार, समाज एवं राज्य द्वारा अपने संसाधनों के माध्यम से किया जाता है, इसके बाद भी कुछ बच्चें सामाज में

ऐसे होते हैं जो इन अवसरों से वंचित रह जाते हैं जिनसे उनका व्यवहार विपरित होने लगता और कानून का उल्लंघन करते हैं। बच्चों के सुधार हेतु पहली बार देश में किशोर न्याय अधिनियम लागू किया गया इसी प्रकार वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र सभा द्वारा अनुमोदित बाल अधिकार समझौते में बालक शारिरीक तथा मानसिक रूप से अपरिपक्क होने के कारण उनके सुरक्षा एवं देखभाल की आवश्यकता पर बल दिया है। आज विश्व के सभी देशों में कुछ बच्चें अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं उनकी ओर ध्यान देने की जरूरत है। इसी प्रकार मनोरोग व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार, हिंसा और शोषण होता है, जिसके अधार पर उन्हे समाज में समानता, और सम्मान नही मिल पाता है। मनोरोग व्यक्तियों को उनके विकलांगता के आधार पर भेदभाव किए बिना किसी भी अदालत, न्यायाधिकरण, प्राधिकरण, आयोग या न्यायिक या अर्ध-न्यायिक या जांच शक्तियों वाले किसी भी अन्य निकाय तक पहुँचने के अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम होने के लिए सहायता करना है। मनोरोगी के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार अपनी मनोरोग के कारण, उन्हें उनके अधिकारों, विशेष रूप से समावेशी शिक्षा के अधिकार तक पहुँचने में भेदभाव या अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे बच्चे और उनके अभिभावक अपने अधिकारों, लाभों और हकों का लाभ गठित युनिट मनो न्याय व स्रैब् आप के माध्यम से उठा सकें। ऐसे निःशुल्क और कानूनी सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करना है, कानूनी सेवाएँ प्रदान करते समय उपयुक्त भाषा, दृश्य सहायता, समावेशी, सुलभ बुनियादी ढाँचे का उपयोग की रणनीतियाँ तैयार कर विधिक साहायता देनी होगी। साथ ही कार्यशाला मे उपस्थित श्री विपिन जैन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर के द्वारा बताया गया कि महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित होने वाले बालिका गृह जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र के बालिकाओं को रखा जाता है ये वो बालिका होती है जिनके पालक नहीं है, और जिनके पलक बालिकाओं का पालन पोषण करने में असमर्थ है। उनको बालिकाओ को बालिका गृह में रख कर उनके रहने, खाने पीने और पढ़ाई की सुविधाएं प्रदान की जाती है। साथ ही कारा ऐप के माध्यम से बच्चे लीगली गोद लेनी की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिया गया।

गणतंत्र दिवस की तैयारियों का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

■ **मंच व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश**

कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्दार्थ तिवारी ने सीएसईबी ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी तैयारियों को समय में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर पालिक निगम को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे, पीडब्ल्यूडी ईई श्री जी आर जांगडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में आज गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई है। अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान परेड निरीक्षण, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरो से परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयेजन, झांकी प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण के संबंध में पूर्वाभ्यास किया गया। मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति एवं विभागों के शासकीय योजनाओं से सम्बंधित झाँकी का प्रदर्शन किया जाएगा।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक ली

मुंगेली/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में निर्वाचन सूचना प्रकाशन 22 जनवरी, नाम निर्देशन 22 से 28 जनवरी, संविक्षा 29 जनवरी, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। नगरीय निकायों में मतदान 11 फरवरी को होगा। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन तीन चरणों में 17 फरवरी, 20 फरवरी और 23 फरवरी को सम्पन्न होगा। इनमें निर्वाचन सूचना प्रकाशन 27 जनवरी, नाम निर्देशन 27 जनवरी से 03 फरवरी, संविक्षा 04 फरवरी, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 06 फरवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए शांतिपूर्ण एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाना है, इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। ताकि पिछले बार की तरह इस बार भी शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराया जा सके।

चुनाव में कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वाले तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभा, जुलूस, रैली एवं लाउड-स्पीकर के लिए राजनैतिक दलों को सक्षम प्राधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करनी होगी। राजनीतिक दलों द्वारा मतदान के लिए प्रलोभन देना, मतदान के अधिकार में बाधा पहुंचाना, मतदाता के रूप में किसी अन्य व्यक्ति की जगह अपने आपको प्रस्तुत करना, मतदान के बारे में गलत टिप्पणी करना आचार संहिता के नियमों के विपरीत है और इसके उल्लंघन पर निर्वाचन आयोग के नियमानुसार प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिले के आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के साथ जिले के सभी मतदाताओं से मताधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उपयोग करने तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक ली

मुंगेली। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बेहतर बनाएं रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रायगढ़ नगरीय निकाय अंतर्गत विभिन्न वार्डों से पार्षद पद हेतु 14 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में 22 जनवरी से नगरीय निकायों के लिए नाम निर्देशन प्रक्रिया शुरू हो गई। जिसमें रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत पार्षद पद हेतु वार्ड क्र.9 के लिए 02 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिए। इसी तरह पार्षद पद हेतु वार्ड क्र.10 के लिए 01, वार्ड क्र. 24 के लिए 01, वार्ड क्र. 26 के लिए 02, वार्ड क्र. 29 के लिए 01, वार्ड क्र.32 के लिए 01, वार्ड क्र. 33 के लिए 01, वार्ड क्र. 42 के लिए 01, वार्ड क्र. 43 के लिए 01, वार्ड क्र. 45 के लिए 01, वार्ड क्र. 47 के लिए 01 एवं वार्ड क्र. 48 के लिए 01 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। नगर पालिका खरसिया में वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद के लिए 01, नगर पंचायत घरघोड़ा में वार्ड क्र. 6 एवं 14 में पार्षद के लिए 01-01 तथा अध्यक्ष पद के लिए 01 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया।

गांजा परिवहन करते महिला सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली। लालपुर थाना के सामने बाईक सवार महिला सहित 3 आरोपियों को गांजा परिवहन करते गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने नारकोटिक्स के विरूध्द एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरापियों से बाईक सहित 8 किलो 45 ग्राम गांजा जब्त कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर चेक पाईंट लगाकर अवैध मादक पदार्थ शराब, गांजा व अन्य नशीले पदार्था की तस्करी करने वालो पर कडी कार्यवाई की जा रही है। इस कडी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबडा एवं उप पुलिस अधीक्षक माधुरी धिरही के मार्गदर्शन में थाना लालपुर पुल चैंक के पास चेकिंग शुरू कि गई। चेकिंग के दौरान बिजराकापा की तरफसे आ रही एक तीनसवारी बाईक क्रमांक सीजी क्यू-5339 की तलाशी ली गई जिसमें 4 पैकेट में रखा कुल 8 किलो 45 ग्राम मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। पुछताछ में आरोपियों ने बिक्री करने हेतु गांजे को मुंगेली कि ओर ले जाने की बात स्वीकार की। पुछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी अजीत कुमार सिसोदिया ग्राम पीपरखुटी थाना लोरमी, दिनांश पिता जयसिंह पारधी उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 3 मारो थाना नांदगांव बेमेतरा एवं रीना शिकारी पति मनोज उम्र 35 वर्ष निवासी मटियारी थाना सीपत बिलासपुर के कब्जे से 4 पैकेट में रखा 8 किलो 45 ग्राम गांजा कीमत 81 हजार रूपए सहित परिवहन में प्रयुक्त बाईक क्रमांक सीजी 28 क्यू-5339 को जब्त कर लिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमांड पर भेजा गया।

बैठक | **ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही नामांकन दाखिल लेने के निर्देश दिए**

जिला अंत्यावसायी अंतर्गत 735 बकायादार हितग्राही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए होंगे अपात्र

■ **चुनाव लड़ने के लिए बकाया ऋण राशि जमा कर मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा**

कोरबा। जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में स्व रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर समय पर ऋण की किश्त जमा नही करने वाले जिले के लगभग 735 बकायादार हितग्राही नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। ऐसे बकायादारों को निर्वाचन लड़ने से पूर्व अन्त्यावसायी विभाग में बकाया ऋण राशि जमा करते हुए ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। कलेक्टर ने इस संबंध में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर नामांकन दाखिल के दौरान ऐसे बकायादारों का नाम मिलान करते हुए बकाया राशि जमा करने व ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही नामांकन दाखिल लेने के निर्देश दिए हैं।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कोरबा से प्रापत जानकारी अनुसार राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगार वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित कर आय संवर्धन करने हेतु कम ब्याज दर पर ऋण प्रदाय किया गया है, किन्तु अनेक हितग्राहियों द्वारा उक्त वितरित ऋण से पर्याप्त आय अर्जित करने व ऋण राशि कालातीत होने के पश्चात् भी प्रदाय ऋण राशि को जमा करने में रूचि नही ले रहे हैं। निगम मुख्यालय रायपुर द्वारा छ0ग0 शासन की गारंटी पर राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनान्तर्गत ब्याज दर पर राशि प्राप्त कर हितग्राहियों को ऋण प्रदाय की गई है। जिसे मय ब्याज सहित वापस किया जाना होता है। ऋण लेकर कई वर्षो से ऋण किशत जमा नही करने वाले 735 बकायादार हितग्राही है। इन लोगो पर विभाग द्वारा प्रदाय किये गये 6.97 करोड़ रूपये का ऋण बकाया है। इन बकायादारों को पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद आदि पदों पर चुनाव लड़ने के लिये अंत्यावसायी विभाग में बकाया ऋण राशि जमा करते हुए ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने इस संबंध मे पत्र प्रेषित कर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बकायादार हितग्राहियों द्वारा चुनाव लड़ने हेतु नामांकन दाखिल करने के लिए उपस्थित होंगे, तब उन बकायादार हितग्राहियों को बकाया राशि जमा करने के उपरान्त प्राप्त ऋण मुक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने व बकाया राशि जमा करने के बाद उनका नामांकन दाखिल किया जाएं।

विद्युत विभाग को ज्ञापन देते शहर के जनप्रतिनिधि

मुंगेली। कबीर वार्ड की बिजली की समस्या को लेकर अजय साहू ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपकर मरमत की मांग की हैं। अजय साहू ने बताया कि इमलीपारा कबीर वार्ड में दुजराम साहू के घर में लगे खंभे से सुनील साहू के घर तक लगे विद्युत खंभे तक केबल जर्जर हो चुका है व नीचे की ओर लटक रहा है जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती हैं। इससे पहले भी कई बार घटना घटित हो चुका है। लगा तार बिजली विभाग को शिकायत करने के बाद भी अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है उसको लेकर जिला विद्युत अधिकारी से शिकायत किया गया। वार्डवासियों ने शीघ्र ही मरम्मत की मांग कि हैं मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अजय साहू, ललित साहू, बलराम साहू, पूजा जांगड़े, जरीन खान, रानी भास्कर, शिवशंकर साहू, किशन यादव, परवेज खान, सागर साहू सहित अधिक संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

80 फीसदी भारतीय कंपनियों को नहीं मिल रहे कौशल वाले कर्मचारी

नई दिल्ली। मैनपावरग्रुप टैलेंट शॉर्टेज सर्वे में दावा किया गया है कि भारतीय नियोक्ता 2025 की पहली तिमाही में कौशल वाले कर्मचारियों की भर्ती को लेकर सावधानी बरत रहे हैं, क्योंकि प्रतिभा की कमी के कारण नियुक्ति प्रयासों में बाधा उत्पन्न होने की आशंका है। मांग होने के बावजूद देश के 80 फीसदी नियोक्ता कौशल वाले कर्मचारियों को ढूंढने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति 2022 से बनी हुई है और 2024 तक 74 फीसदी के वैश्विक औसत से ऊपर रही है। मैनपावरग्रुप टैलेंट शॉर्टेज सर्वे में दावा किया गया है कि भारतीय नियोक्ता 2025 की पहली तिमाही में कौशल वाले कर्मचारियों की भर्ती को लेकर सावधानी बरत रहे हैं, क्योंकि प्रतिभा की कमी के कारण नियुक्ति प्रयासों में बाधा उत्पन्न होने की आशंका है। सर्वे के मुताबिक, कोई भी क्षेत्र प्रतिभा से लैस कर्मचारियों के अभाव से अछूता नहीं है और यह कमी वैश्विक श्रम बाजार की प्रमुख चिंता बनी हुई है। आईटी, ऊर्जा और यूटिलिटी जैसे उद्योग सबसे अधिक दबाव महसूस कर रहे हैं, क्योंकि डाटा एवं आईटी जैसे विशेष कौशल की मांग लगातार बढ़ रही है। इसमें आगे कहा गया है कि सिर्फ 22 फीसदी नियोक्ता ही अस्थायी भर्ती बढ़ाने के पक्ष में हैं। दक्षिण भारत सबसे अधिक 85 फीसदी प्रतिभा की कमी से जूझ रहा है। मैनपावरग्रुप इंडिया एवं मध्य पूर्व के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, प्रतिभाओं की निरंतर कमी और 2025 तक 80 फीसदी संगठनों को पदों को भरने के लिए संघर्ष करना सामूहिक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह सर्वे देश के चार क्षेत्रों के 3,000 से अधिक नियोक्ताओं से मिले डाटा के विश्लेषण पर आधारित है।

सोना 82900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंचा

नई दिल्ली। सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 170 रुपये मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार को चांदी की कीमत 500 रुपए घटकर 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोने का भाव 170 रुपये मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। बुधवार को यह बहुमूल्य धातु 82,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 23 फरवरी, 2024 के बाद लगभग एक साल सोने की कीमतें 62,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से 20,180 रुपये या 32.17 प्रतिशत मजबूत होकर 82,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। लगातार सातवें कारोबारी सत्र में सोने में बढ़त जारी रही। इस दौरान, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 170 रुपये की तेजी के साथ 82,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। पिछले सात कारोबारी सत्रों में 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,320-2,320 रुपये का इजाफा हुआ। हालांकि, गुरुवार को चांदी की कीमत 500 रुपए घटकर 93,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। बुधवार को इसका भाव 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार, बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी का कारण आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों का मजबूत रुख है। वायदा कारोबार में गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 19 रुपये या 0.02 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,583 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। हालांकि, चांदी वायदा का भाव 422 रुपये या 0.46 प्रतिशत घटकर 91,522 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया, जबकि बुधवार को यह 91,944 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुआ था।

डिजिटल परिसंपत्ति में बिटकॉइन, डिजिटल टोकन और स्टेबलकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी होंगी शामिल

ट्रंप दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही एक बाद एक ले रहे हैं फैसले

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए आधिकारिक तौर पर अमेरिका में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के निर्माण और इसे जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया। डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी का भविष्य तय होने की उम्मीद है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही एक बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। एआई से जुड़े स्टारगेट पर 500 अरब डॉलर खर्च करने के फैसले के बाद अब ट्रंप ने अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर भी बड़ा आदेश दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े एक कार्यकारी आदेश (ईओ) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका शीर्षक है डिजिटल वित्तीय प्रौद्योगिकी में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करना। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में एक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के निर्माण और इसे जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया। इस कार्यकारी आदेश में सीबीडीसी को डिजिटल धन या मौद्रिक मूल्य का एक ऐसा रूप बताया गया है, जो केंद्रीय बैंक के लिए प्रत्यक्ष रूप से एक देनदारी है। आदेश के अनुसार , कानून की ओर से अपेक्षित सीमा को छोड़कर, एजेंसियों को अमेरिका या विदेशों में अपने अधिकार क्षेत्र में सीबीडीसी की स्थापना, जारी करने या बढ़ावा देने के लिए कोई भी कार्रवाई करने से प्रतिबंधित किया जाता है। आदेश में कहा गया है कि अमेरिका के अधिकार क्षेत्र में सीबीडीसी के निर्माण से संबंधित किसी भी एजेंसी की चल रही योजना या पहल को तुरंत समाप्त कर दिया जाएगा।

ऐसी योजनाओं या पहलों को विकसित करने या लागू करने के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। नए कार्यकारी आदेश के अनुसार, डिजिटल परिसंपत्तियों (स्टेबलकॉइन सहित) को नियंत्रित करने वाला संघीय नियामक ढांचा बनाने के लिए एक समूह का गठन होगा। यह समूह राष्ट्रीय डिजिटल परिसंपत्ति भंडार के निर्माण की संभावनाओं पर विचार करेगा। आदेश में कहा गया है, ÷कार्य समूह की रिपोर्ट में बाजार संरचना, निरीक्षण, उपभोक्ता संरक्षण और जोखिम प्रबंधन पर विचार किया जाएगा। यह समूह डिजिटल परिसंपत्ति भंडार के संभावित निर्माण और रखरखाव का मूल्यांकन करेगा और ऐसे भंडार की स्थापना के लिए मानदंड का प्रस्ताव देगा। यह क्रिप्टो भंडार वैध रूप से जब्त की गई क्रिप्टोकरेंसी से तैयार होगा। डोनाल्ड ट्रंप के नए कार्यकारी में डिजिटल परिसंपत्ति शब्द को भी परिभाषित किया गया है। आदेश के अनुसार डिजिटल परिसंपत्ति में बिटकॉइन, डिजिटल टोकन और स्टेबलकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी शामिल होंगी। उम्मीद है कि इस भंडार में बिटकॉइन शामिल होगा या इसमें सिर्फ बिटकॉइन ही होगा। पिछली गर्मियों में नैशविले में बिटकॉइन 2024 सम्मेलन में, डोनाल्ड ट्रम्प ने हैक और जब्ती से प्राप्त सरकार के पास पहले से रखे गए बिटकॉइन का उपयोग करके एक राष्ट्रीय रणनीतिक बिटकॉइन भंडार बनाने का संकल्प लिया था।

रेपो दर और स्टांप ड्यूटी कम करने की मांग

रियल एस्टेट क्षेत्र को बजट में आवश्यक सुधारों की उम्मीद

मुंबई। बजट आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और विभिन्न उद्योग अपनी मांग को पेश कर रहे हैं। इस कड़ी में रियल एस्टेट क्षेत्र ने अपनी किफायती आवास क्षेत्र में आ रही चुनौतियां को कम करने और ऐसी नीतियों की घोषणाओं पर विचार करने की मांग है।

साथ ही, बुनियादी ढांचागत विकास को आगे बढ़ाने, किफायती आवास को आसानी से ऋण उपलब्ध करवाने की भी मांग हो रही है। बजट आने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं और विभिन्न उद्योग अपनी मांग को पेश कर रहे हैं। इस कड़ी में रियल एस्टेट क्षेत्र ने अपनी किफायती आवास क्षेत्र में आ रही चुनौतियां को कम करने और ऐसी नीतियों की घोषणाओं पर विचार करने की मांग है, साथ ही बुनियादी ढांचागत विकास को आगे बढ़ाने, किफायती आवास को आसानी से ऋण उपलब्ध करवाने की मांग की है। 2024 में रियल एस्टेट क्षेत्र में एक मजबूत सुधार देखा गया, जिसमें आवासीय मांग 11 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और ऑफिस पट्टा रिकॉर्ड 53.3 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गया। शापुरजी पाल्लोनजी रियल एस्टेट के निदेशक समूह प्रमोटर वेंकटेश गोपालकृष्णन कहते हैं, बजट में मध्यम आय वर्ग के लिए टैक्स स्लैब में संशोधन करने और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों को स्थिर करने की जरूरत है। इससे निर्माण लागत में कम होगी और किफायती आवास की मांग को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय जरुरतों को देखते हुए ग्रीन हाउस को प्रोत्साहित करना और आवास नीति को और अधिक समावेशी बनाया जाए,

वहीं कारोबार को आसान करने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस को प्रोत्साहित करने से इस ओर निवेश आकर्षित होगा। साथ ही रेपो दर और स्टांप ड्यूटी को यदि कम किया जाता है तो आवास की मांग में और वृद्धि होने की संभावना है। पार्टनर पल्लाडियन पार्टनर्स लिमिटेड पीयूष रामभिया कहते हैं पिछले कुछ समय से किफायती आवास कैटेगरी को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 2019 में 38 प्रतिशत से गिरकर 18 प्रतिशत पर पहुंच गई है। 2025 के लिए हमें उम्मीद है केंद्रीय बजट आवास के लिए बुनियादी ढांचे की स्थिति, किफायती और आसानी से लोन मिलने और क्रेडिंग लिंक्ड सब्सिडी योजना को फिर से शुरू किया जाना चाहिए और बाजार की वास्तविकताओं को देखते हुए सुधारों के जरिए किफायती आवास कैटेगरी को पुनर्जीवित करने जैसे उपायो पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

कीवे इंडिया ने एक्सक्लूसिव ऑफर के साथ K300 SF लॉन्च

रायपुर। आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया (ऋद्ध) के तहत संचालित कीवे इंडिया ने अपनी लोकप्रिय च300 मोटरसाइकिल सीरीज के एक विशेष संस्करण कीवे K300 SF (स्ट्रीट फाइटर) को लॉन्च किया है। लॉन्च ऑफर के तहत पहले 100 ग्राहकोंको यह शानदार बाइक मात्र 1.69 लाख (एक्स-शोरूम) की विशेष कीमत पर उपलब्ध होगी। K300 SF, K300N का उन्नत संस्करण है और सीमित समय के लिए यह ऑफर परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल के शौकीनों के लिए इसे एक आकर्षक विकल्प बनाता है। 300ष्ठ सेगमेंट में तेजी से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच, K300 SF की यह विशेष कीमत पहले 100 ग्राहकों को प्रीमियम 300ष्ठ सेगमेंट में कदम रखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है, जिससे वे भारतीय बाजार में दूसरों से अलग दिख सकें। लॉन्च पर बोलते हुए कीवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री विकास झाबख ने कहा, कीवे K300 SF हमारी उस सोच को दर्शाती है, जिसमें हम भारतीय राइडर्स की जरूरतों के अनुसार वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्ट्स तैयार करते हैं। पहले 100 ग्राहकों के लिए विशेष कीमत पर K300 SF पेश कर, हम उन शुरुआती ग्राहकों को एक विशेष अनुभव देना चाहते हैं, जो हमारे इनोवेशन और परफॉर्मेंस के प्रति उत्साह साझा करते हैं। यह पहल K300 SF को एक मूल्यवान और आकर्षक विकल्प बनाती है। हमें पूरा विश्वास है कि यह मोटरसाइक्लिंग के शौकीनों को खूब पसंद आएगी। K300 SF एक स्पोर्टी डिजाइन और बेहतरीन प्रदर्शन का बेहतरीन मेल है, जो एक अद्वितीय राइडिंग अनुभव का वादा करती है। इसके नए नाम, अत्याधुनिक फीचर्स और विशेष कीमत के साथ, यह उन राइडर्स के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है, जो अपने राइड में एडवेंचर और अलग पहचान चाहते हैं। K300 SF की प्रमुख विशेषताएं- इंजन पावर 292.4ष्, लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर, 4-स्ट्रोक इंजन जो शानदार परफॉर्मेंस देता है। शार्प स्ब्ध्ह हेडलैंप, स्टाइलिश फ्यूल टैंक, और एर्गोनोमिक सीटिंग के साथ स्पोर्टी और आक्रामक स्ट्रीटफाइटर डिज़ाइन।ब्रेकिंग सिस्टम डुअल-चैनल ब्क्र और डिस्क ब्रेक्स से लैस, जो बेहतर सुरक्षा और ब्रेकिंग पावर प्रदान करते हैं।

विवाहित महिलाओं से काम पर घिरा फॉक्सकॉन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने जांच में विफल रहने पर श्रम अधिकारियों को फटकार लगाई और मामलों की नए सिरे से संपूर्ण जांच चार सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एपल की प्रमुख निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन पर काम को लेकर विवाहित महिलाओं से चल रहे भेदभाव मामले की कड़ी आलोचन की है। साथ ही, जांच में विफल रहने पर श्रम अधिकारियों को फटकार लगाई और मामलों की नए सिरे से संपूर्ण जांच चार सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है। जांच दस्तावेज से पता चला कि फॉक्सकॉन ने अपने तमिलनाडु प्लांट में आईफोन असेंबली के कामों से विवाहित महिलाओं को दूर रखा था। लेकिन, उच्च उत्पादन अवधि में प्रतिबंधों में ढील देकर इन्हीं विवाहित महिलाओं से असेंबली का काम कराया। इसके बाद एनएचआरसी ने जून, 2024 ने केंद्र और तमिलनाडु सरकार के श्रम अधिकारियों को फॉक्सकॉन की इन प्रथाओं की जांच का आदेश दिया था। श्रम अधिकारियों ने जांच के लिए जुलाई में फॉक्सकॉन प्लांट का दौरा किया था, लेकिन जांच निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने भी तमिलनाडु श्रम विभाग से मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी मांगी थी। एनएचआरसी ने इस आरोप पर भी संज्ञान लिया कि कंपनी सांस्कृतिक मुद्दों और सामाजिक दबाव के कारण विवाहित महिलाओं को काम पर नहीं रखती है। एनएचआरसी की कार्रवाई मीडिया रिपोर्टों के खुलासे के बाद आई है। खबरों में दावा किया गया था कि कंपनी में नौकरी चाहने वालों से जनवरी 2023 और इस साल मई के बीच संपर्क किया गया था। उन्होंने खुलासा किया कि केवल अविवाहित महिलाएं ही कंपनी की असेंबली लाइन पर नौकरियों के लिए पात्र थीं, जबकि कंपनी के विज्ञापनों में ऐसी किसी भी नीति का कोई उल्लेख नहीं था।

रूसी तेल आयात पर पाबंदी का भारतीय आपूर्ति पर दिखने लगा असर

नई दिल्ली। बीपीसीएल के निदेशक (वित्त) वी रामकृष्ण गुप्ता ने बृहस्पतिवार को विश्लेषकों से बातचीत में कहा, पिछले दो महीनों में जनवरी और फरवरी के लिए रूसी तेल की बुकिंग की गई थी, लेकिन मार्च की आपूर्ति के लिए पर्याप्त कार्गो नहीं मिल पा रहा है। रूस के तेल क्षेत्र पर लगाए गए व्यापक अमेरिकी प्रतिबंधों ने भारत में कच्चे तेल के प्रवाह को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने कहा, मार्च की आपूर्ति के लिए पर्याप्त कार्गो उपलब्ध नहीं हैं। अमेरिका ने 10 जनवरी को रूसी ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इन प्रतिबंधों की घोषणा ऐसे समय में की गई, जब भारत की तेल रिफाइनिंग

कंपनियां मार्च के कार्गो के लिए बातचीत शुरू कर रही थीं। बीपीसीएल के निदेशक (वित्त) वी रामकृष्ण गुप्ता ने बृहस्पतिवार को विश्लेषकों से बातचीत में कहा, पिछले दो महीनों में जनवरी और फरवरी के लिए रूसी तेल की बुकिंग की गई थी, लेकिन मार्च की आपूर्ति के लिए पर्याप्त कार्गो नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा, क्रूड आपूर्ति में रूसी तेल की हिस्सेदारी अक्तूबर-दिसंबर तिमाही के 31 फीसदी से घटकर मार्च तिमाही में 20 फीसदी पर आ सकती है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर प्रतिबंध के बीच भारतीय कंपनियों ने सस्ते दाम पर उपलब्ध रूसी तेल का बड़े पैमाने पर आयात शुरू कर दिया था।

खेल

डरबन सुपरजायंट्स ने पार्ल रॉयल्स को 5 विकेट से हराया

15 गेंद शेष रहते टारगेट हासिल किया; हरमन-बुरेन के बीच 59 रन की साझेदारी

खेल डेस्क। साउथ अफ्रीका की क्रिकेट लीग ज्20 के तीसरे सीजन के 18वें मैच में पार्ल रॉयल्स ने डरबन सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हरा दिया। टीम पॉइंट टेबल में टॉप पर बरकरार है। गुरुवार को डरबन में खेले गए मैच में डरबन सुपर जॉयंट्स ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए। वहीं, 143 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी पार्ल रॉयल्स ने 15 बॉल शेष रहते हुए 146 रन बना कर 5 विकेट से जीत दर्ज की। डी कॉक और मैथ्यू ब्रीट्जके ने डरबन को अच्छी शुरुआत दी क्विंटन डी कॉक और मैथ्यू ब्रीट्जके ने डरबन सुपर जायंट्स को अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी हुई। पार्ल

रॉयल्स को पहली सफलता 8.5 ओवर में ब्योर्न फोर्टुइन ने अपने ही गेंद पर कैच पकड़ कर दिलाया। मैथ्यू ने 29 गेंदों का सामना कर 25 रन बनाए। मैथ्यू के बाद डी कॉक भी जल्दी आउट हो गए। रॉयल्स को दूसरी सफलता 73 रन पर मिली। कॉक ने मुजीबुर रहमान की गेंद पर कैच आउट हो गए। उन्होंने 30 गेंदों का सामना कर 43 रन बनाए। इनके अलावा वियान मुडलर ने 24 और जॉन-जॉन ट्रेवर स्मट्स ने 32 रन बनाए। मुजीब उर रहमान रहे डरबन रॉयल्स के सफल गेंदबाज मुजीब उर रहमान पार्ल रॉयल्स के सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं ईशान मलिंगा, जो रूट और ब्योर्न फोर्टुइन को एक-एक विकेट मिला। 15 गेंद शेष रहते पार्ल रॉयल्स ने 143 रन का टारगेट को हासिल किया 143 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पार्ल रॉयल्स खराब शुरुआत के बाद भी 15 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट पर 146 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया। रॉयल्स को पहले ओवर की 5वीं गेंद पर पहला झटका लगा। ओपनर जो रूट बिना कोई रन बनाए 9 रन के स्कोर पर आउट हो गए। वहीं 25 रन के स्कोर पर दूसरे ओपनर लुआन-ड्रे प्रीटोरियस भी आउट हो गए। उन्होंने 13 गेंद का सामना कर 25 रन बनाए। प्रीटोरियस के जाने के बाद रुबिन हरमन और मिशेल वान बुरेन ने पारी को संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों पर 52 रनों की साझेदारी हुई। हरमन ने 22 गेंदों पर 44 रन बनाए। वहीं 5वें विकेट के लिए डेविड मिलर और मिशेल वान बुरेन के बीच 52 गेंदों पर 59 रन की साझेदारी हुई। बुरेन ने 41 गेंदों का सामना कर 41 रन बनाए, जबकि मिलर 21 गेंदों पर 24 रन बना कर नाबाद रहे।

रोहित शर्मा ने जिसे टीम से निकाला, उसी ने बचाई इज्जत, 100 रन भी नहीं बना पाती मुंबई

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे विश्व कप के बाद एक ऑलराउंडर को टीम इंडिया से ड्रॉप कर दिया था. किसी भी खिलाड़ी को सेलेक्ट करने यटा ड्रॉप करने में कप्तान की अहम भूमिका होती है. इसलिए इस ऑलराउंडर को टीम से बाहर करने में कप्तान रोहित शर्मा की रजामंदी भी निश्चित रुप से रही होगी. टेस्ट में अच्छे रिकॉर्ड के बाद भी रोहित ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए इस खिलाड़ी को मौका नहीं दिया था. अब इसी खिलाड़ी ने रोहित के टीम का सम्मान रणजी ट्रॉफी में बचाया है।

रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण शुरु हो चुका है. मुंबई का मुकाबला जम्मू कश्मीर के खिलाफ है. टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने 47 पर 7 विकेट गंवा दिए थे. ऐसा लग रहा था कि टीम मुश्किल से 60-65 रन बना सकेगी. लेकिन 8 वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने 51 रन

की पारी खेल टीम को 120 तक पहुचाया. अगर शार्दुल का अर्धशतक नहीं आता तो मुंबई की स्थिति और भी शर्मनाक होती।

रणजी ट्रॉफी खेल अपना फॉर्म सुधारने चले मुंबई के रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर बुरी तरह फ्लॉप रहे. रोहित 3 रन जायसवाल 4, रहाणे 12, श्रेयस 11 और दुबे 0 पर आउट हो गए. कश्मीर के लिए उमर नजीर मीर ने 4, युदवीर सिंह ने 4 जबकि आकिब नबी ने 2 विकेट लिए शार्दुल ठाकुर बेशक टी 20 के खिलाड़ी नहीं हैं लेकिन वनडे और टेस्ट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है. टेस्ट में खासकर विदेशों में वे बतौर बल्लेबाज और गेंदबाज काफी सफल रहे हैं. इसके बाद भी न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई. 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट सीरीज में जीत में बड़ी भूमिका निभाने वाले शार्दुल अगर हाल में संपन्न ऑस्ट्रेलिया सीरीज में टीम का हिस्सा होते तो परिणाम बेहतर हो सकता था. शार्दुल 11 टेस्ट में 31 विकेट लेने के अलावा 4 अर्धशतक की मदद से 331 रन बना चुके हैं।

संक्षिप्त खबरें..

सरायपाली बस हादसा : सीएम साय ने बच्ची की मौत पर जताया दुख

रायपुर/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के सरायपाली में यात्री बस और ट्रक के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्ची की मौत और 43 लोगों के घायल होने की खबर पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, यह घटना अत्यंत दुखद है। घायलों का इलाज जारी है। प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। सीएम साय ने कहा, ईश्वर से दिवंगत बच्ची की आत्मा की शांति एवं उनके शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायलों के जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। मिली जानकारी के अनुसार, बस दुर्ग से पुरी जा रही थी। रास्ते में सुबह करीबन चार बजे सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर से करीब 200 मीटर की दूरी पर खड़े ट्रक से बस जा भिड़ी। दुर्घटना के तुरंत बाद यात्रियों की चीख-पुकार शुरू हो गई। इस हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।

परेड की फाइनल रिहर्सल के दौरान जवान घायल

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस परेड की फ़ाइनल रिहर्सल पर अश्वारोही दल का एक जवान अचाानक घोड़े के उपर से गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। करतब दिखाते समय अचानक बैलेंस बिगड़ा और जवान नीचे गिर गया। और फिर उठ नहीं पाया। गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का लाइव प्रसारण किया जाता है। इसका लाइव प्रसारण टीवी पर दूरदर्शन पर होता है। जबकि ऐसे ही आप इसका लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी देख सकते हैं। यहां पर आप 26 जनवरी को होने वाली परेड बिल्कुल लाइव नजर आने वाली है। परेड सुबह 10130 बजे से शुरू हो जाएगी। ऑल इंडिया रेडिया पर भी इसका लाइव प्रसारण होगा। लैपटॉप, मोबाइल फोन पर भी आप इसे देख सकते हैं। यानी किसी भी डिवाइस में स्ट्रीमिंग कर सकते हैं।

हार्ट अटैक से हिंदी के प्रोफेसर हेमंत सिंह कवर की हुई मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के धरमपुरा में रहने वाले डॉक्टर हेमंत सिंह कवर की शुक्रवार की सुबह अचानक से हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही कॉलेज परिवार हॉस्पिटल आ पहुंचा। लेकिन उपचार से पहले ही उनकी मौत हो गई, इस घटना से कॉलेज के साथ ही परिवार में मातम छा गया। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकाज लाया गया। मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि पीजी कॉलेज में चार साल पहले डॉक्टर हेमंत सिंह कवर ने हिंदी प्रोफेसर के रूप में अपनी पदस्थापना हुई थी। आज सुबह अचानक से उनके सीने में दर्द होने के कारण परिवार के लोग उन्हें बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार से पहले ही उनकी मौत हो गई। डॉक्टर कवर की मौत की सूचना मिलते ही कॉलेज के आला अधिकारियों से लेकर स्टाफ अस्पताल आ पहुंचे।

पॉवर कंपनी में नेत्र एवं चर्म रोग शिविर संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया स्थित औषधालय में रायपुर नेत्र चिकित्सालय एवं मिश्राज हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र एवं चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ निलेश सिंह व डॉ इंदु साहू के नेतृत्व में शिविर संपन्न हुआ। जिसमें लगभन 110 से अधिक रोगी लाभान्वित हुए। डॉ सिंह ने बताया कि डॉ मिश्राज हॉस्पिटल नयापारा फूलचैक रायपुर के अंतर्गत नेत्र,दांत,बाल चिकित्सा,कान-नाक-गला ,चर्म और बालों के रोग के डॉक्टरों की विशेष टीम है। यहां सर्वसुविधायुक्त सभी आधुनिक तकनीकी की मशीनें उपलब्ध हैं।यह चिकित्सालय पॉवर कंपनीज में सूचीबद्ध है। जिसकी सुविधा पॉवर कंपनी के अधिकारी - कर्मचारी ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में यह दूसरा बड़ा शिविर था और पहली बार चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया।

अबूझमाड़ के नक्सलियों के लिए पुलिस ने जारी की नई सरेंडर पॉलिसी

नक्सल मुक्ति की नई पॉलिसी, झाड़ी दिखाओ नक्सल दंश से मुक्ति पाओ

नारायणपुर/नवप्रदेश। लाल आतंक के खिलाफ बस्तर में जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान नारायणपुर पुलिस की ओर से सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए नई पॉलिसी शुरू की गई है। जिसके तहत कैंप के सामने खड़े होकर पेड़ की झाडि़यों को दिखाने वालों को यह समझा जाएगा कि वह अबूझमाड़ के विकास के लिए नक्सलियों की बंदिशों को छोड़कर मुख्यधारा में जुडऩा चाहता हैं। जिसे नक्सल पुनर्वास नीति के तहत सरकार की योजनाओं से जोड़कर माड़ के विकास और बेहतरी के लिए मुख्यधारा में लौटाया जाएगा।

नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि, हाल ही के दिनों में हार्डकोर नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद उनसे हुई इन्वेस्टिगेशन में एक बात हाईलाइट हुई कि अबूझमाड़ में सक्रिय बहुत सारे नक्सली सरेंडर करना चाहते हैं। लेकिन, वे खुलकर एक दूसरे से नहीं बोल पा रहे हैं। नक्सल पंथ छोड़कर आने वाले नक्सलियों की बातों को सुनने के बाद सरेंडर पॉलिसी को सरल और सुगम बनाया गया हैं।

उन्होंने बताया कि अबूझमाड़ प्रकृति का एक प्रतीक है कोई भी प्राकृतिक संकेत दिखाकर आत्मसमर्पण आसानी से किया जा सकता है। नारायणपुर पुलिस की ओर से सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए एक सिंबल बनाया गया है। जिसके तहत कैंप के पास आकर पेड़ की झाड़ी दिखाने वाले को यह समझ जाएगा कि वह मुख्यधारा में जुडऩा चाहते हैं। पुलिस कप्तान प्रभात कुमार के मुताबिक जिले के सभी पुलिस थाना और कैंप के अधिकारियों को ब्रीफ कर दिया गया है जिसके तहत थाना के सामने खड़े होकर झाडि़यां दिखाने पर पुलिस यह समझेगी कि वह मुख्य धारा से भटके हुए लोग अब सरकार के साथ जुड़कर समाज का हिस्सा बनने आ रहे हैं।

नक्सलियों ने किया सरेंडर

नक्सलवाद के अंतिम दौर की लड़ाई के बीच अति संवेदनशील नारायणपुर जिले के कुतुल एरिया कमेटी के इंटेलीजेंस प्रभारी समेत आठ नक्सलियों ने पेड़ की टहनियों को दिखाकर पुलिस के सामने सरेंडर किया हैं। नारायणपुर पुलिस द्वारा चलाएं जा रहे आत्मसमर्पण नीति 'माड़ बचाओ अभियान' से प्रभावित होकर माओवादी संगठन के दिलीप ध्रुवा, सुधराम पोयाम, सुकली तिम्मा, सोनी कोर्राम सहित 4 माओवादियों अमृता नुरेटी व घस्सी पोडि़याम,मंगलु कश्यप, सुदनी वड़दा ने नक्सली पंथ से तौबा कर मुख्यधारा में लौट आए हैं।

हिंसा छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ें

पुलिस अधिकारियों के द्वारा अबूझमाड़ के नक्सलियों से अपील करते हुए कहा गया है कि हिंसा को छोड़कर मुख्यधारा में जुड़े और माड़ के विकास और बेहतरी के लिए सरेंडर करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मांगों को सरकार के सामने रखें जिसे सरकार जरूर अपनाएगी। दीगर प्रदेशों के नक्सलियों के बहकावे में आए स्थानीय आदिवासी युवकों को आत्म समर्पण करने के लिए भरोसा दिलाया गया हैं।

मेयर-पार्षद पद की टिकट के लिए दिग्गजों में कश्मकश

कांग्रेस-भाजपा की वीरांगनाओं को लिए पति कर रहे तगड़ी फिल्डिंग

गोटी फिट नहीं हुई तो दिल्ली से टिकट लेने की चर्चा

रायपुर /नवप्रदेश। अंदर ही अंदर दावेदारों की खिचड़ी पकने की खबर ने कांग्रेस से जहां दिग्गज नेता की पत्नी को टिकट दिया जा सकता है। वहीं, बीजेपी में दो की लड़ाई का फायदा तीसरे वर्ग को मिल सकता है। हालांकि, किसकी दावेदारी चयनकर्ताओं को प्रभावित करती है, इसका राजफाश 26 तक होने की संभावना है। वहीं, पार्षद के दावेदार प्रत्याशियों ने दोहरी दावेदारी शुरू कर दी है। वार्ड के आरक्षित होने के कारण वे स्वयं दूसरे वार्ड से दावेदारी कर रहे हैं। जहां वार्ड महिला आरक्षित हुआ है वहां घर की महिला सदस्य के लिए टिकट मांग रहे हैं। कुछ ने तो मेयर के लिए भी अपनी पत्नी का नाम आगे बढ़ा दिया है।

दिल्ली तक रेस लगा रहे हैं नेता

महापौर पद के लिए कुछ दिग्गज नेता दिल्ली तक रेस शुरू कर चुके हैं। चर्चा है कि प्रदेश कमेटी के पास जब उनकी गोटी फिट होते दिखाई नहीं दी तो उन्होंने दिल्ली से टिकट लेकर आने की ठान ली है। नगर निगम के 70 वार्डों में पहचान के साथ नाम स्थापित करने वाले व्यक्ति को टिकट देने के पक्ष में कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सुझाव दे रहे हैं। मगर, पहुंच लगाकर टिकट लेने की पूरी कोशिश की जा रही है। वहीं, जिन्हें टिकट मिलने की पूरी उम्मीद है, वे भी दक्षिण के उपचुनाव में हुए फैसले के बाद कुछ भी होने की संभावना जता रहे हैं।

निर्दलियों ने शुरू किया प्रचार

निर्दलीय चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों ने अपना प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। प्रत्याशियों की माने तो उनके लिए टिकट मिलने व संगठन का सहयोग मिलने वाला ऐसा कोई सीन तो है या नहीं।

इसलिए उन्होंने अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। इन दिनों घर-घर जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। फरवरी से बैनर पोस्टर और गाडिय़ों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा। बड़ी बात तो यह है कि निर्दलीय महापौर की जगह पार्षद पद से लडऩे में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

दावेदार भी उतरेंगे निर्दलीय

शहर में अपनी जमीन तैयार करने वाले दिग्गजों की माने तो निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं। क्योंकि कांग्रेस और बीजेपी से टिकट दो ही प्रत्याशियों को मिलने वाला है। वहीं, दावेदार 25 से ऊपर हैं। ऐसे में कुछ दिग्गजों का कहना है कि हमें टिकट मिलना तो शत-प्रतिशत तय है।

यदि कहीं गुणा गणित बिगड़ा तो वे निर्दलीय मैदान पर उतरेंगे। उनका कहना है कि पार्टी के लिए उन्होंने पांच साल तक काम किया है। उन्हें फिर अगला मौका पांच साल के बाद ही मिलेगा। इसलिए अपनी किस्मत आजमाने से वे पीछे नहीं हटेंगे।

छत्तीसगढ़ में चार डिग्री तक गिरेगा रात का पारा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट होने वाली है। इसके बाद रात के पारा में आगामी चार दिनों तक कोई विशेष बदलाव नहीं होगी। इस बीच रात के समय हल्की ठंड बढ़ सकती है। वहीं अधिकतम तापमान बढऩे से दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है। दूसरी ओर सरगुजा संभाग में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। यहां दिन और रात दोनों में तापमान में बढ़ोतरी हुई और ठंड ? कम हो गई थी। आज शुक्रवार को प्रदेश मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही आगामी चार दिनों तक मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर: मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इससे न्यूनतम तापमान भी लगातार ऊपर नीचे हो रहा है। दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि प्रदेश के उत्तर और मध्य भागों में अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगी। इसके बाद न्यूनतम तापमान में दी से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है। दूसरी ओर दक्षिण भागों में अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। यानी की मौसम ऐसे ही बने रहेगी। छत्तीसगढ़ में इन दिनों तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। एक बार फिर न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है। इससे एक बार रात में ठंड बढ़ सकती है। वहीं अधिकतम तापमान बढऩे से दिन में हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। अब रात के समय में ज्यादा ठंड नहीं है। आगामी कुछ दिनों तक मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है। प्रदेश में अब उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन होने की संभावना है। इससे मौसम शुष्क रहेगा। मौसम शुष्क रहने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी।

भूपेश बघेल को सता रहा निकाय चुनाव हारने का डर: गृहमंत्री शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। जिसके बाद अब प्रदेश में सियासी घमासान मचा हुआ है। इसी बीच इसी बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ईवीएम को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। जिसके बाद बीजेपी ने पूर्व सीएम बघेल पर हमला बोला है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को हारने का डर सता रहा है, इसलिए ईवीएम पर बात कर रहे हैं। महाराष्ट्र में चुनाव हारे तो धरना दिए और नए कपड़े पहनकर झारखंड में शपथ लिए। मंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की दो-दो बात समझ नहीं आती। इससे पहले कैबिनेट मंत्री रमविचार नेताम ने भी बड़ा पलटवार किया। मंत्री नेताम ने कहा कि 5 साल कांग्रेस के नेता विक्षिप्त हो जाएंगे। रात-दिन ईवीएमपर राग-अलाप कर विक्षिप्त हो रहे हैं। राज्य सरकार का काम देख भी विक्षिप्त हो रहे है। कांग्रेस को वर्तमान स्थिति में जीना चाहिए।

सरकार ने राम वन गमन पथ निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनाई कमिटी

रायपुर/नवप्रदेश। साप्रवि ने राम वन गमन। पथ निर्माण की जांच के लिए सोशल आडिट कमेटी का गठन किया है। कांग्रेस शासन काल में हुए इस निर्माण की गड़बड़ी को भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया था। एक वर्ष पहले बजट सत्र में दिए आश्वासन पर अब अगले सत्र के पहले सरकार ने यह कमेटी बनाई है।इसमें अध्यक्ष विधायक अजय चंद्राकर समेत 7 सदस्य शामिल किए गए हैं। इनमें तीन पुरातत्ववेत्ता भी हैं।

निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

उपलब्धि | *तोड़े कई नेशनल और इंटरनेशनल रिकॉड्र्स*

इरजा ने एक साल की उम्र में किया बड़ा कमाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर की एक नन्ही सी बच्ची ने अपनी कम उम्र में ऐसी मिसाल पेश की है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। व्यापार विहार स्थित नगर निगम कॉलोनी में रहने वाली एक वर्षीय इरजा कुरैशी ने न केवल शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया, बल्कि अपने अद्भुत कौशल और परिश्रम से कई नेशनल और इंटरनेशनल रिकॉड्र्स भी अपने नाम किए हैं। इरजा ने एक साल की उम्र में 42 से अधिक सरकारी प्रमाणपत्र और 102 जंपिंग के रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। दरअसल, महाराणा प्रताप चौक के पास रहने वाले आर्किटेक्ट पिता अलफरहान और माता स्वालेहा कुरैशी ने बताया कि अपनी एक वर्षीय बेटी इरजा कुरैशी को शासन की कमोबेश सभी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया है। कम उम्र में बच्चों को जो योजनाएं शासन की ओर से दी जा रही हैं लगभग सभी की सभी का इस परिवार ने लाभ लेकर जागरूक परिवार होने का प्रमाण दिया है। आधार कार्ड से लेकर जन्म प्रमाण पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, पासपोर्ट, आंगनबाड़ी योजना, पेन कार्ड जैसे लगभग 42 प्रकार के प्रमाणपत्र की यह बच्ची धारक है। जंपिंग के मामले में भी उसने रिकॉर्ड कायम किया है, 1 मिनट में 102 बार जंपिंग कर बच्ची ने पिछले 72 बार के जंपिंग का रिकॉर्ड तोड़ा है। इरजा के नाम पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, वल्र्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड, वल्र्ड रिकॉर्ड आफ इंडिया, कलाम वल्र्ड रिकॉर्ड इंटरनल, बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड,चेतन बुक ऑफ़ वल्र्ड रिकॉर्ड,इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, किंग बुक ऑफ़ वल्र्ड रिकॉर्ड, एक्सक्लूसिव वल्र्ड रिकॉर्ड जैसे तमाम रिकॉर्ड पर इसका नाम दर्ज है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654